

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 201 | गुरुवार, 3 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, सप्तमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


देश दुनिया

## पाकिस्तान में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में करीब एक सदी पुराने हिंदू मंदिर को गिराए जाने पर भारत ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। मामला पाकिस्तान के नरोवाल जिले के सिराज गांव का है। भारत ने मंदिर को कथित तौर पर गिराए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने इसे अल्पसंख्यक समुदाय के पूजा स्थल के खिलाफ तोड़फोड़ बताया है। साथ ही पाकिस्तान सरकार से पूरे मामले की तत्काल और पारदर्शी जांच कराने को कहा है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह मंदिर करीब 100 साल पुराना था। मंदिर को कथित तौर पर नष्ट किए जाने की खबरें सामने आने के बाद भारत ने इस पर गंभीर चिंता जताई है। हालांकि, विदेश मंत्रालय के बयान में घटना से जुड़ी विस्तृत परिस्थितियों का कोई और ब्योरा नहीं दिया गया है।

## शिक्षकों के लिए विशेष टीईटी की कार्ययोजना जारी

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश में कार्यरत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) कराने की कार्ययोजना जारी कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया है। इसी के तहत विशेष टीईटी आयोजित कराने की तैयारी शुरू हो गई है।

विशेष टीईटी 150 अंकों की होगी। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। कार्यरत शिक्षकों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा में शामिल होना होगा। परीक्षा की तिथि, आवेदन प्रक्रिया और अन्य विस्तृत दिशा-निर्देश संबंधित विभाग की ओर से जारी किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को लेकर विभाग ने विशेष परीक्षा की कार्ययोजना तैयार की है। इसका उद्देश्य पात्रता मानकों को पूरा कराने के साथ शिक्षकों की योग्यता का आकलन करना है।

## अतरौली के 'भीष्म पितामह' अनवार खान का निधन

**एजेंसी न्यूज**

**अतरौली (अलीगढ़)।** यूपी के अलीगढ़ स्थित अतरौली की सियासत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले पूर्व विधायक राज्यमंत्री डॉ. अनवार खान का 89 वर्ष की आयु में मंगलवार देर रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे अतरौली क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर पुत्र शाकिब अनवार और नवेद अनवार को ढांढस बंधाने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। समर्थकों, नेताओं और आम जनता का तांता लगा हुआ है। पाली रोड स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपर्द ए खाक किया गया।

डॉ. अनवार खान ने देश की राजनीति को पहले आम चुनाव की सादगी से लेकर गाड़ियों के काफिलों वाली मौजूदा सियासत तक अपनी आंखों से देखा था। अतरौली उनकी कर्मस्थली रही, जो प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह का गढ़ माना जाता है। उसी गढ़ में कल्याण सिंह को हराकर इतिहास रचने वाले नेता के रूप में उन्हें याद किया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट : देश की सीमाओं पर सर्वोच्च बलिदान दे रहे हैं सीएपीएफ अफसर

## उन्हें अलग नहीं माना जा सकता'

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के कैडर अफसरों के 'संगठित समूह 'ए' सेवा' (ओजीएएस) मामले में अवमानना केस की सुनवाई करते हुए कहा, 'यह मानना गलत है कि सीएपीएफ में नेतृत्व करने के लिए सक्षम अधिकारी नहीं हैं। सीएपीएफ अधिकारी देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, सर्वोच्च बलिदान दे रहे हैं। उनके पास 30 साल का अनुभव है, ऐसे में उन्हें अलग नहीं माना जा सकता। सरकार की तरह न्यायपालिका को भी उनकी चिंता है। कैडर अफसरों के मामले को लेकर सर्विस रूल्स में क्या बदलाव किया गया है, पूरा रोडमैप क्या है। 23 मई 2025 का फैसला लागू करने के लिए सरकार ने अभी तक क्या किया है। इस बाबत केंद्रीय गृह सचिव से दो सप्ताह में जवाब मांगा गया है। सर्वोच्च अदालत ने संकेत दिया है कि अब इस मामले निगरानी वह खुद करेगा।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 23 मई 2025 में संजय प्रकाश एवं अन्य बनाम भारत सरकार, मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय दिया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने सीएपीएफ के ग्रुप 'ए' कार्यपालक संवर्ग को 'संगठित ग्रुप 'ए' सेवा' (ओजीएएस) घोषित करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे। उनमें आईजी स्तर तक आईपीएस की प्रतिनियुक्ति में चरणबद्ध तरीके से कमी लाना, सीएपीएफ में नियमित कैडर समीक्षा करना, नए सेवा नियमों का निर्माण तथा नॉन-फंक्शनल फाइनेंशियल अपग्रेडेशन (एनएफएफयू) लागू कर दीर्घकालीन पदोन्नति ठहराव को दूर करना शामिल था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सभी सीएपीएफ (सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी) में 'एसएजी' ग्रेड तक दो साल के भीतर आईपीएस प्रतिनियुक्ति को धीरे-धीरे कम किया जाए, लेकिन उक्त पदों पर आईपीएस की संख्या बढ़ती चली गई। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के खिलाफ सरकार ने संसद में 'सीएपीएफ (सामान्य प्रशासन) अधिनियम, 2026' पारित करा दिया।




सर्वोच्च अदालत के फैसले पर तय अवधि में जब सरकार ने कुछ नहीं किया तो दिसंबर 2025 में रिटायर्ड कैडर अधिकारियों द्वारा केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई। केस की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च अदालत ने सीएपीएफ अधिकारियों की खुलकर तारीफ की है। सुप्रीम कोर्ट ने गृह सचिव से पूछा है कि एसएजी तक प्रतिनियुक्ति के पद कम करने के आदेश पर अब तक क्या किया गया है। कितने पद कम हुए हैं। सेवा नियमों में कोई बदलाव किया गया है, इसका पूरा रोडमैप बताया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि वह अपने फैसले के पालन की खुद मॉनिटरिंग करेगा।

# अयोध्या में राम मंदिर प्रशासन का बड़ा बदलाव

## एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा बने पहले सीईओ, स्वामी गोविंददेव गिरि को महामंत्री की जिम्मेदारी

**एजेंसी न्यूज**

**अयोध्या।** राम मंदिर प्रशासन में बड़ा बदलाव हुआ है। रिटायर्ड एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को उएड नियुक्त किया गया है। स्वामी गोविंददेव गिरि महामंत्री और महेश भागचंदका कोषाध्यक्ष होंगे। तीन नए न्यासी भी बनाए गए हैं। बैठक में चढ़ावे की नकदी की गिनती में तकनीक के इस्तेमाल, SIT जांच और वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक लेखों पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

डिजिटल डेस्क, अमृत विचार श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में राम मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त उपाध्यक्ष एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को मंदिर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, स्वामी गोविंददेव गिरि को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही न्यास में रिक्त तीन पदों पर महेश भागचंदका, मदन मोहन पांडे और डॉ. निर्मला यादव को नया न्यासी नियुक्त किया गया है।

उएड के चयन के लिए गठित समिति की अनुशंसा पर विचार के बाद ट्रस्ट ने एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा की नियुक्ति को मंजूरी दी। ट्रस्ट के अनुसार, मिश्रा ने भारतीय वायुसेना में करीब 39 वर्षों तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारियां निभाईं। उन्हें सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। ट्रस्ट ने कहा कि पिछले वर्ष हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का संचालन भी उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुआ था।

उम्मीद है कि जितेंद्र मिश्रा जल्द ही CEO का कार्यभार संभालेंगे।



राम मंदिर में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या के बीच उनके सामने मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की चुनौती होगी। मंदिर प्रबंधन, सुरक्षा, कर्मचारियों की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाएं और विभिन्न विभागों व एजेंसियों के बीच समन्वय उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल रहेगा।

## विदेश मंत्री जयशंकर की यूक्रेन-पोलैंड यात्रा अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

**एजेंसी न्यूज**

**दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर शुक्रवार से यूक्रेन और पोलैंड की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। जयशंकर की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब कीव और मॉस्को के बीच जारी संघर्ष में तनाव और शत्रुता और बढ़ गई है। ऐसे में उनकी यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बताया, "विदेश मंत्री एस. जयशंकर 3 से 5 सितंबर तक यूक्रेन और पोलैंड गणराज्य की आधिकारिक यात्रा



करेंगे।" मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा का मकसद द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। साथ ही, यह क्षेत्रीय घटनाक्रमों और आपसी हित से जुड़े मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर भी प्रदान करेगी।'

मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान जयशंकर अपने यूक्रेनी समकक्ष एंड्री सिबिहा और पोलैंड के उप प्रधानमंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने की पुरजोर अपील करते हुए कहा है कि अंतहीन युद्ध से मानवता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किर्गिस्तान की यात्रा पर गये मोदी ने राजधानी बिश्केक में सोमवार को 26वें शंघाई सहयोग संगठन (एस सी ओ) शिखर सम्मेलन से इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी।

# रूस की एयर स्ट्राइक में 12 भारतीयों की मौत

## पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात के बाद जेलेंस्की का बड़ा दावा

**एजेंसी न्यूज**

**लंदन।** यूक्रेन पर रूस के हालिया हमलों में मारे गए 12 लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सोमवार शाम से ओडेसा और उसके आसपास के क्षेत्र में हवाई बमों और ड्रोन से हमले जारी हैं। उन्होंने कहा, "हमले में कुल 12 लोगों की मौत हुई है जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है तथा कई अन्य लोग घायल हुए हैं।



इन हमलों में ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से यूक्रेन के कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिससे आवासीय इमारतों और असैन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सोमवार शाम से ओडेसा शहर और उसके आसपास के क्षेत्र में हवाई बमों और ड्रोन से हमले जारी हैं, जिससे हजारों घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। उन्होंने कहा, "इन हमलों में कुल 12 लोगों की मौत हुई है। इन लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है।"

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, "जिन लोगों ने अपने परिजनों और प्रियजनों को खोया है, मैं उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।" जेलेंस्की ने कहा कि हमलों में कई लोग घायल भी हुए हैं तथा कीव, ओडेसा, खेरसॉन, दोनेत्स्क, जापोरिज्जिया, खारकीव, चेर्निहाइव, झितोमिर, सुमी और निप्रो क्षेत्रों को भी इस दौरान निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि कीव में एक रेलवे डिपो पर हुए हमले में सात लोगों की मौत हो गई। बोरिस्पिल में पांच मंजिला एक आवासीय इमारत क्षतिग्रस्त हो गई और वहां से 50 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। उन्होंने बताया कि शहर में चार लोगों की मौत हुई और 13 अन्य लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि अकेले कीव और उसके आसपास के क्षेत्र में बचाव एवं राहत कार्यों में करीब 350 कर्मी जुटे हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा, "हमले में बड़ी संख्या में जेट चालित ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया।" उन्होंने बताया कि इससे आवासीय इमारतों और असैन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि ओडेसा और उसके आसपास के क्षेत्र में रूस के निर्देशित हवाई बमों और ड्रोन से हमले जारी रहे। जेलेंस्की के अनुसार, रोमानिया से लगी सीमा पर एक चौकी और निर्यात से जुड़े बुनियादी ढांचे को भी "जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया।" यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस पर जानबूझकर आम नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया और अपने देश के लिए हवाई रक्षा संबंधी सहायता बढ़ाने की अपील की।

## अमेरिका-ईरान जंग में खतरनाक मोड़: तेहरान बोला- नई रणनीति से हिला देंगे यूएस की नींव, ट्रंप ने दी चेतावनी

**एजेंसी न्यूज**

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ जारी संघर्ष में नई रणनीति अपनाने की चेतावनी दी है। यह बयान मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के ताजा हमलों और ईरानी ठिकानों पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद आया है। दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने कूटनीतिक समाधान की कोशिशों को और मुश्किल बना दिया है।

ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहसिन रेजाई ने बुधवार को चेतावनी दी कि दोनों देशों के बीच हालिया तनाव बढ़ने के बाद तेहरान अमेरिका के साथ जारी संघर्ष में 'नई रणनीति' अपनाएगा। एक्स पर पोस्ट करते हुए रेजाई ने कहा कि आप जल्द ही देखेंगे कि युद्ध के मैदान, कूटनीति और आर्थिक नाकेबंदी का सामना करने में ईरान की नई रणनीति आपकी नींव हिला देगी।



रेजाई की यह चेतावनी मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के नए हमलों के बाद सामने आई है। ये हमले कई हफ्तों में दोनों देशों के बीच हुए सबसे भीषण टकराव के तौर पर देखे जा रहे हैं। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के मुताबिक, उसकी सेना ने जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात (वअए), कुवैत, बहरीन और इराक के स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया।

ये हमले ईरानी ठिकानों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियानों के बाद किए गए, जिनमें तेहरान के मुताबिक 18 लोग मारे गए थे।

दुश्मनी में आई इस नई तेजी ने छह महीने से जारी संघर्ष को सुलझाने की कूटनीतिक कोशिशों को और मुश्किल बना दिया है। ईरान

# यूपी में महिला कर्मचारियों को बड़ी राहत

## मातृत्व अवकाश के लिए अब 2 साल नहीं करना होगा इंतजार

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने रक्षाबंधन से पहले महिला कर्मचारियों के हित में एक बड़ा फैसला लिया था, जिसे आज यानी 2 सितम्बर से लागू कर दिया गया है। अब सरकार ने 2 साल की मातृत्व अवकाश की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग-2 ने आज यानी 2 सितंबर को इससे संबंधित आदेश भी जारी कर दिया है। इस आदेश के तहत राज्य की महिला सरकारी कर्मचारियों के लिए मातृत्व अवकाश नियमावली में किया गया संशोधन आज से लागू हो गया है।

दरअसल, महिला कर्मचारियों को उनके पूरे सेवाकाल में अधिकतम दो बार (एक बार में 180 दिन) मातृत्व अवकाश की अनुमति थी, लेकिन इसमें एक शर्त भी शामिल थी, उसी शर्त को अब समाप्त कर दिया गया है। शर्त यह थी कि महिला कर्मचारी को दूसरा मातृत्व अवकाश दो साल बाद ही मिलेगा। यानी कि पहले मातृत्व अवकाश लेने के बाद दो साल का समय पूरा होने पर ही दोबारा मातृत्व अवकाश महिला कर्मचारी को मिल सकता था।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की तरफ से जारी इस आदेश में कहा गया है कि मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट - 1961 के नियम-27 के तहत यूपी सरकार ने दो वर्ष के अंतराल वाली इस शर्त को पूरी तरह हटा दिया है। जिससे महिला कर्मचारियों को इस समय-सीमा के कारण आ रही व्यावहारिक और चिकित्सा संबंधी कठिनाइयों से निजात मिलेगी। मातृत्व अवकाश के लिए दो वर्ष के अंतराल वाली शर्त समाप्त होने के बाद अब महिलायें जरूरत पड़ने पर पहले भी अवकाश ले सकेंगी।

शासनादेश में यह भी कहा गया है कि इस संशोधन को राज्यपाल ने भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसके बाद अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की तरफ से जारी यह आदेश आज 2 सितंबर 2026 से ही प्रभावी माना जाएगा।



केजीएमयू नर्सेज एसोसिएशन के संरक्षक और डिप्टी नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट प्रदीप गंगवार ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार का यह निर्णय महिला सरकारी कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण और स्वागतयोग्य कदम है। प्रसूति अवकाश के बीच अनिवार्य दो वर्ष की प्रतीक्षा अवधि समाप्त होने से महिला कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे मातृत्व एवं पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में उन्हें अधिक सुविधा और सहयोग मिलेगा।

## तमिलनाडु के मंदिरों में अब स्मार्टफोन लेकर जाने पर पाबंदी

**एजेंसी न्यूज**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य भर के 52 प्रमुख मंदिरों में स्मार्टफोन लेकर जाने पर रोक लगा दी है। जानकारी के मुताबिक मंदिरों में स्मार्टफोन लेकर जाने पर यह पाबंदी मंगलवार से लागू हो गई है। हालांकि, बिना कैमरे वाले फोन मंदिर परिसर के अंदर ले जाने की इजाजत होगी। अठक न्यूज एजेंसी ने मंदिरों का प्रबंधन करने वाले हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग का हवाला देते हुए बताया कि नए नियमों के तहत, स्मार्टफोन साथ लाने वाले श्रद्धालुओं को उन्हें मंदिर के प्रवेश द्वारों पर बने तय काउंटरों पर जमा करना होगा और इसके लिए प्रति फोन 5 रुपये देने होंगे।

विभाग के मंत्री एस. रमेश ने पहले विधानसभा में घोषणा की थी कि स्मार्टफोन पर यह रोक 1 सितंबर से प्रमुख मंदिरों में लागू की जाएगी।

# उत्तराखंड वक्फ बोर्ड का बड़ा फैसला, अब सिर्फ एक निकाह का होगा जिक्र होगी सजा

**एजेंसी न्यूज**

**देहरादून।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। अब वक्फ बोर्ड नया निकाह नामा जारी करेगा जिसमें सिर्फ एक निकाह का जिक्र होगा। अगर किसी ने एक से ज्यादा शादी की तो उसे सजा होगी। अब मौलाना किसी भी शख्स का दूसरा निकाह नहीं पढ़ाएगा। बता दें कि राज्य में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद यह फैसला लिया गया है।

अब निकाहनामे में दूसरे, तीसरे या चौथे निकाह का कोई कॉलम या जिक्र नहीं होगा। इसके साथ ही अब सभी मस्जिदों में निकाह पढ़ाने वाले लोगों को वक्फ बोर्ड का फैसला मानना जरूरी होगा। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड और यूसीसी नियमों के तहत अब एक समय में सिर्फ एक ही विवाह मान्य होगा। यदि कोई व्यक्ति पहली पत्नी के जीवित रहते या बिना कानूनी तलाक के दूसरा निकाह करने की कोशिश करता है, तो मौलवी उसे नहीं पढ़ाएंगे और ऐसा करने पर कानूनी सजा का प्रावधान है।

वहीं, उत्तराखंड में विवाह रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को पारदर्शी और मजबूत बनाने के लिए सरकार नई व्यवस्था तैयार कर रही है। इसके तहत अब प्रदेश में सिर्फ रजिस्टर्ड मौलवी ही निकाह करा सकेंगे। साथ ही निकाहनामे का सरकारी स्तर पर रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य किया जाएगा।



बता दें कि देश में वउउ को लेकर हर जगह चर्चा हो रही है। कुछ राज्य इसे लागू कर चुके हैं तो कुछ लागू करने के मुहाने पर हैं। उत्तराखंड में जनवरी 2025 को वउउ लागू कर दिया गया था। ऐसे करने वाला वो देश का पहला राज्य बन चुका है। उत्तराखंड सरकार का ये कदम ऐतिहासिक है क्योंकि इससे राज्य के सभी लोगों के लिए एक कानून होगा, जिससे उन्हें समानता का एहसास होगा। इस कानून से राज्य को देश में एक नई पहचान मिलेगी और वह सामाजिक और कानूनी न्याय के सुधार की दिशा में आगे बढ़ेगा।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब ये है कि देश में जो भी नागरिक रह रहे हैं, फिर चाहें वो किसी भी धर्म, जाति या लिंग के हों, उनके लिए एक ही कानून होगा। इसके लागू होते ही शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, बच्चा गोद लेने का अधिकार समेत तमाम अधिकारों में एकरूपता नजर आती है। फिर धर्म के आधार पर नियम अलग नहीं हो सकते।

## एक नजर

### शादी करवाने का झांसा देकर दिव्यांग से 20 हजार रुपये हड़पने का आरोप

**फरीदपुर (बरेली)।** ग्राम बड़रा कासमपुर निवासी दिव्यांग नरवीर से शादी कराने के नाम पर ठगों ने 20 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ित के अनुसार, ग्राम कुरमुरी निवासी चमेली देवी और भसोकर मोहनपुर निवासी शेर सिंह ने बिहार की एक लड़की से उसका विवाह कराने का भरोसा दिया था। शादी के नाम पर आरोपियों ने 3 अगस्त को दो बार में 10-10 हजार रुपये लिए, जिसका वीडियो भी मौजूद है।आरोपियों ने शादी कराने के बजाय लड़की का विवाह किसी अन्य से करा दिया। रुपये वापस मांगने पर उन्होंने नरवीर को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि कोतवाली में तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को जब वह थाने गया, तो पुलिसकर्मियों ने उसे भगा दिया। अब पीड़ित गुरुवार को एसएसपी से न्याय की गुहार लगाएगा।

# पुलिस मुठभेड़ में दो दबोचे, एक के पैर में लगी गोली

## दुलीराम इंटर कॉलेज के पास हुई वारदात का खुलासा, 9,500 रुपये समेत तमंचा-कारतूस, बाइक व मोबाइल बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मीरगंज।** दुलीराम इंटर कॉलेज के पास बाइक सवार युवक से बैग झपटकर फरार हुए बदमाशों को मीरगंज पुलिस ने बुधवार देर रात पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस, छिनैती के 9,500 रुपये, वारदात में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, रम्पुरा जाटान निवासी श्री निर्देव कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद ने 29 जुलाई की रात सूचना दी थी कि वह बाइक से जनसेवा केंद्र से घर लौट रहे थे। रात करीब 9:30 बजे दुलीराम इंटर कॉलेज के पास मोड़ पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे और कंधे पर टंगा बैग झपट्टा मारकर फरार हो गए। बैग में रुपये रखे हुए थे। मामले में थाना मीरगंज में एफआईआर संख्या 374/26, धारा 304 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी।इसी क्रम में 2 सितंबर की रात मीरगंज पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बलूपुरा चौराहे के पास दो संदिग्ध बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी शुरू कर दी।पुलिस का दावा है कि खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाश समेत उसके साथी को मौके से दबोच लिया।पूछताछ में घायल आरोपी ने अपना नाम रवि पुत्र अशोक (26) निवासी मोहल्ला शिवपुरी, थाना मीरगंज बताया, जबकि दूसरे आरोपी की पहचान विक्की पुत्र मूलचंद (19) निवासी मोहल्ला मालीपुरा, थाना मीरगंज के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक दोनों ने 29 जुलाई को दुलीराम इंटर कॉलेज के पास निर्देव कुमार से बैग झपटने की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, मुकदमे से संबंधित 9,500 रुपये, घटना में प्रयुक्त बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक इतिहास और वारदात में शामिल अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। मुठभेड़ के संबंध में अलग से अभियोग दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा रही है। सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया कि छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से अवैध असलाह-कारतूस, छिनैती के 9,500 रुपये, घटना में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल फोन बरामद हुआ है।अगर चाहें तो मैं इसे दैनिक जागरण/अमर उजाला की क्राइम रिपोर्टिंग शैली में और ज्यादा तीखी, छोटी तथा फ्रंट-पेज योग्य भी बना सकता हूं।

## परामर्श केन्द्र में दो परिवारों का कराया पुनर्मिलन

**आंवला।** थाना परिसर में पुलिस पारिवारिक परामर्श एवं मध्यस्थता केंद्र में दो परिवारों के बीच चल रहे विवादों का परामर्श के माध्यम से समाधान कराया गया। केंद्र के सलाहकारों द्वारा दंपतियों को आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने के लिए समझाया गया। इनमें शन्नो पुत्री अख्तर निवासी मोहल्ला बस अड्डा अलीगंज आंवला और सोनी पुत्री कालीचरण (कल्लू) निवासी देवकोला थाना आंवला के पारिवारिक विवाद का समझौता कराया गया। वहीं तीन अन्य परिवारों में आपसी सहमति नहीं बन सकी। केंद्र के अध्यक्ष जय गोविंद सिंह ने बताया कि अब तक 183 पारिवारिक विवादों का समाधान कराया जा चुका है। इस दौरान रमाकांत तिवारी एडवोकेट, रामदीन सागर, योगेश माहेश्वरी, शोखी अग्रवाल, सीमा रजा, रजिया सुल्तान, महिला उपनिरीक्षक अंजू कुमारी और महिला मुख्य आरक्षी किरण का सराहनीय सहयोग रहा।

# विवाद को लेकर महिला की दुकान का सामान फेंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** नगर के मोहल्ला कानूनगोयान में चौराहे के पास जगह के विवाद को लेकर दबंगों ने महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हुए महिला की दुकान का सामान फेंका। पीड़ित महिला ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, मोहल्ला कानूनगोयान निवासी ज्योति मौर्य पत्नी रामस्वरूप मौर्य की मोहल्ले में कॉस्मेटिक की एक दुकान है उसने जन्माष्टमी के त्योहार पर भगवान के वस्त्र व अन्य सामग्रियों की दुकान भी लगा ली। आरोप है कि बाहर निकाल कर लगाई गई दुकान को लेकर बुधवार को पड़ोस के अरविंद पुत्र लटूरीलाल और दुलारो देवी पत्नी लटूरी अचानक ज्योति की दुकान पर आकर उनका सामान बाहर फेंकने लगे। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने महिला को लात-घूंसों से मारा-पीटा। बीच सड़क पर हो रहे हंगामे और शोर-शराबे को सुनकर जब आस-पास के स्थानीय लोग मौके पर एकत्र होने लगे, तो आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने कोतवाली फरीदपुर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रामगंगा के कटान से मंदिर पर मंडरा रहा खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**कपूरपुर में पहुंचीं एसडीएम निधि शुक्ला, बाढ़ खंड के बचाव कार्यों का किया निरीक्षण, ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत**

**मीरगंज।** कपूरपुर गांव में रामगंगा नदी के लगातार हो रहे कटान ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। नदी का पानी गंगा मंदिर के नजदीक बह रहा है, जिससे मंदिर और आसपास की आबादी पर कटान का खतरा बना हुआ है। बुधवार को एसडीएम मीरगंज निधि शुक्ला ने गांव पहुंचकर नदी के जलस्तर और मंदिर की सुरक्षा के लिए चल रहे बचाव कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम करीब दो बजे कपूरपुर पहुंचीं। उन्होंने बाढ़ खंड विभाग की ओर से मंदिर के आसपास कटान रोकने के लिए कराए जा रहे सुरक्षा कार्यों को देखा। इस दौरान उन्होंने रामगंगा के जलस्तर और नदी की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से बचाव कार्यों की प्रगति और तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर ग्राम प्रधान हरीश लोधी समेत ग्रामीण मौजूद रहे। एसडीएम निधि शुक्ला ने बताया कि फिलहाल रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है, लेकिन कटान की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नदी के जलस्तर और कटान की लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों से सावधानी बरतने और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि मंदिर को कटान की चपेट में आने से बचाने के लिए बाढ़ खंड विभाग द्वारा सुरक्षा एवं बचाव कार्य कराए जा रहे हैं। संवेदनशील स्थानों पर ग्रामीणों को सचेत करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष मंदिर और आबादी को कटान से बचाने के लिए बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से और लगातार जारी रखने की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का कटान इसी तरह जारी रहा तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन की निगरानी और बाढ़ खंड के सुरक्षा कार्यों के बीच अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर है कि कटान पर कितनी जल्दी प्रभावी नियंत्रण पाया जाता है।

# खेत की बाड़ तोड़ने का विरोध करने पर किसान पर फरसे से किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र के ग्राम गुलाबनगर में खेत में लगी लकड़ी की बाड़ तोड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने एक किसान पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में किसान के हाथ की एक उंगली कटकर जमीन पर गिर गई। पीड़ित ने गांव के ही तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस को दी गई शिकायत में गुलाबनगर निवासी राजेश मौर्य उर्फ कल्लू ने बताया कि बीते 31 अगस्त की शाम करीब 6:00 बजे वह अपने गन्ने के खेत की देखरेख करने गए थे। वहां उन्होंने देखा कि गांव के ही रीतराम, उनका पुत्र संतोष और विजय मिलकर उनके खेत की लकड़ी की बाउंड्री को जबरन तोड़ रहे थे। जब राजेश ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर विजय ने पीछे से उनके बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और इसी बीच रीतराम ने उन पर फरसे से वार कर दिया।बचाव में हाथ आगे करने पर फरसा राजेश की उंगली पर लगा, जिससे वह कटकर अलग हो गई। इसके बाद संतोष ने भी उन्हें लात-घूंसों से पीटा। घायल किसान ने पहले अस्पताल जाकर इलाज कराया और बुधवार को फरीदपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया। उधर, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर चमन सिंह भड़ाना ने बताया कि पीड़ित थाने आया था, लेकिन अभी लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डाक कावड़ संघ ने आयोजित किया भव्य भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पूर्वी।** शिव शक्ति डाक कावड़ संघ के जत्थेदारों की ओर से सफल जलाभिषेक के उपलक्ष्य में बुधवार को बदायूं-दातागंज मार्ग स्थित ओवरब्रिज के नीचे भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर खीर, पूड़ी और सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। जत्थे के गुरुजी मुनीश चंद्र शर्मा, रामसेवक शर्मा, बुधपाल यादव, श्यामचरण सागर और अवधेश शर्मा के नेतृत्व में करीब 100 कांवड़ियों का जत्था 14 अगस्त को हरिद्वार से जल भरने के लिए रवाना हुआ था। जत्थे ने 16 अगस्त को हरिद्वार से गंगाजल उठाया और 19 अगस्त को निर्धारित 72 घंटे के भीतर पदयात्रा पूरी कर मिनी काशी में भगवान शिव का जलाभिषेक किया था। सफल जलाभिषेक के बाद इसी उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा शुरू होने से पूर्व गुरुजी ने गणेश जी और भगवान शिव का पूजन एवं आरती की। इसके बाद भगवान को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में नगर चेयरमैन संजय पाठक, पवन राज मिश्रा, यशपाल रामू, प्रवेश वर्मा और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पूनम सेन समेत कई गणमान्य लोग पहुंचे। कन्हैया हीरो एजेंसी के स्वामी मनी गुप्ता भी अपने भाई और स्टाफ के साथ भंडारे में पहुंचे। उन्होंने कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन परोसा और तिलक लगाकर दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। आयोजन में रामू गुप्ता, श्यामू यादव, अभिषेक शर्मा, नमन पाल, पन्नालाल गुप्ता, सुनील कुमार, अनिल गुप्ता, साहुल यादव और विवेक यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। भंडारे का संचालन प्रभु इच्छा तक जारी रहा।

## लगातार बारिश को लेकर प्रशासन सतर्क

**बहेड़ी।** पहाडो. पर हो रही लगातार बारिश के चलते किच्छा नदी में बढ़े जल स्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। निगरानी के लिए राजस्व कर्मियों की टीमें तैनात कर दी गई हैं। मेगा फूड पार्क के बिल्कुल पीछे बह रही किच्छा नदी के बहाव पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। नदी का कटान इसी जगह पर सबसे ज्यादा खतरा पैदा करता है। एसडीएम गोपाल शर्मा ने बताया कि नदी के जल स्तर की पल पल निगरानी की जा रही है। राहत और बचाव टीमें लगातार सतर्क स्थिति में हैं। उधर, बारिश के जल को लेकर प्रशासन को उत्तराखंड कार्यालय से मिली सूचना में भी किच्छा नदी में मिलने वाले पानी की स्थिति अभी तक सामान्य बताई गई है। उधर से पानी छोड़े जाने के अभी आसार नहीं बने हैं।

# बढ़ते जलस्तर को लेकर नदी किनारे पहुंचे डॉ. जावेद अख्तर, लोगों से सतर्क रहने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज/ दुनका।** नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के मद्देनजर जिला पंचायत प्रत्याशी डॉ. जावेद अख्तर ने नदी किनारे पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से बातचीत कर उन्हें संभावित खतरे के प्रति सतर्क किया और नदी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की। डॉ. जावेद अख्तर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति नदी पार करने का प्रयास न करे। बच्चों और पशुओं को भी नदी किनारे जाने से रोकें। नदी में नहाना, पशुओं को पानी पिलाने के लिए गहरे पानी में ले जाना या बढ़े हुए जलस्तर के बीच नदी पार करना जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि बाढ़ या जलभराव जैसी किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को दें। यदि किसी कारणवश प्रशासन तक सूचना पहुंचाना संभव न हो तो उन्हें घटना की जानकारी दी जा सकती है, ताकि संबंधित अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जा सके। डॉ. जावेद अख्तर ने कहा कि संकट की इस घड़ी में क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और जरूरत पड़ने पर प्रशासन के सहयोग से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

# लाख टके का सवाल! बहेड़ी विधानसभा से इस बार भाजपा का प्रत्याशी कौन ?

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** कांग्रेस पार्टी से सलीम अख्तर, सपा से मौजूदा विधायक अताउर्रहमान तथा ए आई एम आई एम से मोहम्मद शादाब एस. के., ऐसे नेता हैं जिनका अभी कोई भी प्रतिद्वंद्वी इनकी पार्टियों में नजर नहीं आता। इसके अलावा एक और नेता हैं, पूर्व पालिका अध्यक्ष फौजुल के पति नसीम अहमद।

नसीम अहमद सन् 2017 के विधानसभा चुनाव में रनर रह चुके हैं जिन्होंने सपा प्रत्याशी को तीसरे पायदान पर धकेल दिया था। आगामी विधानसभा चुनाव में अगर सपा व कांग्रेस तथा ए आई एम आई एम के बीच गठबंधन हो गया, जैसे कि इसकी चर्चाएं चल रही हैं, तो ऐसे में विधानसभा सीट किस गठबंधन के खाते में चली जाएगी, यह नहीं कहा जा सकता लेकिन इतना तय बताया जा रहा है कि मुस्लिम समाज से तीन प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में अपनी ताल ठोंक रहे होंगे। उधर, भाजपा को लेकर लोगों के बीच कयास लगाने का दौर जारी है कि आखिर पार्टी किस पहलवान पर अपना दांव आजमाएगी। भाजपा से जुड़े लोगों की मानें तो, पार्टी में इस समय तीन धाराएं बह रही हैं। एक धारा तो अब तक चलती आई राजनीति की ओर बह रही है तो दूसरी धारा परिवर्तन के नाम पर नये चेहरे के नाम को आगे बढ़ाने के लिए मेहनत कर रही है और इसके लिए बाकायदा लोगों के बीच प्रचार प्रसार और बैठकों के जरिये मिलने मिलाने का दौर शुरू कर चुकी है। इस सबसे इतर, एक तीसरी धारा पार्टी में रहकर ही वंशवाद का पुरजोर विरोध कर रही है। उसका मानना है कि वंशवाद की वजह से पार्टी की पालकी ढोते आ रहे उन निष्ठावान व कर्मठ कार्यकर्ताओं पर बज्रपात हो जाता है जो कहीं न कहीं भविष्य में अपने लिए भी सुनहरे सपने संजोकर पार्टी से इनाम पाने की चाहत रखते हैं। अब देखने वाली बात होगी कि, टिकट का फैसला किस धारा के अनुकूल रहेगा। हालांकि, इतने विशाल संगठन की धरोहर वाली भाजपा अपने निर्णयों से चौंकाती रही है फिर भी सवाल का जबाब अभी भविष्य के गर्भ में है।

# लोन के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूली का आरोप, उच्चाधिकारियों से की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मीरगंज।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की मीरगंज शाखा में ऋण के नाम पर कथित तौर पर अतिरिक्त शुल्क वसूले जाने का मामला सामने आया है। ग्राम रेयानगला निवासी राहुल पुत्र छत्रपाल ने बैंक अधिकारियों एवं उच्चाधिकारियों को ई-मेल भेजकर पूरे मामले की शिकायत की है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में राहुल ने आरोप लगाया है कि उन्होंने बैंक में सीएमओ स्कीम के तहत ऋण के लिए आवेदन किया था। उनके मुताबिक बैंक की ओर से दो ऋण किए गए, जिनमें एक सीसी (कैश क्रेडिट) भी शामिल है। आरोप है कि करीब पांच लाख रुपये के ऋण के संबंध में उनसे बैंक खर्च के नाम पर कथित तौर पर 30 हजार रुपये लिए गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऋण की प्रक्रिया और शुल्क के संबंध में जब उन्होंने बैंक जाकर जानकारी मांगी तो उन्हें संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई।राहुल ने अपनी शिकायत में वीएलई पुनीत का भी उल्लेख करते हुए आरोप लगाया है कि ऋण कराने के नाम पर बैंक खर्च के अलावा अलग से शुल्क लिए जाने की बात सामने आई। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में उपलब्ध रिकॉर्डिंग का भी हवाला दिया है। उन्होंने अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने मामले की शिकायत ई-मेल के माध्यम से उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई है। वहीं, मामले में बैंक का पक्ष जानने के लिए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, मीरगंज शाखा के शाखा प्रबंधक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठ सका। अब जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि ऋण प्रक्रिया में वास्तव में निर्धारित शुल्क लिया गया था या शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए अतिरिक्त वसूली के आरोपों में कितनी सच्चाई है।




## एक नजर



### महाकाल सेवा संघ ने अधिकारियों को किया सम्मानित

**बहेड़ी।** सावन के पवित्र महीने में हरिद्वार तथा कछला से जल लेकर दूरदराज़ से आने वाले शिवभक्तों के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने का आभार व्यक्त करते हुए महाकाल सेवा संघ की ओर से एसडीएम गोपाल शर्मा, कोतवाल दिनेश शर्मा तथा पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, शक्ति गुप्ता, दीपक गुप्ता, सचिन प्रजापति, दिनकर गुप्ता, अंकित रस्तोगी, मनोज गंगवार तथा अजीत कनौजिया आदि शामिल रहे।

# नवोदय अस्पताल की आग ने खोली भवन सुरक्षा की पोल




▸ बिना स्वीकृत मानचित्र बन रही चौथी मंजिल सील, शहर के अन्य अस्पतालों की पुरानी फाइलें भी खुलीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मिनी बाईपास स्थित नवोदय अस्पताल में लगी आग के बाद भवन सुरक्षा और अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने बिना स्वीकृत मानचित्र के बनाई जा रही अस्पताल की चौथी मंजिल को सील कर दिया है। साथ ही शहर के अन्य अस्पतालों की पुरानी फाइलें निकलवाकर नए सिरे से जांच शुरू करा दी गई है।

नवोदय अस्पताल का करीब दो वर्ष पहले निर्माण हुआ था। भवन के तीन मंजिला निर्माण का मानचित्र स्वीकृत था, लेकिन बाद में चौथी मंजिल पर बिना अनुमति निर्माण शुरू कर दिया गया। रक्षाबंधन के दौरान चौथी मंजिल में आग लगने के बाद मामला प्राधिकरण के संज्ञान में आया। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने जांच टीम भेजी। स्वीकृत मानचित्र से अलग निर्माण मिलने पर उसी शाम चौथी मंजिल सील कर दी गई। अब जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि अवैध निर्माण कब शुरू हुआ और संबंधित क्षेत्र की निगरानी किन अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी थी। लापरवाही या मिलीभगत सामने आने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सकती है। बीडीए ने अन्य अस्पतालों की पुरानी फाइलें भी दोबारा खुलवाई हैं। रामपुर गार्डन, राजेंद्रनगर, डीडीपुरम, स्टेडियम रोड, पीलीभीत बाईपास और मिनी बाईपास समेत कई क्षेत्रों के अस्पताल जांच के दायरे में आ सकते हैं। बेसमेंट, पार्किंग, अतिरिक्त मंजिल, अग्निशमन व्यवस्था और ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट की भी जांच होगी।

> शहरी क्षेत्र में संचालित अस्पताल भवन नियमावली का कितना पालन कर रहे हैं, इसकी विस्तृत जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – सौम्या पांडेय, उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण

## रामगंगा उफनी, दर्जनों गांवों पर बाढ़ का साया

**मीरगंज।** पहाड़ी और तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से रामगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदी के उफान से मीरगंज के सुल्तानपुर, बिहारीपुर, दूनका और भमोरा समेत दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। निचले इलाकों के खेतों में पानी भरने से धान और गन्ने की फसलें जलमग्न हो गई हैं और कई जगह कटान शुरू हो गया है।नदी खतरे के निशान (163.070 मीटर) के करीब पहुंच रही है, जिससे डरे ग्रामीण रातभर जागकर जलस्तर की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है और लेखपालों की टीमें स्थिति पर नजर रख रही हैं। पुलिस ने ग्रामीणों को नदी-नालों से दूर रहने की हिदायत दी है। ग्रामीणों ने संवेदनशील स्थानों पर तुरंत बचाव कार्य शुरू करने की मांग की है।

## पंचायत सहायकों की कार्यप्रणाली पर प्रशासन की तेज नजर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ग्राम पंचायतों के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने नवचयनित पंचायत सहायकों की कार्यप्रणाली पर निगरानी तेज कर दी है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवचयनित पंचायत सहायकों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें उनकी उपस्थिति, कार्यों और जिम्मेदारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने पंचायत सहायकों से ग्राम पंचायतों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्हें नियमित रूप से पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहने और सौंपे गए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों से जुड़े मामलों में किसी तरह की अनावश्यक देरी या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायत



स्तर पर प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्हें शासन की योजनाओं, विकास कार्यों और ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक में पंचायत सहायकों से कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी भी ली गई। अधिकारियों ने उनका मार्गदर्शन करते हुए अभिलेख और सूचनाएं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। नियमित उपस्थिति और कार्यों की प्रगति की समीक्षा आगे भी किए जाने की बात कही गई।

## आईजीआरएस पर खानापूर्ति पड़ी भारी, 7 अधिकारियों का वेतन रोका

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ फीडबैक में संतुष्टि प्रतिशत शून्य मिलने पर डीएम अविनाश सिंह ने अपनाया कड़ा रुख

**बरेली।** आईजीआरएस पर शिकायतों का निस्तारण दिखाकर फाइल बंद करना जिले के सात अधिकारियों को भारी पड़ गया। अगस्त की फीडबैक रिपोर्ट में संबंधित अधिकारियों से जुड़ी शिकायतों में संतुष्टि प्रतिशत शून्य मिलने पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सख्त कार्रवाई की है। सभी सात अधिकारियों के वेतन आहरण पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है।

एक अगस्त से एक सितंबर तक प्राप्त फीडबैक की समीक्षा में स्थिति सामने आई। अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य मंडल सिंचाई एवं जल संसाधन, जिला उपायुक्त मनरेगा, जिला क्षय रोग अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी शेरगढ़, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दमखोदा, प्राचार्य डायट और सब रजिस्ट्रार फरीदपुर से संबंधित एक-एक फीडबैक मिला। सभी मामलों में शिकायतकर्ताओं ने निस्तारण पर असंतोष जताया प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आईजीआरएस पर केवल औपचारिक जवाब लगाकर शिकायत बंद करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिकायत का निस्तारण ऐसा होना चाहिए, जिससे फरियादी को वास्तविक राहत मिले।

अधिकारियों को शिकायतों की गंभीरता से जांच कर तथ्य और मौके के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अब आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के साथ फरियादियों के फीडबैक की भी लगातार समीक्षा होगी। बार-बार असंतोष मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। वेतन रोकने की कार्रवाई से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

## केस वापसी के लिए झूठे मुकदमे की मिली धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र के गोठा खंडुआ गांव निवासी महिला ने किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने और परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला निशा ने शिकायती पत्र में बताया कि उसने 17 जून 2026 को मुकदमा अपराध संख्या 330/2026 धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला वर्तमान में किशोर न्याय बोर्ड, बरेली में विचाराधीन है। मुकदमे में कुछ किशोर अपचारियों के संबंध में न्यायालय से आपत्ति के लिए नोटिस मिलने पर वह 17 अगस्त को बोर्ड में पहुंची थी। आरोप है कि इसके बाद गांव के कई लोगों ने निशा और उसके परिवार पर मुकदमे में समझौता करने का दबाव बनाया। कथित तौर पर धमकी दी गई कि यदि पैरवी बंद नहीं की तो परिवार के सदस्यों को छेड़छाड़ और दुष्कर्म के झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाएगा। शिकायत के अनुसार 20 अगस्त को एक महिला ने निशा, उसके जेठ और सास के खिलाफ बच्चों के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए आंवला थाने में तहरीर दी। निशा का आरोप है कि इसके बाद पुलिस उसके परिवार को परेशान कर रही है। उसने कहा कि विपक्षी लगातार झूठी शिकायतें कर दबाव बना रहे हैं और न्यायालय में तारीख पर जाने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं।

## आईजीआरएस निस्तारण पर उठाए सवाल, दूसरे अधिकारी से जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ अपहरण कर तमंचे के बल पर हस्ताक्षर कराने का आरोप, शिकायतकर्ता का ही चालान करने का दावा

**बरेली।** आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण पर सवाल उठाते हुए कुंवरपुर निवासी ब्रजेश चन्द्र राना ने क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय से मामले की दोबारा किसी अन्य अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपहरण कर तमंचे के बल पर सादे कागज और स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर कराने की शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही आरोपी बना दिया गया।

शिकायती पत्र में ब्रजेश ने बताया कि उन्होंने करीब दो वर्ष पहले भूड़ नवाब का ठेरा निवासी सुमित कुमार सक्सेना से 15 हजार रुपये 10 प्रतिशत ब्याज पर उधार लिए थे। उनके अनुसार दिसंबर 2025 में पूरी रकम ब्याज समेत चुका दी गई थी। इसके बावजूद सुमित दो लाख रुपये बकाया बताकर उन्हें धमकाने लगा। आरोप है कि एक अगस्त 2026 को सुमित, सचिन और अन्य लोगों ने कार से उनका अपहरण किया। तमंचा दिखाकर धमकाने के बाद सादे कागज और स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर कराने का भी आरोप लगाया गया। ब्रजेश के मुताबिक शिकायत की जांच मलूकपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल कुमार ने की। आरोप है कि जांच रिपोर्ट से सुमित, सचिन, शिवम और रजत के नाम हटा दिए गए। घटना स्थल भी गलत दर्शाने का आरोप है। उनका कहना है कि घटना सिटी रेलवे स्टेशन रोड स्थित अर्क-4 अस्पताल के पास हुई थी, जहां चश्मदीद मौजूद थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई के बजाय उनका धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत चालान कर दिया गया। उन्होंने पुनः जांच और सुरक्षा की मांग की है।

## शिक्षिका संध्या कक्कड़ के निधन से शोक की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरिया सादात, विकास क्षेत्र मीरगंज में कार्यरत सहायक अध्यापिका संध्या कक्कड़ का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग और शिक्षक समाज में शोक की लहर दौड़ गई। साथी शिक्षकों ने उनके निधन को शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की।खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि संध्या कक्कड़ कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित और संवेदनशील शिक्षिका थीं। विद्यालय और विद्यार्थियों के प्रति उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उनके निधन से विभाग ने एक समर्पित शिक्षिका को खो दिया है।नोडल संकुल शिक्षक अमित कुमार, सचिन मुरारी शर्मा ने संयुक रूप से कहा कि संध्या कक्कड़ सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव की थीं। वह अपने सहकर्मियों के साथ सदैव आत्मीयता से पेश आती थीं। उनके निधन से शिक्षक परिवार में जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसकी भरपाई कठिन है।शोक समाचार मिलते ही जमशेद अनवर, तेजपाल, डॉक्टर रोहिताश गंगवार, नवनीत गुप्ता, जाबिर हुसैन, तनुजा मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा समेत अनेक शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षिका के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षकों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## नौकरी के रुपये मांगने पर प्राइवेट गनर को पीटने का आरोप, एसएसपी से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में नौकरी के बकाया रुपये मांगने पर प्राइवेट गनर से मारपीट और चाकू से हमला करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिवनगर कॉलोनी निवासी योगेश गुप्ता ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह करीब एक वर्ष से शास्त्रीनगर निवासी शेर अली जाफरी के यहां 28 हजार रुपये प्रतिमाह पर प्राइवेट गनर की नौकरी कर रहा है। आरोप है कि एक मार्च से 22 अगस्त 2026 तक का करीब 1.60 लाख रुपये वेतन उसे नहीं दिया गया। रुपये मांगने पर आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। पीड़ित के मुताबिक, 22 अगस्त को वह सीबीगंज स्थित खुसरो पीजी कॉलेज में आरोपी से बकाया वेतन मांगने पहुंचा। आरोप है कि इस पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसे कार्यालय में बंद कर दिया और डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की। कार्यालय में रखे घास काटने वाले चाकू से भी हमला किया गया, जिससे बचाव के दौरान उसकी कलाई कट गई। योगेश का आरोप है कि आरोपी ने दोबारा रुपये मांगने पर जान से मरवाने की धमकी दी और झूठे मुकदमों में फंसाने की बात कही। पीड़ित का कहना है कि घटना के दिन थाने पहुंचने के बावजूद उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और मेडिकल भी नहीं कराया गया। उसने एसएसपी से मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा कार्यक्रम, नन्हे-मुन्नों ने मन मोहा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**फतेहगंज पूर्वी।** सरस्वती शिशु मंदिर फतेहगंज पूर्वी में बुधवार को राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसी से प्रथम कक्षा तक के करीब 60 शिशुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी बच्चे राधा और कृष्ण का मनमोहक स्वरूप धारण कर अपने-अपने घरों से विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कर किया। इस दौरान प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, उपाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, व्यवस्थापक संजय अग्रवाल, सह व्यवस्थापक दीपक अग्रवाल, नगर के प्रतिष्ठित सर्राफ व्यापारी विष्णु मोहन अग्रवाल, अभिभावक राजेश अग्रवाल सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे शिशुओं की आरती उतारी। आरती के बाद विष्णु मोहन अग्रवाल ने सभी शिशुओं को उपहार एवं प्रसाद वितरित किया। राधा-कृष्ण के वेश में सजे नन्हे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## 2.5 करोड़ की जमीन से हटा अतिक्रमण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नगर निगम ने बुधवार को वार्ड-51 नगरीय परीक्षित में बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करते हुए नगर निगम की करीब 2.5 करोड़ रुपये कीमत की भूमि को कब्जामुक्त करा लिया। कार्रवाई के दौरान करीब 12 अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अवैध निर्माण हटाए गए। नगर निगम की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गाटा संख्या-02, 03 और 04 की भूमि का कुल क्षेत्रफल 0.624 हेक्टेयर है। इसमें गाटा संख्या-02 और 03 का क्षेत्रफल 0.013-0.013 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या-04 का क्षेत्रफल 0.481 हेक्टेयर बताया गया है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में खलिहान खाते में दर्ज है और नगर निगम की संपत्ति है। बताया गया कि नगर निगम की भूमि पर करीब 12 लोगों ने अवैध रूप से दुकानें, कच्चे मकान और झोपड़ियां बनाकर कब्जा कर रखा था। नगर निगम की टीम ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की और भूमि को अपने कब्जे में ले लिया। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में खलबली मची रही।

## बरेली सांसद ने किया गाँव भिलैय्या का दौरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** बीते सोमवार की रात गाँव भिलैय्या में डा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार ने अपने समर्थकों के साथ गाँव का दौरा किया। सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द न ई प्रतिमा स्थापित करने को निर्देशित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। इस जघन्य अपराध को करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सांसद ने बताया कि सूबाई सरकार द्वारा संत रविदास, बाबा साहेब अंबेडकर तथा महर्षि वाल्मीकि से जुड़े सभी स्थलों व प्रतिमाओं के सौंदर्य करण हेतु चिंन्हीकरण कराया जा रहा है। इसी के साथ भिलैय्या गाँव के इस स्थल का सौंदर्य करण कराया जाएगा। इस दौरान प्रधान देवदत्त, कृष्ण पाल सागर, आनंद गौतम, सुनील रस्तोगी, सूर्या कुर्मी, सर सिकंदर सिंह, रोहित राठौड़, आशु अंसारी सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण मौजूद रहे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

## फाइनेंस अधिकारी बनकर युवक से 28 हजार की ऑनलाइन ठगी, चेक भी हुआ बाउंस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** बाइक की ईएमआई और पेनल्टी जमा कराने के नाम पर फाइनेंस अधिकारी बनकर एक युवक से ऑनलाइन 28 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी ने रुपये वापस करने का आश्वासन दिया और 28 हजार रुपये का चेक भी दिया, लेकिन बैंक में लगाने पर चेक बाउंस हो गया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने कोतवाली बिसौली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार, बाइक की ईएमआई और उस पर लगी पेनल्टी के संबंध में उसकी बातचीत जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू नाम के व्यक्ति से हुई थी। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने खुद को फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बताते हुए ईएमआई और पेनल्टी की रकम जमा कराने की बात कही। उसकी बातों पर भरोसा कर युवक ने ऑनलाइन माध्यम से कुल 28 हजार रुपये भेज दिए।

रकम प्राप्त करने के बाद जब पीड़ित ने भुगतान की पुष्टि चाही तो मामला संदिग्ध नजर आने लगा। इसके बाद आरोपी ने रकम वापस करने की बात कहते हुए 28 हजार रुपये का चेक पीड़ित को दिया। पीड़ित ने जब चेक बैंक में जमा किया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद उसे अपने साथ ठगी होने की जानकारी हुई।

पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू के खिलाफ लिखित शिकायत दी और रकम वापस दिलाने के साथ ही कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ऑनलाइन लेनदेन और चेक से संबंधित जानकारी भी जुटा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बदायूं में ब्लड स्टोरेज यूनिट के लाइसेंस को लेकर औषधि निरीक्षक ने किया निरीक्षण

### जिला महिला चिकित्सालय की यूनिट में 30 यूनिट रक्त भंडारण की क्षमता, बिसौली सीएचसी की यूनिट का भी हुआ निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में मरीजों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने और ब्लड स्टोरेज यूनिट की व्यवस्थाओं को मानकों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से औषधि विभाग की ओर से निरीक्षण किया गया। औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने जिला महिला चिकित्सालय, बदायूं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिसौली में संचालित ब्लड स्टोरेज यूनिट का निरीक्षण किया।



निरीक्षण करते ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद। -जागरण मोर्चा

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एक सितंबर को औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने जिला महिला चिकित्सालय, बदायूं में ब्लड स्टोरेज यूनिट के नवीन लाइसेंस के लिए निरीक्षण किया। इस यूनिट की क्षमता 30 यूनिट (Whole Human Blood) है। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस से संबंधित व्यवस्थाओं और यूनिट की स्थिति का जायजा लिया गया।

इसके बाद दो सितंबर को औषधि निरीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में ब्लड स्टोरेज यूनिट के लाइसेंस नवीनीकरण के लिए निरीक्षण किया। यहां संचालित यूनिट की क्षमता 10 यूनिट है। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस नवीनीकरण के लिए निर्धारित व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया।

औषधि विभाग के निरीक्षण का उद्देश्य ब्लड स्टोरेज यूनिट में रक्त के सुरक्षित भंडारण तथा निर्धारित मानकों के पालन को सुनिश्चित करना है। जिला महिला चिकित्सालय और सीएचसी बिसौली में ब्लड स्टोरेज की सुविधा होने से संबंधित क्षेत्रों के मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर रक्त उपलब्ध कराने में सहूलियत मिलती है। लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों इकाइयों की सेवाएं निर्धारित नियमों के तहत संचालित की जाएंगी।

## संक्षेप समाचार

### नवादा शराब की दुकान पर हंगामा, दो गिरफ्तार

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नवादा स्थित कंपोजिट शराब की दुकान के पास शराब की खरीद-बिक्री को लेकर दो युवकों में विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट और हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी शांत नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिजनौर जिले के नागल सोती थाना क्षेत्र के ग्राम नागल सोती शहजादपुर निवासी लकी पुत्र गोपाल सिंह और उझानी थाना क्षेत्र के लऊआ गांव निवासी कौशल पुत्र सुरेशपाल के रूप में हुई है। शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की।

### पुलिसकर्मियों के विवाद में एक सिपाही निलंबित

**बदायूं।** सिविल लाइंस क्षेत्र के नवादा के पास 31 अगस्त की रात पुलिसकर्मियों के बीच कहासुनी और विवाद के मामले में एक आरक्षी को निलंबित कर दिया गया है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस विभाग ने यह कार्रवाई की। वहीं, 09वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद की डी कंपनी से न्यायालय सुरक्षा ड्यूटी में तैनात तीन आरक्षियों के खिलाफ भी नियमानुसार विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जा रही है। पुलिस के मुताबिक नवादा के पास यूपी-112 पर तैनात आरक्षी धीरेन्द्र तथा न्यायालय सुरक्षा में तैनात पीएसी के आरक्षी विवेक वर्मा, रमन और लवली के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी और विवाद हुआ था। मामले से संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने संज्ञान लिया। आरक्षी धीरेन्द्र को अनुशासनहीनता, अमर्यादित आचरण और पुलिस आचरण नियमावली के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पीएसी के तीनों आरक्षियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस बल में अनुशासनहीनता और अमर्यादित आचरण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संस्कृत प्रतिभा खोज में मेधावियों ने दिखाई प्रतिभा

### वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृत महाविद्यालय वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य वेदव्रत आर्य ने राष्ट्र रक्षा यज्ञ में आहुति देने, मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया।

प्रतियोगिता में संस्कृत सामान्य ज्ञान (बाल वर्ग) और संस्कृत गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न



कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र देते हुए।




कार्यक्रम में मौजूद संस्कृत विद्यालय के संस्थापक व सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ के छात्र गोविंद ने प्रथम, गुरुकुल संस्कृत माध्यमिक विद्यालय सूर्यकुंड की नंदिनी गौतम ने द्वितीय और पार्वती आर्य कन्या संस्कृत इंटर कॉलेज की नीलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्कृत गीत प्रतियोगिता में केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज की प्रिया दुबे प्रथम, गुरुकुल संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के आशीष द्वितीय और संस्कृत विद्यालय इस्लामनगर के राघव शर्मा तृतीय रहे। अतिथियों ने विजेताओं को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक और भारतीय भाषाओं की जननी है। इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार के प्रयासों के साथ समाज के सामूहिक प्रयास भी जरूरी हैं। आचार्य वेदव्रत आर्य ने कहा कि संस्कृत और भारतीय संस्कृति के संवर्धन से ही भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है।

कार्यक्रम संयोजक एवं महाविद्यालय प्राचार्य वेदमित्र आर्य और सीमा आर्य ने अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार जताया। संचालन वेदवीर आर्य ने किया। कार्यक्रम का समापन वैदिक शांति पाठ के साथ हुआ।

## परिवार परामर्श केंद्र ने बचाए बिखरते परिवार, 28 मामलों में हुई काउंसलिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पुलिस लाइन बदायूं में बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए काउंसलिंग आयोजित की गई। इसमें आपसी कलह और मतभेद के कारण परेशान परिवारों की समस्याएं सुनी गईं और उन्हें आपसी समझ-बूझ से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया गया।

परिवार परामर्श केंद्र में कुल 41 पारिवारिक मामलों की फाइलें प्रस्तुत की गईं। इनमें से 28 मामलों में काउंसलिंग की गई, जबकि दो मामलों में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। इसके अलावा 12 फाइलें निरस्त की गईं और शेष मामलों में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।




सुलह समझौता कराते काउंसलर। -जागरण मोर्चा

काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनी गई और पारिवारिक समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया। समझौते के बाद परिवारों को सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

इस दौरान काउंसलर गिरधारी सिंह राठौर, भीमसेन सागर, ज्वाला प्रसाद गुप्ता और एसडी शर्मा के साथ महिला हेड कांस्टेबल कुमुद (प्रभारी), महिला कांस्टेबल राखी, स्वाति और संध्या समेत संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## आउटसोर्स कार्मिकों को समय से मिलेगा मानदेय, मनमानी सेवा समाप्ति पर भी रोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ कर आउटसोर्स कार्मिकों के हित में कई घोषणाएं कीं। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण डायट ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब आउटसोर्स कार्मिकों को हर माह की एक से पांच तारीख के बीच सीधे बैंक खाते में पारिश्रमिक दिया जाएगा। ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान भी नियमित जमा होगा। एजेंसी का सेवा शुल्क सरकार वहन करेगी, जिससे कार्मिकों के मानदेय से अनावश्यक कटौती नहीं हो सकेगी।

नई व्यवस्था में एजेंसियां मनमाने ढंग से किसी कार्मिक को नौकरी से नहीं हटा सकेंगी। सेवा समाप्ति से पहले प्रकरण सरकार के समक्ष रखा जाएगा। दुर्घटना में 20 से 50 लाख रुपये तक बीमा सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ भी दिए जाएंगे। डिजिटल पोर्टल के माध्यम से भर्ती, उपस्थिति, भुगतान और सेवा संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने फैसले को कार्मिक हित में महत्वपूर्ण बताया। डीएम अवनीश राय ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान श्रमिकों को कन्या विवाह सहायता योजना के तहत 65 हजार रुपये के चेक और मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत 25 हजार रुपये की एफडी प्रदान की गई।

## एसडीबी पब्लिक स्कूल में कृष्ण-राधा के रूप में सजे नन्हे-मुन्नों ने मोहा मन

**जन्माष्टमी पर बच्चों ने प्रस्तुत कीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कृष्णा की बाल लीलाओं की झांकियां**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण, राधा, यशोदा और गोप-गोपियों के आकर्षक रूप में नजर आए। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को कृष्णमय कर दिया।

बच्चों ने सुंदर नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। कृष्ण-राधा के रूप में सजे बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं और आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में प्री-एनसी, एनसी और केजी-ए कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



प्रतियोगिता में प्रतिभा करते बच्चे। -जागरण मोर्चा



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में कार्यक्रम करते छात्र-छात्राएं।

प्री-एनसी से वृंदा, कुणाल अगस्त्य, सूर्यांश वार्ष्णेय, उत्कर्ष, दर्शिता, मुदित, गार्गी, प्रियांश, माधवी, शिवांगी, भाव्या, अमय, आदित्य, प्राकथन पाल, त्रिशा और हिमांश ने प्रतिभाग किया। एनसी से नव्या राघव, तन्वी ठाकुर, सिया, शिवी, कामना असोरा, आराध्या यादव, गौरवी ठाकुर और रिया शंखधर तथा बॉयज वर्ग से ध्रुव, ऋषि, मिलांश, अंजनेय तिवारी, पार्थम सिंह, मानव पाठक, पोजित देव वर्मा और युवित ने प्रस्तुतियां दीं। केजी-ए से अयनांश शर्मा, अभिरव चौहान, आरव कुमार, श्रेयांश, अक्षिता सोलंकी, कृष्णा, आदित्य शर्मा, देवांश वर्मा, यामिनी, रितुराज शर्मा और इशिता पाठक ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

प्रधानाचार्या मीनू बत्रा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

## आसफपुर में चार सितंबर को निकलेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की भव्य झांकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**इस बार झांकी पर रहेगा जोर, अगले साल से मेले की तैयारी; कृष्ण की बाल लीलाएं रहेंगी आकर्षण का केंद्र**

**आसफपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर कस्बे में तैयारियां शुरू हो गई हैं। चार सितंबर को जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य झांकी निकाली जाएगी। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं और जीवन से जुड़े धार्मिक प्रसंगों को विभिन्न स्वरूपों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। झांकी कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी और जगह-जगह श्रद्धालु उसका स्वागत करेंगे।

इस बार नहीं लगेगा मेला, अगले साल से बड़ा आयोजन आयोजन समिति के अनुसार इस वर्ष कार्यक्रम को झांकी तक सीमित रखा गया है। मेला नहीं लगाया जाएगा। हालांकि, अगले वर्ष से जन्माष्टमी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भव्य मेले का आयोजन शुरू करने की तैयारी है। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन जन्माष्टमी पर कस्बे के मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और बाल गोपाल का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। रात में जन्मोत्सव के समय आरती और पूजा होगी। घरों में भी श्रद्धालु लड्डू गोपाल का श्रृंगार कर जन्मोत्सव मनाएंगे। इस बार झांकी ही जन्माष्टमी उत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगी।

**पड़ताल** प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद से हुई थी सीकरी कांड की शुरुआत, पुराने पुलिसकर्मियों की जानकारी भी बन सकती है जांच की कड़ी, 13 गिरफ्तारियों के बाद भी जांच में बाकी हैं कई कड़ियां

## राजा की सीकरी में 25 अगस्त को हुआ बवाल थमा, मगर अब तलाशे जा रहे बवाल के पीछे के सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** राजा की सीकरी में 25 अगस्त को हुआ बवाल भले ही थम गया हो, लेकिन पुलिस की पड़ताल अभी उस शाम की पूरी तस्वीर तलाशने में जुटी है। प्रतिमा स्थापना को लेकर शुरू हुआ विवाद पुलिस टीम पर पथराव तक कैसे पहुंचा, भीड़ किस तरह जुटी और घटनाक्रम के दौरान कौन किस भूमिका में था—अब जांच इन्हीं सवालों के इर्द-गिर्द आगे बढ़ रही है। मुकदमे में कार्रवाई और कई आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस के सामने अगली चुनौती घटना की एक-एक कड़ी को साक्ष्यों के साथ जोड़ने की है। मामले की विवेचना बदले जाने के बाद जांच का रुख भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। घटनास्थल से जुड़े वीडियो फुटेज, मौके की परिस्थितियों और उपलब्ध अन्य साक्ष्यों को एक साथ रखकर घटनाक्रम को समझने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के लिए सबसे अहम बात यह होगी कि आरोपों और मौके पर हुई गतिविधियों के बीच कितनी स्पष्ट कड़ी सामने आती है।

विवाद से पथराव तक... आखिर कौन सा मोड़ निर्णायक रहा?

सीकरी कांड की शुरुआत प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद से हुई थी। प्रशासन और ग्रामीणों के बीच स्थिति संभालने के प्रयास चलते रहे, लेकिन बाद में माहौल बिगड़ गया और पुलिस टीम पर पथराव हो गया। कई पुलिसकर्मी घायल हुए और प्रशासनिक वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। अब जांच में इसी हिस्से को बारीकी से देखा जाना है। वह कौन सा क्षण था, जब बातचीत और विरोध की स्थिति



सीकरी गांव में पहरा देती पुलिस। -जागरण मोर्चा

अचानक उग्र हो गई? भीड़ में कौन लोग सक्रिय थे और पथराव शुरू होने के समय मौके पर कौन-कौन मौजूद था? पुलिस उपलब्ध साक्ष्यों के जरिए इन सवालों के जवाब तलाश रही है।

**वीडियो बताएंगे घटनाक्रम की असली टाइमलाइन :** सीकरी कांड में वीडियो फुटेज जांच की अहम कड़ी बन सकते हैं। अलग-अलग वीडियो में दिखाई देने वाली गतिविधियों को घटनाक्रम के समय से जोड़कर देखा जा सकता है। इससे पुलिस के सामने घटना की एक टाइमलाइन तैयार होने की उम्मीद है। कौन पहले मौके पर पहुंचा, भीड़ किस तरफ बढ़ी और पथराव के दौरान कौन सक्रिय दिखाई दिया—इन बिंदुओं की पड़ताल से जांच को दिशा मिल सकती है। पुलिस का प्रयास यही रहेगा कि किसी व्यक्ति की भूमिका केवल आरोप या नामजदगी के आधार पर नहीं, बल्कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर स्पष्ट हो।

**13 गिरफ्तारियों के बाद भी जांच में बाकी हैं कई कड़ियां :** मामले में पुलिस अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। कार्रवाई के बावजूद मुख्य आरोपी समेत कुछ लोगों की गिरफ्तारी अभी बाकी है। ऐसे में पुलिस के सामने दोहरी चुनौती है-एक तरफ फरार आरोपियों तक पहुंचना और दूसरी तरफ घटनाक्रम में उनकी भूमिका से जुड़े साक्ष्य जुटाना। जांच में यह भी महत्वपूर्ण होगा कि फरार आरोपितों की भूमिका केवल मुकदमे में दर्ज आरोपों तक सीमित है या उनके संबंध में अन्य तथ्य भी सामने आते हैं।

**'भीड़' नहीं, अब एक-एक चेहरे की पड़ताल :** बड़े बवाल में अक्सर भीड़ का चेहरा सामने रहता है, लेकिन विवेचना में पुलिस को एक-एक व्यक्ति की भूमिका अलग करनी पड़ती है। सीकरी मामले में भी यही चुनौती है। किसने विरोध किया, किसने पुलिस का रास्ता रोकने का प्रयास किया, किसने भीड़ को उकसाया और किसकी भूमिका पथराव में रही-इन सभी पहलुओं को अलग-अलग देखना होगा। यही कारण है कि उपलब्ध वीडियो और प्रत्यक्ष जानकारी जांच के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**पुराने पुलिसकर्मियों की जानकारी भी बन सकती है जांच की कड़ी :** क्षेत्र में पहले तैनात रहे पुलिसकर्मियों से स्थानीय स्तर की जानकारी जुटाए जाने की प्रक्रिया भी जांच का हिस्सा है। पुलिस का प्रयास है कि गांव की स्थानीय परिस्थितियों, लोगों की गतिविधियों और घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों को एक साथ रखा जाए। हालांकि, किसी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई का आधार अंततः जांच में सामने आने वाले साक्ष्य ही होंगे।

**सीकरी में अब शांति, फाइल में जारी है हलचल :** गांव में फिलहाल शांति है। पुलिस की मौजूदगी बनी हुई है और जनजीवन सामान्य होने की ओर है। बाहर से देखने पर सीकरी का विवाद अब शांत दिखाई देता है, लेकिन पुलिस की फाइल में मामला अभी खुला हुआ है। अब सवाल यह नहीं कि बवाल हुआ था या नहीं, बल्कि यह है कि उस बवाल तक पहुंचने वाली पूरी कड़ी क्या थी। प्रतिमा स्थापना से शुरू हुआ विवाद, मौके पर जुटी भीड़, पुलिस टीम से तनातनी और फिर पथराव—इन सभी घटनाओं को क्रम में जोड़कर ही जांच की तस्वीर पूरी होगी। आने वाले दिनों में विवेचना में सामने आने वाले तथ्य यह तय करेंगे कि उस दिन सीकरी में हालात बिगड़ने के पीछे किसकी क्या भूमिका थी। सीकरी कांड में गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, फरार आरोपियों की तलाश जारी है और विवेचना भी आगे बढ़ रही है। लेकिन इस मामले की असली कहानी गिरफ्तारी की संख्या में नहीं, बल्कि घटनाक्रम की उस कड़ी में छिपी है जहां विरोध ने अचानक उपद्रव का रूप लिया। अब पुलिस उसी कड़ी को तलाश रही है—किसने माहौल बिगाड़ा, भीड़ किस तरह उग्र हुई और पथराव तक पहुंचने वाली घटनाओं का क्रम क्या था। सीकरी में शांति लौट आई है, मगर उस शाम की पूरी कहानी अभी पुलिस की जांच में बाकी है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com
बदायूं
5
लखनऊ, गुरुवार, 3 सितंबर 2026

## एक नजर

### आलू किसानों को भाव गिरावट से मिलेगी राहत

**बदायूं।** आलू उत्पादक किसानों को बाजार भाव में गिरावट से बचाने और उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना 2026-27 शुरू की गई है। जिला उद्यान अधिकारी राम नरायन वर्मा ने बताया कि योजना के तहत पात्र किसानों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। योजना का लाभ केवल कृषक आईडी धारक और एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीकृत आलू उत्पादक किसानों को मिलेगा। एक किसान को अधिकतम दो हेक्टेयर क्षेत्रफल और प्रति हेक्टेयर 240 कुंतल उत्पादन तक लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा निजी कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारित करने वाले किसानों को 100 रुपये प्रति कुंतल की दर से भंडारण शुल्क अनुदान मिलेगा। एक किसान को अधिकतम 20 हजार रुपये तक की सहायता दी जाएगी। अनुदान की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। आवेदन के लिए फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक या चेकबुक की प्रति और खसरा-खतौनी, जिसमें आलू का रोपित क्षेत्रफल दर्ज हो, आवश्यक है।

# जन्माष्टमी से पहले सजने लगे बाजार, कान्हा की पोशाकों से लेकर झूलों तक बढ़ी खरीदारी

## डिजाइनर पोशाक, कुंदन-मोती वाले मुकुट और आकर्षक झूलों की बढ़ी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



कान्हा की पोशाक देखते ग्राहक।



-जागरण मोर्चा

**कुंवरगांव।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नजदीक आते ही कस्बे के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। लड्डू गोपाल के श्रृंगार से जुड़ी दुकानों पर भक्तों की आवाजाही बढ़ गई है। कान्हा के बाल स्वरूप को सजाने के लिए इस बार पारंपरिक सामान के साथ डिजाइनर पोशाक, आकर्षक मुकुट और श्रृंगार सामग्री लोगों को खूब पसंद आ रही है।

बाजार में लड्डू गोपाल के लिए विभिन्न रंगों और डिजाइनों की पोशाकें, घुंघराले बालों के सेट, कुंदन व स्टोन से सजे मुकुट, बांसुरी और छोटे-बड़े झूले उपलब्ध हैं। जन्माष्टमी से पहले ही इन सामानों की खरीदारी तेज हो गई है। दुकानदारों के अनुसार पर्व करीब आने के साथ बाजार में खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है।

दुकानदार हिमांशु गुप्ता ने बताया कि लड्डू गोपाल की पोशाक और श्रृंगार सामग्री की मांग हर साल रहती है, लेकिन इस बार नए डिजाइन के मुकुट और पोशाक ग्राहकों को विशेष रूप से पसंद आ रहे हैं। कुंदन-मोती से सजे मुकुट, घुंघराले बालों के सेट तथा जरी और स्टोन वर्क वाली पोशाकों की मांग अधिक है। कई ग्राहक घर में स्थापित लड्डू गोपाल की प्रतिमा के आकार और रंग के अनुसार पूरा श्रृंगार सेट खरीद रहे हैं। वहीं, दुकानदार सत्यम रस्तोगी ने बताया कि पारंपरिक लाल और पीले रंगों के अलावा पेस्टल शेड्स और मल्टीकलर डिजाइनर पोशाकों की भी अच्छी मांग है।

मोरपंखी डिजाइन वाले मुकुट, धातु और लकड़ी की नक्काशी वाली बांसुरी तथा छोटे-बड़े झूले ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। बाजार में छोटे आकार के लड्डू गोपाल के साथ एक किलो से लेकर इससे अधिक वजन वाली पीतल की प्रतिमाएं भी उपलब्ध हैं। बड़ी प्रतिमाओं के अनुरूप बड़े आकार की फैंसी पोशाक, भारी हार, आकर्षक मुकुट और झूले भी मंगाए गए हैं। जन्माष्टमी को लेकर बाजारों में बढ़ती चहल-पहल से दुकानदारों में भी उत्साह है।

## संक्षेप समाचार

### 'गीत गुलमोहर' में गूंजेंगे प्रेम, प्रकृति और कविता के स्वर

**बदायूं।** साहित्य और संस्कृति के विविध पक्षों को समर्पित आचमन फाउंडेशन की ओर से छह सितंबर को विशेष गीत-संध्या 'गीत गुलमोहर' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम डॉ. उर्मिलेश अमृत जयंती वर्ष के अंतर्गत तथा हिंदी दिवस पखवाड़े को समर्पित रहेगा। आयोजन में हिंदी के वरिष्ठ गीतकार एवं मैनपुरी निवासी बलराम श्रीवास्तव एकल काव्य-पाठ करेंगे। इस दौरान उन्हें प्रथम 'गीत गुलमोहर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ गीतकार नरेंद्र गरल का सान्निध्य भी प्राप्त होगा। हिंदी, प्रकृति, प्रेम, गीत और कविता को केंद्र में रखकर आयोजित होने वाली यह गीत-संध्या छह सितंबर को अपराह्न 3 :30 बजे से शाम 6 :30 बजे तक नमन प्रोफेसर्स कॉलोनी, बदायूं में होगी। आचमन फाउंडेशन की संस्थापिका डॉ. सोनरूपा विशाल ने बताया कि 'गीत गुलमोहर' के आयोजन का उद्देश्य हिंदी गीतों की संवेदनशील और समृद्ध परंपरा को सहेजना तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। गीत केवल शब्दों और सुरों का मेल नहीं, बल्कि जीवन, स्मृतियों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का प्रभावी माध्यम भी हैं। इसी भावभूमि को ध्यान में रखते हुए आयोजन में प्रेम, प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं से जुड़े गीत-काव्य की प्रस्तुति होगी। उन्होंने साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर गीत और कविता के इस विशेष आयोजन का आनंद लेने की अपील की।

### दो दिन से हो रही बारिश ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त

**दबतोरी।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश के चलते सड़कों और गलियों में जगह-जगह पानी भर गया है, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। बारिश के कारण बाजारों में भी चहल-पहल कम दिखाई दी। जरूरी काम से घरों से निकलने वाले लोगों को पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ा। वहीं, जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हुई। दुकानदार कम आवागमन होने से परेशान नजर आए। लगातार बारिश से किसानों के चेहरे पर भी चिंता नजर आ रही है। खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान की आशंका बनी हुई है। मौसम में ठंडक आने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन बारिश के कारण रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हुए हैं।

### कछला के वार्ड नंबर छह में नारकीय हालात, दूषित पानी में डूबा रास्ता

**बदायूं।** स्वच्छ भारत मिशन और नगरीय विकास के दावों के बीच कछला नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह की स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है। यहां महीनों से ध्वस्त पड़ा मुख्य खड़ंजा बारिश के बाद कीचड़ और दूषित पानी से पूरी तरह अट गया है। रास्ते पर जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। हालात यह हैं कि कई परिवार अपने घरों में ही कैद होकर रह गए हैं। वार्ड के मुख्य रास्ते पर कई सप्ताह से दूषित पानी भरा होने के कारण यहां गंदगी और दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है। पानी में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और कीड़े-मकौड़े घरों तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव और गंदगी के चलते वार्ड में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर लोग चिंतित हैं। वार्ड निवासी धीरज गुप्ता, संदीप गुप्ता, महेंद्र सिंह, राजेंद्र, सुनील और राम सिंह आदि ने बताया कि लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। दूषित पानी और बजबजाती कीचड़ के कारण मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड और डायरिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक समस्या की शिकायत नगर पंचायत कार्यालय में कई बार लिखित और मौखिक रूप से की जा चुकी है। उनका आरोप है कि शिकायतें एक मेज से दूसरी मेज तक घूमने के बाद ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और जिला प्रशासन को भी समस्या की जानकारी है, लेकिन अब तक जलनिकासी और रास्ते की मरम्मत के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। वार्डवासियों ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि 36 घंटे के भीतर जलभराव की समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो वे नगर पंचायत कार्यालय और जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

# गोवंश संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: रमाकांत उपाध्याय

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**गोशालाओं में चारा-पानी और चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश**

**सड़कों पर बैठे गोवंश और बाजार में सांडों के आतंक का मामला भी उठा**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की मौजूदगी में गोवंश संरक्षण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण और देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। गोशालाओं में संरक्षित गोवंश के लिए पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण चारा, स्वच्छ पेयजल, नियमित चिकित्सा और साफ-सुथरा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। चारा-पानी, साफ-सफाई और चिकित्सा सुविधाओं में लगातार सुधार किया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

रमाकांत उपाध्याय ने गोवंश संरक्षण में जनसहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाजसेवियों, व्यापारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और दानदाताओं का सहयोग लेकर गोशालाओं की व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाए। गोवंश संरक्षण केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इससे पहले पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में पत्रकारों ने शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में गोवंश के बैठे रहने का मुद्दा उठाया। बताया गया कि कई बार बाजारों में सांड आपस में भिड़ जाते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पत्रकारों ने गोवंश से जुड़ी अन्य समस्याओं और शिकायतों को भी आयोग के सदस्य के सामने रखा।

मामले को गंभीरता से लेते हुए रमाकांत उपाध्याय ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी प्रेम कोहली को निर्देश दिए कि गोवंश से संबंधित शिकायतों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर गोवंश के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को नजरअंदाज न किया जाए और संरक्षण के साथ-साथ जनसुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए।

# बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर भाजपा का जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान**

**उसावां।** दातागंज विधानसभा क्षेत्र के उसावां मंडल में भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें मंडल कार्यसमिति का भौतिक सत्यापन करने के साथ ही संगठन को अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही कार्यकर्ताओं को सौंपी गई संगठनात्मक जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निर्वहन करने पर जोर दिया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष शाक्य ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। मंडल अध्यक्ष राहुल कुमार लोधी और मंडल प्रभारी सहदेव सागर ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और तालमेल के साथ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों के करीब होने के बावजूद बदहाल है शिवपुरम की सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय



मोहल्ला शिवपुरम में गड्ढे में फंसकर पलटी ई रिक्शा। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों और बड़े-बड़े नेताओं की मौजूदगी के बावजूद स्थानीय लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शिवपुरम की सड़क की बदहाल स्थिति इसका उदाहरण है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और टूटा हुआ मार्ग स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। राहगीरों और वाहन चालकों को आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिवपुरम क्षेत्र कई बड़े नेताओं के नाम से पहचाना जाता है और यहां से जनप्रतिनिधियों का लगातार आना-जाना भी रहता है। इसके बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार न होना बेहद निराशाजनक है। लोगों का सवाल है कि जब जनप्रतिनिधि इतने करीब हैं, तो फिर क्षेत्र की समस्याएं जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक क्यों नहीं पहुंच पा रही हैं। खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से सड़क की स्थिति का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच यदि शहर के प्रमुख क्षेत्र की सड़क ही बदहाल रहेगी तो आम जनता के बीच सवाल उठना स्वाभाविक है। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द सड़क का निरीक्षण कराकर स्थायी समाधान कराएंगे।

# पुलिस हिरासत में राजेश कोरी की मौत पर हाईकोर्ट जाने का ऐलान

## अटसेना में शोकसभा में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव, परिजनों से की मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय



ग्रामीणों से बात करते कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत यादव। -जागरण मोर्चा

- **बोले- न्यायिक जांच, एक करोड़ मुआवजा और पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग उठाएंगे**

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली में पुलिस हिरासत में राजेश कोरी की मौत के मामले में कांग्रेस ने न्याय की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव अटसेना गांव पहुंचे और राजेश कोरी की दसवीं की शोकसभा में शामिल होकर परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने के साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत करने की बात कही।

शोकसभा में कोरी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए अजीत यादव ने कहा कि राजेश कोरी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र के दायरे में आगे बढ़ाई जाएगी। अजीत यादव ने मृतक की पत्नी रूपवती, बच्चों अरुण, नंदिनी, प्रांशी और दो माह के अमन के अलावा माता राजवती तथा भाइयों महिपाल और हृदेश कोरी से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।

परिजनों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष के सामने आरोप लगाया कि राजेश की मौत दातागंज कोतवाली में हुई थी। उनका कहना था कि पुलिस उन्हें साथ लिए बिना पहले राजेश को सीएचसी दातागंज और बाद में जिला अस्पताल बदायूं ले गई। इसके बाद आनन-फानन में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करा दिया गया। परिजनों ने मामले में न्याय दिलाने की मांग की।

अजीत यादव ने कहा कि हाईकोर्ट में दाखिल की जाने वाली याचिका में हाईकोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में न्यायिक जांच कराने, संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने, राजेश की पत्नी को सरकारी नौकरी देने, परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा, बच्चों को मुफ्त शिक्षा और प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य मांगें उठाई जाएंगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार उन्हें राजेश के परिजनों से मिलने से रोकती रही। दावा किया कि उन्हें चार दिनों तक बदायूं के नेकपुर स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट रखा गया। अजीत यादव ने प्रदेश सरकार पर दलितों और पिछड़ों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय डराया-धमकाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राजेश कोरी को न्याय दिलाने की लड़ाई केवल कोरी समाज की नहीं, बल्कि हर इंसाफ पसंद नागरिक की लड़ाई है। इस दौरान दातागंज विधानसभा प्रभारी कुंवर पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्यम यादव, जिला सचिव गिरीश चंद्र एडवोकेट, ओमप्रकाश यादव, मुनेन्द्र सिंह, विजय बहादुर समेत कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**दिक्कत** शासन की मुफ्त राशन योजना को लग रहा पलीता, डीलर की तैनाती न होने से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

# दातागंज में 11 सरकारी राशन की दुकानें बिना डीलर, गरीबों के राशन पर संकट

जागरण मोर्चा कार्यालय



सरकारी राशन की दुकान के प्रस्ताव को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**दातागंज।** शासन की ओर से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए संचालित मुफ्त राशन योजना पर दातागंज क्षेत्र में जिम्मेदारों की लापरवाही भारी पड़ती नजर आ रही है। क्षेत्र में करीब 11 सरकारी राशन की दुकानें ऐसी हैं, जहां नियमित डीलर की तैनाती नहीं है। इसके चलते पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डधारकों को राशन लेने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण सरकारी व्यवस्था प्रभावित हो रही है और गरीब जनता को अपने हक का राशन लेने के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक राशन की दुकानों पर डीलर की व्यवस्था सुचारु नहीं होने से वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई जगह कार्डधारकों को दूसरे कोटेदारों के यहां संबद्ध किया गया है, लेकिन वहां भी उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के कारण दिक्कतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन गरीब परिवारों को समय से राशन उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, लेकिन स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की निगरानी में लापरवाही बरती जा रही है।

लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में प्रभावशाली लोगों के इशारे के बिना गरीब जनता को सरकारी राशन मिलने में भी परेशानी होती है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ग्रामीणों ने राशन वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराने और सभी रिक्त दुकानों पर जल्द डीलरों की नियुक्ति की मांग की है।

**अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल :** दातागंज क्षेत्र में लंबे समय से राशन की दुकानों के संचालन को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिन दुकानों पर डीलर नहीं हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को हर माह राशन लेने के लिए असुविधा उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने जिलास्तरीय अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर राशन की दुकानों की स्थिति की जांच कराने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि जिन दुकानों पर डीलर की तैनाती नहीं है, वहां नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर जल्द नियुक्ति की जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न मिल सके।

**सैजनी हत्याकांड के बाद भी सवालों के घेरे में व्यवस्था :** क्षेत्र में सैजनी में दो अधिकारियों की हत्या की घटना के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते अधिकारियों ने शिकायतों और स्थानीय परिस्थितियों को गंभीरता से लिया होता तो शायद स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद प्रशासनिक स्तर पर सतर्कता और निगरानी बढ़ाए जाने की उम्मीद थी, लेकिन कई मामलों में अभी भी लापरवाही दिखाई दे रही है।

# दिव्यांग दंपत्तियों को मिलेगा 35 हजार रुपये तक विवाह प्रोत्साहन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से दिव्यांग दंपत्तियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 अथवा गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विवाह करने वाले पात्र दिव्यांग दंपत्ति ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ दंपत्ति की संयुक्त नवीनतम फोटो, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, बैंक खाते का विवरण, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य है।

योजना का लाभ लेने के लिए दंपत्ति का भारत का नागरिक होने के साथ उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी अथवा कम से कम पांच वर्ष का अधिवासी होना जरूरी है। विवाह के समय युवक की आयु 21 से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। दंपत्ति में कोई भी सदस्य आयकरदाता नहीं होना चाहिए। इसके अलावा किसी सदस्य का पूर्व से जीवित पति या पत्नी नहीं होना चाहिए। किसी आपराधिक मामले में दंडित होने अथवा महिला उत्पीड़न सहित अन्य आपराधिक वाद लंबित होने की स्थिति में भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

योजना के तहत वर के दिव्यांग होने पर 15 हजार रुपये, वधू के दिव्यांग होने पर 20 हजार रुपये तथा वर-वधू दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सामान्य युवक या युवती से दिव्यांग व्यक्ति का कानूनी रूप से विवाह होने संबंधी सक्षम न्यायालय का प्रमाण पत्र अपलोड करना स्वैच्छिक रखा गया है।

अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के 25 दिव्यांग दंपत्तियों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने पात्र दंपत्तियों से जल्द ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए विकास भवन स्थित कक्ष संख्या 103 में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# आउटसोर्स कर्मियों को अब समय से वेतन और सामाजिक सुरक्षा का लाभ

## मुख्यमंत्री ने किया सेवा निगम, पोर्टल व वेबसाइट का शुभारंभ, गांधी हॉल में हुआ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** आउटसोर्स कर्मियों के हितों को सुरक्षित करने और उन्हें समय से वेतन व सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के लोक भवन सभागार में निगम, पोर्टल और वेबसाइट का शुभारंभ किया। इसका सजीव प्रसारण गांधी भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। वित्त मंत्री ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों के अधिकार और सेवा संबंधी लाभ सुनिश्चित करने के लिए शासन ने प्रभावी व्यवस्था की है। नौ सितंबर 2025 के शासनादेश के माध्यम से निगम के गठन की व्यवस्था की गई थी। अब निगम के लोगो, वेबसाइट और पोर्टल का भी शुभारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से सेवाएं ली जाएंगी। निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले सर्विस प्रोवाइडर को तीन वर्ष के लिए इम्पैनल किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई के साथ उसे ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकेगा। इससे कर्मियों के शोषण पर प्रभावी अंकुश लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों को प्रत्येक माह की एक से पांच तारीख के बीच वेतन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। साथ ही ईपीएफ और ईएसआईसी का लाभ भी समय से दिलाया जाएगा। मातृत्व अवकाश, स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना बीमा



गांधी भवन में विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित करते वित्त मंत्री। -जागरण मोर्चा

जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। निर्धारित प्रावधानों के तहत दुर्घटना की स्थिति में 20, 40 और 50 लाख रुपये तक का बीमा कवर दिया जाएगा। अग्निकांड से प्रभावित कर्मियों के लिए 10 लाख रुपये तक की सहायता अथवा बीमा कवर की व्यवस्था की गई है। आउटसोर्स कर्मियों के जीरो बैलेंस पर बैंक खाते खोलने, कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने और पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण की सुविधा भी दी जाएगी। निगम के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाओं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और सुरक्षा किट देकर सम्मानित किया। महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में कर्मचारी आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवाएं दे रहे हैं। सेवा संबंधी लाभ मिलने में परेशानी होने पर कर्मचारी आउटसोर्स सेवा पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकेंगे। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने बताया कि पोर्टल का उद्देश्य आउटसोर्स कर्मियों की शिकायतों का निस्तारण, उन्हें सेवा संबंधी लाभ उपलब्ध कराना और एजेंसियों को विनियमित करना है। इससे व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। कार्यक्रम में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कन्या सहायता योजना के तहत बाडूजई प्रथम निवासी अनवर अली को 65 हजार रुपये का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया। शिशु हितलाभ योजना में महमंद हद्दफ निवासी जागीर खान और ग्राम बरकलीगंज, खुटार निवासी मोहम्मद यूनूस को 31-31 हजार रुपये के स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। बीओसीडब्ल्यू बोर्ड की अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत श्यामतगंज गौटिया निवासी दिनेश पाल के पुत्र कौशल का कक्षा छह और तारीन जलालनगर निवासी मोहम्मद असलम के पुत्र मोहम्मद हैदर का कक्षा नौ में चयन हुआ है। दोनों वर्तमान में अटल आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वेद प्रकाश मौर्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, पूर्व सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, सहायक श्रम आयुक्त केके गुप्ता, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कुमार सिंह व नागेंद्र त्रिपाठी समेत अधिकारी, कर्मचारी और आउटसोर्स कर्मी मौजूद रहे।

# राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में प्रदर्शन कर युवा कांग्रेस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहाँपुर।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से जोरदार नारों के साथ जुलूस निकालकर शहीदों की प्रतिमाओं के पास पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी पर हुई एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शाहजहाँपुर को सौंपने का प्रयास किया।

प्रशासन द्वारा शहीदों की प्रतिमाओं के समक्ष रोके जाने पर ज्ञापन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका को सौंप दिया गया। ज्ञापन में उत्तराखंड में राहुल गांधी पर कथित फर्जी एफआईआर दर्ज करने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यक्रम उपरांत मंच के शुद्धिकरण की घटना पर अभी तक कोई प्रभावी कार्यवाही न किये जाने का मुद्दा उठाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव प्रभारी ब्रज क्षेत्र कुणाल चौधरी ने कहा कि फर्जी मुकदमों की बाढ़ और सामाजिक अपमान की घटनाओं पर चुप्पी अब लोकतंत्र के गले की हड्डी बन चुकी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष शाहनवाज खान, जिला उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, जिला महासचिव शिवओम मिश्रा, राहिल अंसारी, जिला सचिव मोहम्मद आमिर, मोहमद अनस, राघव शुक्ला, नितिन तिवारी, शिवम यादव, शिवांश मिश्रा एड, कासिम अंसारी, इरफान खान, मोहम्मद निहाल एड, यश गुप्ता, रवि नंदन, सौरभ गुप्ता एड, जितेंद्र पाल, अनुराग वर्मा, केशव मिश्रा एड, मोहसिन, फैज़ान, मोहम्मद अयान, तहजीब अंसारी, आलीशान, हिमांशु मुदगल आदि मौजूद रहे।



अटसालिया रेलवे लाइन के पास शव की जांच करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

# अटसालिया रेलवे लाइन पर झाड़ियों में मिला अज्ञात शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रौज़ा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर अटसालिया रेलवे क्रासिंग के पास अप रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में करीब 40 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और रौज़ा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र अपनी पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि युवक किसी चलती ट्रेन से गिर गया होगा। इसके बाद, ट्रेन पकड़ने के प्रयास में उठकर दौड़ते समय वह रेलवे लाइन के किनारे पड़े एक लोहे के गाटर से टकराकर झाड़ियों में जा गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। वर्तमान स्थिति में मृतक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के इलाकों में शव की शिनाख्त कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# दियूनी बैराज से छोड़ा गया 21,560 क्यूसेक पानी

- तीन-चार दिन में बढ़ेगा गर्रा का जलस्तर
- अजीजगंज पुल पर करीब दो मीटर बढ़ने की आशंका
- नदी किनारे सतर्क रहने के निर्देश खतरे का निशान 148.80 मीटर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** गर्रा नदी के जलस्तर में अगले तीन से चार दिनों में बढ़ोतरी की संभावना है। पीलीभीत स्थित दियूनी बैराज से मंगलवार को अपराह्न तीन बजे गर्रा नदी में 21,560 क्यूसेक पानी पास किया गया। इसका असर अगले तीन से चार दिनों में शाहजहांपुर शहर में पहुंचने की संभावना जताई गई है। बाढ़ प्रभारी अधिकारी एवं शारदा नहर खंड के अधिकारियों के अनुसार, अजीजगंज पुल पर गर्रा नदी का वर्तमान जलस्तर 145.55 मीटर है। बैराज से छोड़े गए पानी के प्रभाव से जलस्तर करीब दो मीटर बढ़ने की संभावना है। अजीजगंज पुल पर गर्रा नदी का खतरे का निशान 148.80 मीटर निर्धारित है। जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए नगर क्षेत्र के तटीय और डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूरी रखने और नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचाव किया जा सके। प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि नदी के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं और जलस्तर बढ़ने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहें।

# विधायक ने गौतम मौर्य के पिता को सौंपा नियुक्ति पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** चर्चित कांड गौतम मौर्य की हत्या के बाद पीड़ित परिवार को बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर राहत मिली। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक अरविंद कुमार सिंह ने गौतम के पिता चंद्रपाल को नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति मिलने से परिवार को आर्थिक संबल मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायत कांट के मीटिंग हॉल में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान विधायक अरविंद कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नूरजहां, सभासद, सफाई मित्र और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम



गौतम के पिता को नियुक्ति पत्र सौंपते विधायक। -जागरण मोर्चा

में आउटसोर्स कर्मियों के बढ़े पारिश्रमिक और उन्हें मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन वृद्धि के साथ ईपीएफ, ईएसआई, स्वास्थ्य, शिक्षा, बीमा, मातृत्व अवकाश और समय से पारिश्रमिक जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसी कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गौतम मौर्य के पिता चंद्रपाल को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। गौरतलब है कि कांट क्षेत्र में गौतम मौर्य की हत्या के मामले में समीर और उसके साथियों पर हत्या का आरोप है। घटना के बाद से परिवार न्याय के साथ आर्थिक मदद की भी उम्मीद कर रहा था। नियुक्ति पत्र मिलने से परिवार को नियमित आय का जरिया मिलने की उम्मीद है।

# 35 लाख के 151 बरामद मोबाइल स्वामियों को लौटाये, लोगों ने खाकी की थपथपाई पीठ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिले की पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइलों की बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीमों ने सर्विलांस और साइबर तकनीक के सहारे 151 महंगे स्मार्टफोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस लाइन में जब स्वामियों को उनके खोए हुए फोन सौंपे गए, तो लोगों के चेहरे खिल उठे। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया। महीनों पहले खो चुके फोन जब लोगों के हाथों में वापस आए, तो उन्होंने पुलिस की



मोबाइल वापस पाकर खुशी व्यक्त करते नागरिक। -जागरण मोर्चा

कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की। कई लोगों का कहना था कि वे अपने महंगे स्मार्टफोन और जरूरी डेटा मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन पुलिस की तत्परता से उनका कीमती सामान सुरक्षित वापस मिल गया। संयुक्त टीम की तकनीक लाई रंग पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुमशुदा मोबाइलों की रिकवरी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इस अभियान के तहत जिले की सर्विलांस सेल, एसओजी और सभी थानों में संचालित साइबर हेल्प डेस्क की टीमों ने लगातार तकनीकी साक्ष्यों और आईएमईआई (IMEI) नंबरों को ट्रैक किया। कड़े प्रयासों के बाद विभिन्न क्षेत्रों से कुल 151 फोन बरामद करने में सफलता मिली।

धर्मकर्म | कचियानी खेड़ा हनुमान मंदिर पर हुआ सामूहिक सुंदरकांड, देर रात तक चला विशाल भंडारा

# सच्चे मन से पुकारो तो दौड़े चले आते हैं हनुमान : देवप्रकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर :** भक्ति सच्ची हो और भगवान के प्रति मन में श्रद्धा का भाव निष्काम ढंग से हो तो भक्त की एक ही पुकार पर भगवाननंगे पांव दौड़े चले आते हैं। संसार में ऐसा कोई भी कार्य कठिन नहीं है जो की हनुमान जी की भक्ति से पूरा ना हो सके। इसीलिए इनका नाम संकट मोचन रखा गया है उक्त विचार .पंडित देव प्रकाश मिश्रा में काच्यानी खेड़ा स्थितहनुमान मंदिर पर सामूहिक सुंदरकांड के दौरान व्यक्त किये।

मंगलवार को विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन के बाद यज्ञ का आयोजन किया गया। उसमें श्रद्धालुओं ने विश्व



कचियानी खेड़ा के हनुमान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

कल्याण की भावना से आहुतियां दी। इस दौरान सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया गया जिसमें संगीतमय ढंग से सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो की देर रात तक चला। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक शर्मा, सुधीर शर्मा, राजीव शर्मा, अशोक तोमर, मोहित मिश्रा, कटरा अनूप त्रिपाठी, सागर गुप्ता, सुखदेव यादव, दीपक गुप्ता, कौशल मिश्रा, अनिल तिवारी विधायक सलोना कुशवाहा राकेश मिश्रा अनावा नीरज शर्मा विनीत शर्मा संदीप सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# रामगंगा में कूदे युवक को एसआई ने नदी में छलांग लगाकर बचाया

**शाहजहांपुर।** अल्हागंज थाना क्षेत्र में मंगलवार रात में रामगंगा पुल से एक युवक ने अचानक नदी में छलांग लगा दी। युवक को नदी में कूदते देख पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक अजय ने बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी और युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया। युवक की पहचान फर्रुखाबाद जिले के रहने वाले आशू के रूप में हुई है। बताया गया कि आशू रामगंगा पुल पर पहुंचा और अपना वाहन खड़ा करने के बाद अचानक नदी में कूद गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई अजय ने साहस दिखाते हुए नदी में छलांग लगाकर युवक को बचा लिया। पुलिस के अनुसार युवक सुरक्षित है। उसके स्वजन को घटना की जानकारी दे दी गई है।

# 1.2 करोड़ के फैंसी तितली नमस्ते चिन्ह लगाने वाली फर्म ब्लैकलिस्ट

- 500 चिन्ह समय से पहले हुए खराब
- नोटिस के बाद भी नहीं कराया सुधार, 12 लाख जमानत राशि भी जब्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम क्षेत्र में फैंसी लाइटों के साथ लगाए गए तितली और नमस्ते के चिन्हों की खराब गुणवत्ता पर नगर निगम ने सख्त कार्रवाई की है। करीब 1.20 करोड़ रुपये की लागत से लगाए गए लगभग 500 चिन्ह समय से पहले ही खराब हो गए। जांच में गुणवत्ता और निर्माण में लापरवाही सामने आने पर नगर निगम ने संबंधित फर्म लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। साथ ही फर्म की जमानत राशि जब्त करने के आदेश दिए गए हैं। नगर निगम की ओर से शहर में फैंसी लाइटों के साथ तितली और नमस्ते के चिन्ह लगाए गए थे। कुछ समय बाद ही बड़ी संख्या में ये चिन्ह खराब होने लगे। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम अधिकारियों ने इसकी जांच कराई। अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी की जांच रिपोर्ट में चिन्हों के निर्माण और गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने की बात सामने आई। जांच में यह भी सामने आया कि चिन्हों के खराब होने के पीछे किसी दैवीय आपदा या तेज हवाओं को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इसके बावजूद बड़ी संख्या में चिन्ह समय से पहले खराब हो गए। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, फर्म को कई बार नोटिस जारी कर खराब तितली और नमस्ते के चिन्हों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद फर्म की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। इससे नगर निगम की संपत्ति के साथ ही सरकारी धन को नुकसान पहुंचा। अपर नगर आयुक्त ने जांच कराई जिसकी रिपोर्ट में इसे राजकीय धन के दुरुपयोग के रूप में माना गया। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट करने और उसकी जमानत राशि जब्त करने के आदेश दिए गए हैं। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता करने वाली फर्मों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग न हो और करदाताओं के पैसे से कराए जाने वाले कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों।

## संक्षेप समाचार

### गर्रा नदी में बढ़ रहा जलस्तर दहशत में ग्रामीण

**खुदागंज।** गर्रा नदी में 21000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद से लगातार जल स्तर बढ़ रहा है जिससे ग्रामीणों में दहशत है उधर क्षेत्र के गांव रामेश्वर गंज गोटिया के बासिंदो का कहना है कि पिछली बार भी हमारा गांव बाढ़ में बड़े जलस्तर से ग घिर गया था जहां नाव से कई दिन आवागमन होता रहा इस बार भी जलस्तर बढ़ा तो नाव की आवश्यकता पड़ेगी उन्होंने प्रशासन से नाव उपलब्ध कराए जाने की मांग की है

### समस्याओं के निराकरण को टंकी पर चढ़े ग्रामीण



ग्रामीणों से वार्ता करते खंड विकास अधिकारी अरविंद दुबे व मुन्ना सिंह नवादा।

**खुदागंज।** गोवंश पकड़वाये जाने व गांव में कीचड़ दल दल के चलते रास्ता न होने की समस्याओं को लेकर गांव के तीन युवक पानी की टंकी पर चढ़ गए जिसके चलते लोगों में हड़कंप मच गया मामले की सूचना ब्लॉक के अधिकारियों को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी सहित संबंधित कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उक्तलोगों से बात की बताया जाता है की विकास क्षेत्र भुन्डी की ग्राम पंचायत के गांव ताहरपुर निवासी अनुज सिंह प्रभाकर सिंह योगेंद्र सिंह पानी की टंकी पर चढ़ गए और निराश्रित गोवंश द्वारा फसले उजाड़ने की शिकायत करते हुए गांव के चारों तरफ पानी होने व मार्ग न होने की समस्या के निराकरण हेतु मांग करने लगे मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी अरविंद दुबे ने ग्रामीणों को आस्वस्त करते हुए मार्गों पर रोडा डलवाए जाने हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार सिंह को निर्देशित किया उसके बाद ही ग्रामीण माने और टंकी से नीचे उतर गए।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर हाईवे पर उतरीं महिलाएं



सड़क निर्माण की मांग को लेकर हाइवे जाम करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गांव सुनौरा अजमतपुर में सड़क निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं नेशनल हाईवे 30 पर पहुंच गईं और सड़क निर्माण की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। महिलाओं के हाईवे पर बैठने से कुछ समय के लिए वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया। सड़क पर वाहनों की कतार लगने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। महिलाओं का कहना था कि गांव की सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती हैं। कई बार मांग के बावजूद सड़क निर्माण की ओर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाया। इसके बाद हाईवे से जाम हट गया और आवागमन सुचारू हो गया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की है। अब देखना है कि महिलाओं के इस विरोध-प्रदर्शन के बाद जिम्मेदार अधिकारी सड़क निर्माण को लेकर क्या कदम उठाते हैं।

### आकाश मिष्ठान भंडार पर फूड विभाग का छापा

**शाहजहांपुर।** चौक क्षेत्र के चर्चित आकाश मिष्ठान भंडार पर मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने छापेमारी की। अचानक पहुंची टीम की कार्रवाई से दुकान संचालकों में खलबली मच गई। टीम ने प्रतिष्ठान में रखे खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल की और कई नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। यदि नमूनों में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी खामी सामने आती है तो नियमानुसार संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। फूड विभाग की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के अन्य मिठाई कारोबारियों में भी हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों का कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। सहायक आयुक्त खाद्यय विनीत कुमार ने बताया शिकायत पर टीम गई थी कुछ मिठाइयों का सेंपल लिया गया है सेंपल रिपोर्ट आने के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### किडजी एलिमेंट्री स्कूल में जन्माष्टमी पर बच्चों ने मचाया धमाल

**शाहजहांपुर।** किडजी एलिमेंट्री स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और ग्रैंडपेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी विशेष रूप से शामिल हुए। नन्हे बाल कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और इस्कॉन के संकीर्तन से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और बाल गोपालों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और बाल लीलाओं पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर वरिष्ठजनों ने करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद इस्कॉन शाहजहांपुर से आए साधु जीवन प्रभु ने संकीर्तन मंडली के साथ भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया। 'हरे कृष्ण' महामंत्र के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। अभिभावकों और ग्रैंडपेरेंट्स ने भी संकीर्तन में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों के जीवन में संस्कारों की नींव मजबूत करने में बुजुर्गों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### जन्माष्टमी को लेकर सजने लगा बाजार

**चंदौसी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शहर के बाजारों में रौनक चरम पर है। त्योहार को विशेष बनाने के लिए श्रद्धालु पूजा की तैयारियों के साथ-साथ बच्चों को कान्हा का रूप देने के लिए फैंसी पोशाकों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, सोशल मीडिया के प्रभाव के चलते इस बार ग्राहक मोबाइल पर पहले से तय पसंदीदा डिजाइन दिखाकर पोशाकें मांग रहे हैं।बाजार में शून्य से दस वर्ष तक के बच्चों के लिए 300 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक की आकर्षक ड्रेसेस उपलब्ध हैं। इसके अलावा, लड्डू गोपाल के लिए 100 रुपये से लेकर 4,000 रुपये तक के फैंसी झूले बिक रहे हैं। हालांकि, कच्चे माल के दाम बढ़ने से सूरत से आने वाली पोशाकों की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, फिर भी ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है और बाजारों में लगातार भीड़ बढ़ रही है।

# बैंड-बाजों संग निकाली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदासी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में बुधवार को कागजी मोहल्ला स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर की ओर से धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल स्वचलित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। फरीदाबाद से आए हनुमान जी के स्वरूप लोगों को अपनी और आकर्षित किया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

शोभायात्रा का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव,पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य रथ की आरती और फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में भगवान गणेश, मां काली, हनुमान जी, शेरावाली मां राधा कृष्ण,राम दरबार, बांके बिहारी, रामल्ला, राम रावण युद्ध, खाटू श्याम, की स्वचलित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं ।महाकाल बाबा की शाही पालकी, बांके बिहारी का निधि बंगला सहित कई स्कूली बच्चों की झांकियां भी शामिल रहीं। शोभायात्रा में शामिल अघोरी के वेष में सजे कलाकारों ने अपने नृत्य से समां बांध दिया। जगह- जगह लोग मां काली से गोले कटवाते नजर आए। शोभायात्रा जिस-जिस मार्ग से गुजरी, वहां का माहौल भक्तिमय हो गया। श्री सनातन पंजाबी सभा मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा फव्वारा चौक, मालवीय चौक, रामस्वरूप रोड, संभल गेट, घंटाघर, फड़्याई बाजार, ब्रह्म बाजार से बड़ा बाजार हुसैनी बाजार,होते हुए मुरादाबाद गेट से होकर पुनः मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर सुधीर मल्होत्रा, सचिन मग्गो, बुद्धिश छाबड़ा, विजय अरोरा, मोनू अदलखा, रोहित मग्गो, अमन मल्लन, गगन अरोरा, नीतू ओहरी, गगन अरोरा, बिट्टू अदलखा, गुलशन खत्री, ऋतिक अदलखा, अर्पित मेहरोत्रा,राजू कालरा, मनमोहन भसीन, इंद्रमोहन बतरा, सचिन अरोरा, संजय मदान, अमित डुडेजा, विमल साहनी, गुलशन अरोरा, यश मदान, सावन शर्मा, अभिषेक कुमार आदि समाज के लोग मौजूद रहे। संचालन सचिन मग्गो और ऋषि अरोरा के द्वारा किया गया।



चंदौसी मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा में करतब दिखाते कलाकार।



चंदौसी मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा में नृत्य करती महिलाएं कलाकार।



चंदौसी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा में झांकी की आरती करते अतिथि।



चंदौसी मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा में नृत्य करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

# न्यायालय कर्मचारियों ने किया आंदोलन का समर्थन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ जनपद सम्भल की बैठक बुधवार को जिला न्यायालय परिसर में अध्यक्ष राजेश कुमार भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का पूर्ण समर्थन किया गया। साथ ही मांगों के समर्थन में आगामी 25 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले सत्याग्रह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया।संघ ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जनपद न्यायालय कर्मियों की शासन स्तर पर लंबित मांगों पर एक माह के भीतर सकारात्मक कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष राजेश कुमार भट्ट ने बताया कि वर्ष 2021 और 2022 से लंबित जिला न्यायालय सेवा नियमावली संशोधन, संविदा कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी व नियमितीकरण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के पदों का पुनसृजन और मकान किराया भत्ता की दूरी के पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य लंबे समय से लंबित हैं।मांगों को लेकर रणनीति तैयार की गई है, जिसके तहत 13 सितंबर को सदर विधायक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद 2 अक्टूबर को शांतिपूर्ण तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 25 अक्टूबर 2026 को प्रदेशभर के न्यायालय कर्मचारी लखनऊ में जुटेंगे। इस मौके पर सचिव योगेन्द्र सिंह, आशुतोष शुक्ला, अजय कुमार और राजीव कुमार भटनागर आदि उपस्थित रहे।

# जन्माष्टमी के अवसर पर किया भजन कीर्तन

▶ श्री गीता सत्संग महिला मंडल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में श्री गीता सत्संग महिला मंडल की महिलाओं ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में बुधवार को श्रीकृष्ण भगवान के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर भजन कीर्तन के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर संयोजकता इंदू अग्रवाल ने बताया कि यह एक धार्मिक उत्सव है जिसे भगवान के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है यह भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है श्रीकृष्ण का जन्म कंस के कारागार में हुआ था इस दिन मंदिरों को सजाया जाता है भजन कीर्तन होते हैं कई जगह माखन चोरी और दही -हांडी की प्रतियोगिताएं भी होती हैं। अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया यह पर्व हमें प्रेम करना और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है कृष्ण जन्म का संदेश है कि सत्य और हर्ष की सदैव विजय होती है

इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा नृत्य, रासलीला एवं दही -हांडी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया सभी बच्चों को संतापना पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण एवं सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था थी इस अवसर पर संयोजिका इंदू अग्रवाल, अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, वित्त मंत्री रानी अग्रवाल, सीमा, मीरा, क्षमा, रूपाली, सीता, गार्गी,मंजू, कविता, माधुरी, साधना, पूनम, शिखा, मनीषा, चंचल, माया, बीना, आशा, नीलम, रेखा लता, नीलम, शालू, प्रतिभा, रेनू , सुनीता, प्रीति, मधु, मलती, कल्पना आदि उपस्थित रहीं।



चंदौसी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल महिला मंडल की पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# गजेंद्र सिंह बनाए गए मेला थाना प्रभारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी मेले व भगवान गणेश की रथ यात्रा की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी कर ली है। पुलिस अधीक्षक ने 12 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रभावी रहने वाला एक अस्थायी थाना गठित कर आठ पुलिसकर्मियों को तैनात किया है।

प्रसिद्ध गणेश चतुर्थी मेला और गणेश रथ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अस्थायी थाना गठित करते हुए नौ पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। यह अस्थायी थाना 12 सितंबर से दो अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। एसपी की ओर से जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक गजेंद्र सिंह को अस्थायी थाना गणेश चतुर्थी मेले का प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव, उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार और उपनिरीक्षक ब्रजपाल सिंह को तैनात किया गया है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, मुख्य आरक्षी विपिन, आरक्षी धर्मराज, आरक्षी शुभम आर्य और आरक्षी विशेष कुमार आर्य की भी ड्यूटी लगाई गई है। एसपी ने बताया कि गणेश चतुर्थी मेले और 14 सितंबर को होने वाली गणेश रथ यात्रा के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अस्थायी थाने की व्यवस्था की गई है। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# युवा संवाद कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर हुआ सार्थक विमर्श

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम संपन्न

**चंदौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में बुधवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका - मेरा राष्ट्र, मेरा योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र के प्रति उनके दायित्वों, सामाजिक उत्तरदायित्वों तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह उदय तथा प्रचारक रौनक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उदय नगर कार्यवाह ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनकी ऊर्जा, प्रतिभा, विचारशीलता और रचनात्मक क्षमता का सकारात्मक उपयोग राष्ट्र की प्रगति को नई दिशा प्रदान कर सकता है। रौनक ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार या किसी एक संस्था का दायित्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव कहा कि राष्ट्र के प्रति योगदान केवल बड़े कार्यों तक सीमित नहीं है। ईमानदारी, अनुशासन, समय का सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव, शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, स्वच्छता, सेवा-भाव तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन भी राष्ट्र सेवा के महत्वपूर्ण रूप हैं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट सहित उपस्थित छात्र-छात्राओं को संदेश दिया गया कि भारत की प्रगति और भविष्य की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मेरा राष्ट्र, मेरा योगदान की भावना को आत्मसात करते हुए राष्ट्रहित में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ।कार्यक्रम में डॉ. हेमंत कुमार, प्रो. जितेंद्र कुमार, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. विशेष कुमार पांडेय एवं डॉ. प्रदीप कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सुलह समझौता केंद्र पर दो परिवारों को मिलाया

**चंदौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी/महिला थानाध्यक्ष डा रुकम पाल सिंह की अध्यक्षता में गौशाला रोड पिंक चौकी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल पत्रावली 26 को सुना गया 7 पत्रावली का निस्तारण किया गया 2 परिवारों को पुनः मिलाया गया 1 पत्रावली पर विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई 4 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 में 25 ट्रेड के कारीगरों को मिलेगा लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। योजना का उद्देश्य स्थानीय दस्तकारों एवं कारीगरों के आर्थिक उन्नयन तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

योजना के अंतर्गत पूर्व से संचालित 11 पारंपरिक ट्रेडों—बढ़ई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, नाई, राजमिस्त्री, सुनार, टोकरी बुनकर, हलवाई, मोची एवं धोबी के साथ 14 नए ट्रेड शामिल किए गए हैं। इनमें पांच नए पारंपरिक ट्रेड मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूजा एवं मधुआरा तथा नौ आधुनिक ट्रेड—मोबाइल रिपेयर, ऑटोमोबाइल रिपेयर, इलेक्ट्रॉनिक सामान की मरम्मत, विद्युत सामान की मरम्मत, प्लम्बर, कम्प्यूटर रिपेयर, सोलर इंस्टॉलेशन, डिजिटल फोटोग्राफी तथा सौंदर्य एवं वेलनेस शामिल हैं। इस प्रकार अब कुल 25 ट्रेडों के कारीगर योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। योजना के तहत प्रशिक्षित लाभार्थियों को स्वरोजगार अथवा नई इकाई की स्थापना/विस्तारीकरण के लिए बिना ब्याज एवं बिना गारंटी के अधिकतम 10 लाख रुपए तक की ऋण सुविधा तथा 15 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी प्रदान की जाएगी। ऋण के लिए सामान्य श्रेणी के पुरुष लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत, जबकि अन्य सभी जाति वर्गों के पुरुषों, महिलाओं, थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन एवं भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के लाभार्थियों को मात्र 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान जमा करना होगा। आवेदक किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी वित्तीय संस्था का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए तथा पूर्व में केंद्र अथवा राज्य सरकार की किसी अन्य अनुदान योजना का लाभ नहीं लिया होना चाहिए। साथ ही आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट/मानदेय का लाभ नहीं लिया हो। योजना का लाभ लेने के इच्छुक पुरुष एवं महिला आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए विभागीय वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता है।

## पशु को बचाते समय ट्रक पलटा, चालक की मौत

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के मुरादाबाद आगरा हाईवे पर टी-पॉइंट से आगे शिवा ढाबा के पास मंगलवार की रात 11 बजे टायरों से भरा 10 टायरा पलट गया जिसमें चालक की मौत हो गई। मामला थाना बनियाठेर क्षेत्र के टी-पॉइंट शिवा ढाबा के बीच का है मंगलवार रात 11 बजे पर ट्रक चालक शाहीद अहमद 64 वर्ष पुत्र मजीद निवासी सरवट सिविल लाइन मुजफ्फरनगर ट्रक चला रहा था जैसे ही टी-पॉइंट से आगे पहुंचा वैसे ही कोई आवारा पशु आगे आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में टायर से भरा ट्रक खंदक में पलटा चालक उसमें फंस गया। राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थाना बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रैन को बुलाकर चालक को बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी भेजा जहां पर चिकित्सा ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मादक पदार्थ नष्ट, ऑपरेशन दहन सफल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने को जनपद सम्भल में चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन के अंतर्गत बुधवार को एक महत्वपूर्ण कार्यवाही संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के कुशल निर्देश पर जनपद के विभिन्न थानों द्वारा जब्त किए गए भारी मात्रा में मादक पदार्थों को विधिवत नष्ट किया गया।

जनपद के थाना संभल, हयातनगर, जीआरपी चन्दौसी से संबंधित कुल 11 अभियोगों में न्यायालय के आदेशानुसार निस्तारित किए गए 16.026 किलोग्राम, अनुमानित मूल्य 575200 रुपए अवैध मादक पदार्थों (डोडा, स्मैक, चरस, नशीली गोली आदि) का विनिष्टीकरण किया गया। विषाक्त पदार्थों के सुरक्षित निस्तारण को निर्धारित मानकों का पालन करते हुए यह कार्यवाही पुनः चक्रण प्राइवेट लिमिटेड में संपन्न हुई। पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखते हुए उच्च क्षमता वाले इंसीनरेटर के माध्यम से इन पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया। संपूर्ण विनिष्टीकरण प्रक्रिया अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी लाईन स्तुति सिंह की उपस्थिति एवं गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में यह कार्यवाही पारदर्शी तरीके से फोटो एवं विडियोग्राफी कराकर पूर्ण कराई गई। प्रभारी नार्कोटिक निरीक्षक कश्मीर सिंह यादव, कांस्टेबल मृगनेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल रवि सहरावत तथा सम्बन्धित थानों के हेडमोहर्रिर की उपस्थिति रहे। ऑपरेशन दहन के माध्यम से सम्भल पुलिस यह स्पष्ट संदेश दे रही है कि जनपद में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भविष्य में भी इस प्रकार की निस्तारण कार्यवाहियां जारी रहेंगी।



मादक पदार्थों को विशिष्टीकरण के दौरान मौजूद पुलिस बल। -जागरण मोर्चा

▶ एसपी के निर्देश पर की गई कार्रवाई

## जलभराव और कीचड़ पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**चंदौसी।** गंदगी, जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान ग्राम पंचायत बनियाखेड़ा के ग्रामीणों ने मंगलवार शाम कीचड़ में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि नई सड़क की ऊंचाई अधिक होने से पानी बस्ती के तालाब तक नहीं जा पा रहा है, जिससे रास्ते बंद हैं और घरों में पानी घुस रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सुध नहीं ली। प्रदर्शन में हरिराम, हेमराज और अशोक सहित कई लोग शामिल रहे। वहीं, ग्राम पंचायत सचिव ओमवीर सिंह ने बताया कि सफाई कर्मी के छुट्टी पर होने से यह स्थिति बनी है। उसके लौटते ही जल्द सफाई कराकर समाधान किया जाएगा।

# राष्ट्रपति से राखी बांधकर लौटे विद्यार्थी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रक्षाबंधन पर्व पर न्यू सत्यम एकेडमी स्कूल के छात्र-छात्राओं रुहांश, अक्षिता वार्ष्णेय, पावनी गुप्ता एवं माधव गुप्ता को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में भेंट करने तथा उन्हें राखी बांधने का गौरव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय की डायरेक्टर नमिता चौधरी एवं पीजीटी अध्यापक मुजम्मिल भी राष्ट्रपति भवन गए।

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात के अवसर के बाद बुधवार को न्यू सत्यम एकेडमी के उक्त छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की डायरेक्टर नमिता चौधरी, पीजीटी अध्यापक मुजम्मिल एवं सत्यम के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम अंकित खंडेलवाल सेभेंट की। इस अवसर पर डीएम ने छात्र-छात्राओं का फूल देकर स्वागत किया तथा राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से हुई उनकी मुलाकात के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के गौरवपूर्ण अवसर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने तथा अपने विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

डीएम ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय एवं डिप्टी कलेक्टर नीरज द्विवेदी भी उपस्थित रहे।



राष्ट्रपति से राखी बांधकर लौटे विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीएम।

## गीता सार



**अयतिः श्रद्धयोपेतो योगाच्चलितमानसः।**
**अप्राप्य योगसंसिद्धिं कां गतिं कृष्ण गच्छति॥**

**भावार्थ :** अर्जुन ने कहा – हे कृष्ण! प्रारंभ में श्रद्धा–पूर्वक योग में स्थिर रहने वाला किन्तु बाद में योग से विचलित मन वाला असफल–योगी परम–सिद्धि को न प्राप्त करके किस लक्ष्य को प्राप्त करता है?

# बुलडोजर बनाम पीडीए

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भले ही अभी समय हो लेकिन सोशल मीडिया के मैदान पर राजनीतिक बिसात पूरी तरह से बिछ चुकी है। जमीनी रैलियों और सभाओं से ज्यादा तेजी से जंग डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप पर लड़ी जा रही है। भारतीय जनता पार्टी का आईटी सेल और समाजवादी पार्टी का मीडिया वार रूम आमने-सामने है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का हर एक पोस्ट, वीडियो रील और मीम कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंचकर नया नैरेटिव गढ़ने का काम कर रहा है। सोशल मीडिया पर सबसे बड़ा टकराव राज्य की



कानून-व्यवस्था को लेकर है। बीजेपी के डिजिटल हैंडल लगातार 2017 से पहले के यूपी और आज के यूपी की तुलना करने वाले वीडियो और इंफोग्राफिक्स पोस्ट करते हैं। 'माफिया-मुक्त यूपी', 'सख्त कानून व्यवस्था' और अपराधियों के खिलाफ 'बुलडोजर एक्शन' को बीजेपी अपने सबसे बड़े हथियार के रूप में पेश कर रही है। योगी के भाषणों की छोटी-छोटी क्लिप्स में "अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे" जैसे बयान ट्रेंड कराए जाते हैं। जवाब में अखिलेश यादव और सपा के सोशल मीडिया हैंडल्स पुलिसिया कार्रवाई एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए तस्वीरें और आंकड़े साझा करते हैं। सपा का आरोप है कि बुलडोजर कार्रवाई और पुलिस एनकाउंटर निष्पक्ष न होकर एकतरफा और जातीय पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं। सपा 'फर्जी एनकाउंटर' और पुलिस कस्टडी में मौतों का मुद्दा उठाकर कानून-व्यवस्था के दावों की धज्जियां उड़ाने की कोशिश करती है। वैचारिक लड़ाई में दोनों पक्ष अपने-अपने कोर वोटर और नए वर्ग को साधने हैशटैग्स की लड़ाई लड़ रहे हैं। बीजेपी सोशल मीडिया पर अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और महाकुंभ के भव्य आयोजनों की हाई-क्वालिटी रील्स और ड्रोन शॉट्स पोस्ट करती है। इसके जरिए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और 'डबल इंजन सरकार' का संदेश दिया जाता है। साथ ही गैर-यादव ओबीसी और दलितों को पार्टी से जोड़े रखने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के वीडियो शेयर किए जाते हैं। अखिलेश यादव ने अपने पूरे सोशल मीडिया कैंपेन को पीडीए पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक के इर्द-गिर्द केंद्रित कर दिया है। सपा का आईटी सेल 'जातीय जनगणना' की मांग को कैंपेन चलाता है। सपा का नैरेटिव यह है कि मौजूदा सरकार में पिछड़ों और दलितों का हक छीना जा रहा है और आरक्षण को कमजोर किया जा रहा है। आर्थिक और विकास के मुद्दों पर भी सोशल मीडिया वॉर बेहद तीखा है। बीजेपी सपा के शासनकाल को 'गुंडाराज' और 'परिवारवाद' से जोड़कर ऑनलाइन कार्टून और शॉर्ट सीरीज चलाती है। 'सैफई सिंडिकेट' और भ्रष्टाचार के पुराने मामलों रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट को सोशल मीडिया पर वायरल कर संदेश दिया जाता है कि सपा का मतलब केवल एक परिवार का विकास है।

## बिश्केक में मोदी

# ट्रंप को साफ-साफ संदेश



**विजय कपूर**

> ईरान से चल रहे युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप इतने कुंठित हो गए हैं कि उन्होंने जंग का एक नया मैदान खोज निकाला है– आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दायरा, जिसमें वह की–बोर्ड की मदद से ईरान के तेल टर्मिनल नष्ट कर रहे हैं, त्वरित सैन्य विजय घोषित कर रहे हैं और असहज प्रश्नों को संपादित कर रहे हैं। 30 अगस्त 2026 की रात को उन्होंने एआई की मदद से बनाया गया वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ईरान के स्ट्रेटेजिक खर्ग द्वीप को नष्ट होते हुए दिखाया गया है और ट्रंप कह रहे हैं कि महत्वपूर्ण तेल हब को 'चकनाचूर कर दिया गया है'। वीडियो में विस्फोट व बर्बादी दिखाई गई, जिसके बारे में रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं, हालांकि लगभग एक माह की तनावपूर्ण शांति के बाद अमेरिका व ईरान ने एक दूसरे के ठिकानों पर निशाने साधे हैं और यूएई व जॉर्डन को भी निशाना बनाया गया है।



इमेज

पेंटागन ने खर्ग द्वीप पर किसी भी हमले की पुष्टि नहीं की है, लेकिन ट्रंप को यह घोषणा करने से कोई नहीं रोक सका कि ईरान असफल देश है और उसके 'समर्थन में केवल अमेरिकी फेक न्यूज हैं' जो अमेरिका की महान विजय को मानने से इंकार करती हैं। ट्रंप के मुताबिक 'ईरान तो मर चुका है'। दूसरी ओर रूस व यूक्रेन की जंग भी बंद होने का नाम नहीं ले रही है। इस पृष्ठभूमि में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति वाल्दिमीर पुतिन व ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से अलग-अलग द्विपक्षी मुलाकातें करते हुए अपने शांति के संदेश को पुनः दोहराया और कहा कि अब अनंत युद्ध से युद्ध के अंत करने का समय आ गया है। गौरतलब है कि मोदी अन्य विश्व नेताओं के साथ किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हैं, एससीओ के राज्य प्रमुखों के सम्मेलन के लिए। सम्मेलन के हाशिये पर मोदी ने पुतिन व पेजेशकियन से अलग-अलग द्विपक्षीय मुलाकातें कीं। पुतिन से उन्होंने कहा कि मानवता की खातिर अनंत युद्ध पर विराम लगाया जाए। इसके अतिरिक्त दोनों नेताओं ने ऊर्जा, रक्षा, इनोवेशन, स्पेस, खाद और पीपल-टू-पीपल संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तृत करने पर फोकस किया। जाहिर है, मोदी व पुतिन की वार्ता से ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों नेता नई दिल्ली व मास्को के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में हैं। इससे क्या नई दिल्ली व वाशिंगटन के संबंध प्रभावित होंगे? यह प्रश्न इस लिहाज से प्रासंगिक है कि अमेरिकी सीनेट ने 7 अगस्त 2026 को एक विधेयक 86-11 के प्रभावी अंतर से पारित किया, जिसका नाम बदलकर अब लिंडसे ओ ग्राहम सेंशनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 कर दिया गया है और जिसके तहत भारत व चीन आदि देशों पर अमेरिका 100 प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है; क्योंकि ये रूस के पेट्रोलियम उत्पाद के मुख्य खरीदार हैं। अमेरिका का तर्क है कि इस खरीदारी के चलते ही रूस यूक्रेन पर युद्ध जारी रखे हुए है। गौरतलब है कि इजराइल की विस्तारवादी नीति के कट्टर समर्थक लिंडसे ग्राहम का विचार था कि रूस को नियंत्रित करने और यूक्रेन युद्ध को बंद करवाने के लिए आवश्यक है कि जो देश रूस के पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं, उन पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया जाए। रिपब्लिकन सीनेटर ग्राहम की हाल में मृत्यु (11 जुलाई 2026) के बाद इस बाईपार्टीजन (दो पार्टियों द्वारा समर्थित) विधेयक को सीनेट में पारित कराने में अधिक बल दिया गया और सम्मान स्वरूप विधेयक में भी उनका नाम जोड़ दिया गया। विधेयक का एक रिपब्लिकन और 10 डेमोक्रेट्स सदस्यों ने विरोध किया। हालांकि यह विधेयक 31 अगस्त 2026 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में पेश कर दिया गया, लेकिन इस लेख के लिखे जाने तक इस सदन में उस पर मतदान होना शेष था। इस विधेयक के पारित होने से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को यह छूट मिल जाती है कि वह उन देशों के सामान पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगायें जो रुसी तेल व गैस आयात करते हैं। वर्तमान में रुसी तेल व गैस को आयात करने वाले टॉप पांच देश हैं- चीन, भारत, अजरबैजान, हंगरी और स्लोवाकिया। रूस पर पाबंदियों के अतिरिक्त इस विधेयक की अवधि का विस्तार 2031 तक रहेगा, जोकि ईरान पर पाबंदी कानून, 1996 की एक्सपायरी डेट है। ईरान एक्ट से उन कंपनियों पर जुर्माना लगाया जाता है, जो ईरान के ऊर्जा सेक्टर में निवेश करती हैं। यहां यह याद दिलाना भी आवश्यक है कि हाल ही में वाइट हाउस भारत पर यह आरोप लगाते हुए कि वह उन प्रथाओं का उल्लंघन कर रहा है, जिन्हें वाशिंगटन फेयर ट्रेड प्रैक्टिस (निष्पक्ष व्यापार) समझता है, 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उसने भारत सहित 40 देशों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीन की मदद करने का आरोप लगाया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका भारत के विरुद्ध टैरिफ में अतिरिक्त वृद्धि करने जा रहा है, जिसका नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच जो व्यापार समझौता संभावित है उस पर भी गहरा असर पड़ सकता है। नई दिल्ली व वाशिंगटन के संबंध इस लिहाज से भी प्रभावित हो सकते हैं कि बिश्केक में पेजेशकियन के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में मोदी ने नौपरिवहन व वाणिज्य में आजादी पर बल देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में नागरिकों व नागरिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। मोदी ने यह इच्छा व्यक्त करते हुए कि 'आने वाले समय में' भारत ईरान के साथ ट्रेड बास्केट में 'विस्तार व विविधता' चाहता है, कहा कि पश्चिम एशिया का टकराव बातचीत व डिप्लोमेसी से हल किया जाना चाहिए। बाद में मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, "राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात के दौरान भारत की ईरान के साथ विविध सेक्टर्स में लम्बी दोस्ती को मजबूत करने के हमारे कमिटमेंट को दोहराया। ...भारत स्थायी शांति के लिए सभी प्रयासों का समर्थन करेगा।" मोदी का यह कहना एकदम सही है कि 'युद्ध में गुजारा गया प्रत्येक दिन मानवता को पीछे धकेल देता है और शांति की ओर बढ़ाया गया हर कदम मानवता को नई उम्मीद व उत्साह से भर देता है'। लेकिन शांति के इन उपदेशों से किसी के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। वर्ष 2024 में अपनी मास्को और फिर कीव यात्राओं के दौरान भी मोदी ने कहा था कि 'जंग के मैदान पर कोई समाधान नहीं निकलता है'। यह बात भी सही थी कि हल के लिए आखिरकार वार्ता की मेज पर ही आना पड़ता है। लेकिन जंग तो अभी तक जारी है।

## श्रीरामचरितमानस



**ब्रह्मसभां हम सन दुखु माना।**
**तेहि तें अजहुं करहिं अपमाना॥**
**जौं बिनु बोलें जाहु भवानी।**
**रहइ न सीलु सनेहु न कानी॥**

**भावार्थ :** एक बार ब्रह्मा की सभा में हम से अप्रसन्न हो गए थे, उसी से वे अब भी हमारा अपमान करते हैं। हे भवानी! जो तुम बिना बुलाए जाओगी तो न शील–स्नेह ही रहेगा और न मान–मर्यादा ही रहेगी॥

## फन विद फिजिक्स

# बेकिंग सोडा से बनाएं ज्वालामुखी

**निकहत कुंवर**

बच्चो! आपने ज्वालामुखी को फटते हुए तो निश्चितरूप से नहीं देखा होगा, मैंने भी नहीं देखा है। लेकिन आपने व मैंने सुना अवश्य है और शायद फिल्मों या टीवी पर ज्वालामुखी को फटते हुए भी देखा हो। लेकिन आज मैं आपको एक ऐसे प्रयोग के बारे में बताती हूं जिससे आपको अंदाजा हो जाएगा कि जब ज्वालामुखी फटता है तो कैसा नजारा होता है। दरअसल, बेकिंग सोडा ज्वालामुखी विज्ञान का एक क्लासिक प्रयोग है, जिसमें बेस (बेकिंग सोडा) व एसिड (सिरका) को मिलाकर रासायनिक प्रतिक्रिया उत्पन्न की जाती है, जो ज्वालामुखी के बहते हुए लावा की तरह प्रतीत होती है। इस प्रयोग के लिए हमें निम्न चीजों की जरूरत पड़ेगी-
1 से 2 चम्मच बेकिंग सोडा। आधा कप सिरका। 1 चम्मच डिश सोप (अतिरिक्त झाग के लिए)। लाल फूड कलर की चंद बूंदें। 2 चम्मच गुनगुना पानी। एक छोटी प्लास्टिक की बोतल। मिट्टी, जिससे बोतल का बेस बनाना है, ताकि वह पहाड़ यानी ज्वालामुखी सा लगे।

- यह चीजें एकत्र करने के बाद करना यह है–
- सबसे पहले बोतल को एक ट्रे पर रख दें ताकि जो 'लावा' निकले वह सब जगह न फैले।
- अब मिट्टी का इस्तेमाल करते हुए बोतल के इर्दगिर्द ज्वालामुखी का आकार दें।
- फिर बेकिंग सोडा, डिश सोप और



पानी को बोतल में डालने के बाद उन्हें हल्का सा मिश्रण कर दें।

- एक अलग कप में सिरके व लाल फूड कलर को आपस में मिला लें।
- अब आपको सिरके के इस मिश्रण को बोतल में डालना है और ज्वालामुखी को फटते हुए देखना है।

यह क्यों और कैसे हुआ? बेकिंग सोडा बेस है यानी सोडियम बाइकार्बोनेट है। सिरका तेजाब है यानी एसेटिक एसिड है। जब यह दोनों चीजें आपस में मिलती हैं तो कार्बन डाइऑक्साइड गैस बनती है। गैस ऊपर को उठती है, बोतल से बाहर निकलने के लिए, लेकिन इसकी वजह से डिश सोप मोटा, बुलबुले वाला लावा बनता है और चूंकि इसमें लाल फूड कलर भी होता है इसलिए ऐसा लगता है कि ज्वालामुखी फटा हो और उसमें से लाल लावा निकल रहा हो।
दरअसल, इस प्रयोग में दो चरणों में रासायनिक क्रियाएं होती हैं-
एक, सिरके का एसेटिक एसिड बेकिंग सोडा के सोडियम बाइकार्बोनेट से मिलता है। इस मिश्रण से सोडियम एसीटेट (लिक्विड साल्ट) और कार्बोनिक एसिड बनता है।

## तिथि विशेष

# विश्व नारियल दिवस

हर वर्ष 2 सितंबर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस नारियल के आर्थिक, कृषि, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। नारियल को अक्सर 'जीवन का वृक्ष' कहा जाता है, क्योंकि इसका लगभग हर हिस्सा मानव जीवन के लिए उपयोगी है। भोजन से



लेकर औषधि, सौंदर्य प्रसाधन और उद्योग तक नारियल का व्यापक उपयोग होता है। विश्व नारियल दिवस मनाने की शुरुआत एशियन एंड पैसिफिक कोकोनट कम्युनिटी की स्थापना की वर्षगांठ के अवसर पर हुई। इसका उद्देश्य नारियल उत्पादक देशों के बीच सहयोग बढ़ाना, किसानों की आय में वृद्धि करना और नारियल उद्योग को प्रोत्साहित करना है। भारत भी दुनिया के प्रमुख नारियल उत्पादक देशों में शामिल है। देश के कई तटीय और दक्षिणी राज्यों में लाखों किसान नारियल की खेती से अपनी आजीविका चलाते हैं। नारियल का महत्व केवल कृषि और व्यापार तक सीमित नहीं है। नारियल पानी प्राकृतिक रूप से उपलब्ध पोषक पेय माना जाता है। इसमें विभिन्न खनिज और इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं। नारियल की गिरी का उपयोग भोजन, मिठाइयों और अनेक खाद्य पदार्थों में किया जाता है। इससे तेल, दूध और अन्य उत्पाद भी तैयार किए जाते हैं। नारियल तेल का इस्तेमाल खाना पकाने के साथ-साथ साबुन, कॉस्मेटिक्स और बालों से जुड़े उत्पादों में भी होता है। पर्यावरण की दृष्टि से भी नारियल के पेड़ महत्वपूर्ण हैं। ये तटीय क्षेत्रों में मिट्टी को स्थिर रखने और हरित आवरण बढ़ाने में योगदान देते हैं। नारियल के छिलके और रेशे से रस्सी, चटाई, ब्रश और कई प्रकार की उपयोगी वस्तुएं बनाई जाती हैं। नारियल आधारित उद्योग कृषि के साथ ग्रामीण रोजगार को भी बढ़ावा देता है।

## देश के 400 से ज्यादा बस विहीन शहर

# इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क की बड़ी संभावना

**संजय श्रीवास्तव**

> देश में सार्वजनिक परिवहन के लिए चाहिए 30 लाख बसें और हैं तीन लाख भी नहीं। बसों की यह कमी एक अवसर है कि हम इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क का विस्तार करके 2047 तक ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनने के अपने लक्ष्य को पूरा कर सकें। साल 2050 तक भारत की 160 करोड़ आबादी का लगभग 60 फीसद हिस्सा शहरों में रहेगा। हर चार में से एक से ज्यादा लोग रोजाना बसों का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने का एक अहम तरीका भारत के छोटे शहरों में बस नेटवर्क का विस्तार करना है जिसके लिए यह स्थिति बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकती है।

देश के 400 से ज्यादा शहरों में अभी नियमित बस सेवा ही नहीं है जबकि शहरी सार्वजनिक परिवहन की आवश्यकता तथा उपलब्धता के बीच 70 प्रतिशत से ज्यादा की गहरी खाईं है। आने वाले एक दो बरसों में प्रति एक लाख शहरी आबादी पर 44 नियमित बसें होनी चाहिए पर हैं महज केवल 13 से 14, उनमें से भी आधी से अधिक खटारा। करीब 15 लाख पंजीकृत बसों और राज्य परिवहन उपक्रमों की लगभग 3 लाख स्टेज-कैरिज बसों के बावजूद नियमित शहरी सेवा में 65 हजार से भी कम बसें ही चल रही हैं। उपलब्ध बसों का 55 प्रतिशत का संचालन मात्र पांच राज्यों- मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक तक सीमित है। इनका भी बड़ा हिस्सा अंतरशहरी परिवहन में लगा हुआ है। स्थानीय शहरी बे-बस हैं। बसों की कमी से लोग प्राइवेट गाड़ियों को तरजीह देने लगे हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट और 'सिटीज फोरम' की हालिया विस्तृत रिपोर्ट 'रीइन्वेंटिंग द अर्बन बस' द्वारा उजागर भारतीय शहरी गतिशीलता का यह कड़वा सच बहुत विसंगतिपूर्ण लग सकता है। यह विसंगति परिवहन के एक साधन की कमी भर नहीं बल्कि देश के नागरिकों के समान यात्रा अधिकारों, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा और समावेशी आर्थिक विकास से जुड़ी एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती लगती है। लेकिन यह विसंगति इस क्षेत्र में भविष्य के बेहतरी के लिए अवसरों से भरी है। सच कहें तो भारत के पास सार्वजनिक परिवहन के इस क्षेत्र में एक तरह से तकरीबन खाली कैनवास है। खटारा बसों से मुक्ति के बाद यह और खाली हो जाएगा। ऐसे में जहां कमियां सबसे ज्यादा हैं, वहां समावेशी विकास का मौका सबसे मजबूत है। 400 से अधिक शहरों में बस सेवा का न होने की चरम अव्यवस्था के प्रतीक को विज्ञान और परिवहन नियोजन के दृष्टिकोण से देखें तो इस खालीपन से एक बड़ा सकारात्मक अवसर झांक रहा है। व्यापक, सुगठित, संगठित बस नेटवर्क न बने होने का लाभ उठाकर जिन शहरों में कोई पुराना, जीवाश्म ईंधन यानी डीजल या पेट्रोल पर आधारित और जर्जर बस ढांचा पहले से हावी नहीं है, वहां सीधे आधुनिक, शून्य-उत्सर्जन वाली इलेक्ट्रिक बसों का नया बुनियादी ढांचा शून्य से खड़ा करने और शहरों को प्रदूषण मुक्त बनाने का यह बेहतरीन मौका है। पुरानी जीवाश्म प्रणालियों के विस्थापन में जो प्रशासनिक और वित्तीय जटिलताएं आती हैं, उनसे ये कम से कम 400 शहर तो सीधे ही बच सकते हैं। अच्छी बात है कि सरकार यह समझ चुकी है कि भारत के शहरों का भविष्य केवल फ्लाईओवर, एक्सप्रेसवे, मेट्रो और ऊंची इमारतों से तय नहीं होगा। असली कसौटी यह होगी कि एक सामान्य नागरिक अपने घर से काम, स्कूल, अस्पताल या बाजार तक कितनी आसानी, कम खर्च और भरोसे के साथ पहुंच सकता है। देश में 10 फीसद से कुछ ही ज्यादा लोगों के पास अपने वाहन हैं। बसों के न होने से ये सड़कों पर आते हैं और जाम तथा प्रदूषण बढ़ाते हैं। एक बस तकरीबन 40 से 50 कारें सड़क पर आने से रोकती है। बसों की संख्या बढ़ाने से निजी वाहनों का दबाव घटेगा। निजी वाहनों का बढ़ता बोझ सार्वजनिक परिवहन की विफलता का परिणाम है। वाहनहीन लोगों द्वारा ऑटो, टैक्सी या असुरक्षित अनौपचारिक साधनों पर निर्भर होना भी सड़क पर भीड़ बढ़ाता है। बसों की यह कमी ऐसे समय में है जब शहरी आबादी 2047 तक करीब 49 करोड़ से बढ़कर 76.3 करोड़ होने का अनुमान है। सरकार समझती है कि 2047 तक प्रति एक लाख सवारियों पर 88 बसों की जरूरत होगी और इसके लिए नियमित शहरी बसों की संख्या अगले दो दशकों में बढ़ाकर 7 लाख के करीब पहुंचानी होगी, जिसमें से 90 फीसदी बसों को बैटरी या बिजली चालित बनाना होगा। इसके लिए उसे प्रतिवर्ष बस खरीद जो अभी लगभग 2,500 है, बढ़ाकर औसतन 41,500 करनी होगी- लगभग 17 गुना वृद्धि बेशक महत्वाकांक्षी है पर सरकार प्रतिबद्ध हो तो यह असंभव भी नहीं।



## वायरल

# नौकरी जाने के बाद कॉर्पोरेट गर्ल ने लगाई सफलता की छलांग

एक दिलचस्प और प्रेरणादायक कहानी के अनुसार मार्च 2026 में मारिया को अमेजन की नौकरी से निकाल दिया गया। उन्होंने खूब इंटरव्यू दिए, पुराने सीनियर्स से मदद मांगी, दोस्तों को रिज्यूमे भेजे, हर जगह अप्लाई किया, पर हर तरफ से सिर्फ निराशा ही मिली।



जब कुछ भी काम नहीं आया तो उनके पति खानिश्का डेविड ने उन्हें खुद का कुछ शुरू करने की सलाह दी। पति की बात मानकर दोनों ने घर पर ही एक छोटा सा मुर्गीघर बनाया और 6 चूजे ले आए। किस्मत ने यहां भी साथ नहीं दिया, सारे चूजे बड़े होकर मुर्गे निकले। दोबारा शुरुआत की, इस बार मुर्गियां पालीं ताकि बच्चों को रोज ताजे अंडे मिल सकें। धीरे-धीरे अंडों की संख्या बढ़ने लगी। मारिया ने आस-पास अंडे बेचने शुरू किए और उनका ये छोटा सा शौक एक अच्छा-खासा बिजनेस बन गया। मारिया अपने कॉर्पोरेट वाले अनुभव का पूरा इस्तेमाल अपने फार्म में कर रही हैं। आज उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। जब मारिया ने अपनी ये कहानी लिंक्डइन पर शेयर की तो वो रातों-रात वायरल हो गई।




## X का एक्सरे

दिल्ली सरकार राजधानी में प्याज का संकट पैदा नहीं होने देगी। सरकार का उद्देश्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ–साथ उन्हें उचित और सस्ती दरों पर प्याज उपलब्ध कराना है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि प्याज जैसी आवश्यक खाद्य वस्तु आम लोगों की पहुंच से बाहर न हो।



**रेखा गुप्ता**

लोग उन्हें (राहुल गांधी को) गंभीरता से नहीं लेते लेकिन एक देश ऐसा है, जो उनकी सभी बातों से बहुत प्रभावित होता है; और उस देश का नाम है पाकिस्तान। वे उनकी ऐसी सभी बातों को उठाते हैं और उन्हें हाईलाइट करते हुए कहते हैं, विपक्ष के नेता भारतीय अर्थव्यवस्था की खराब हालत के बारे में बात कर रहे हैं।



**रविशंकर प्रसाद**

मैं उन 800 महिलाओं की कहानी देख रही थी, जो जौहर कर रही थीं। भगवान न करे कि मैं दुष्कर्म पीड़िता होती। यह चीज मुझे क्या बता रही है? अगर मैं अपनी इज्जत बचाने आत्महत्या नहीं करती तो मुझे कायर महसूस होता। क्या आप हमारे जैसे समाज में यही चाहते हैं, जहां पहले से दुष्कर्म की महामारी फैली हुई है?



**स्वरा भास्कर**

दिल्ली–एनसीआर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक बस ने नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, दिल्ली की रिंग रोड और सीमा क्षेत्र पार किया, लेकिन कहीं भी उसकी जांच नहीं हुई। निर्भया कांड के बाद भी स्लीपर बसों की जांच से जुड़े नियमों का पालन क्यों नहीं हो रहा है।



**राहुल गांधी**

## एक नजर

### उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट, दो दिन अति भारी वर्षा

**लखनऊ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश पर बने सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश तक फैली ट्रफ रेखा के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। पिछले 24 घंटों में पूर्वी यूपी के मिर्जापुर में 16 सेमी और पश्चिमी यूपी के बरेली में आठ सेमी भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दो सितंबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा दो और तीन सितंबर को पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। दो से पांच सितंबर तक पश्चिमी यूपी और छह-सात सितंबर को पूर्वी यूपी में बारिश जारी रहने की संभावना है।

### कानपुर आरटीओ में अनियमितता, दो एआरटीओ निलंबित

**कानपुर।** संभागीय परिवहन कार्यालय में अनियमितता और अवैध वसूली की शिकायतों के बाद शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर कानपुर नगर के दो एआरटीओ सोमलता यादव और आलोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं, आरटीओ (प्रशासन) राकेन्द्र सिंह से 15 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले में कार्यालय के दो लिपिक मधुर मिश्रा और विपिन कुमार समेत कुल 15 लोगों के खिलाफ काकादेव थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी कानपुर ने अपर पुलिस उपायुक्त और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम कानपुर नगर से संभागीय एवं सहायक परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण कराया था। निरीक्षण के दौरान सामने आई अनियमितताओं और शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई। शासन ने विभागीय व्यवस्था में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए सख्त रुख अपनाया है।

# हौसलों की उड़ान में बेटियों ने दिखाई प्रतिभा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की बेटियों को बेहतर शिक्षा, रोजगार के समान अवसर और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी विजन को साकार करने के उद्देश्य से मंगलवार को राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 'हौसलों की उड़ान-2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव में छात्राओं ने खेलकूद, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनकी प्रस्तुतियों और उपलब्धियों ने यह संदेश दिया कि यदि बेटियों को बेहतर संसाधन, मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराए



जाएं तो वे किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण रहे। उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद किया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। मंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियों में गजब का आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। सरकार उनके इसी हौसले को संबल देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां शिक्षा, खेल, संस्कृति और तकनीकी क्षेत्रों में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। सरकार का प्रयास है कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए समान अवसर और आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। महोत्सव ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ भविष्य के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी।

### आउटसोर्स कर्मियों के वेतन से नहीं होगी कटौती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश के करीब 3 .50 लाख आउटसोर्स कर्मचारियों के हित में नई व्यवस्था लागू करने का दावा किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीकास) का शुभारंभ किया। सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से आउटसोर्स कर्मचारियों को बिचौलियों की कटौती और निजी कंपनियों की मनमानी से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आउटसोर्स कंपनी कर्मचारी के वेतन से किसी प्रकार की कटौती नहीं कर सकेगी। कंपनी को मिलने वाला सर्विस चार्ज सरकार की ओर से अलग से दिया जाएगा। इससे कर्मचारियों को निर्धारित मानदेय का पूरा भुगतान सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। नई व्यवस्था में आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से मनमाने तरीके से हटाने पर भी रोक लगाने की बात कही गई है। किसी कर्मचारी को हटाने से पहले संबंधित कंपनी को सरकार को इसकी सूचना देनी होगी। इसके बाद मामले की जांच और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने पर ही कर्मचारी की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया जा सकेगा। सरकार ने आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय में भी लगभग दोगुना वृद्धि करने की घोषणा की है। यूपीकास के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति और सेवा शर्तों में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया जाएगा। सरकार का कहना है कि नई व्यवस्था से कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और उनकी सेवाओं में स्थायित्व तथा पारदर्शिता बढ़ेगी।

# उत्तरांचल पंजाबी महासभा की बैठक, अनेक पदाधिकारी नामित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा की बैठक में पंजाबी की संस्कृति संरक्षण समाजिक बुराइयों को दूर करने समाज को संगठित रखने संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय दिए गए। आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज बांगा एवं संचालन मनोज वाधवा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश डाबर ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति, रीति रिवाजों की जानकारी होनी चाहिए। कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हरीश जलहोतरा एवं जिला अध्यक्ष पंकज बांगा ने कहा कि जिले के अध्यक्ष के रूप में उद्यम सिंह नगर के पंजाबी समाज को संगठित करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में दर्जा मंत्री रंजीत सिंह नामधारी, मझोला सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष जसविंदर बाजवा पप्पू, राजेश छाबड़ा, जितेंद्र, दर्पण कपूर, समरपाल सिंह, राजकुमार गुंबर, अशोक बत्रा, चर्चा बत्रा, बाबूराम अरोरा, अमन अरोरा, बीना अरोरा, सुनीता डाबर, मोनिका धींगरा, राकेश गुंबर, श्वेता डाबर, तनु मेंहदीरत्ता, हरभजन सिंह खिंडा, मनोज छाबड़ा, जितेंद्र सिंह, हरगोविंद सिद्दू, राजेश शैली, गुरनाम राणा, हनी गुंबर, ऐश्वर्य अरोरा, मनोज झाम त्रिलोक अरोरा मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री राजकुमार फुटेला ने नवनियुक्त कार्यकारणी के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल बत्रा, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश छाबड़ा, कुमाऊं सोशल मीडिया प्रभारी सुनील ग्रोवर, कुमाऊं संगठन मंत्री विजय अरोड़ा, कुमाऊं महिला अध्यक्ष सोनिया सुनेजा, जिला उपाध्यक्ष सुमित गुंबर, नगर अध्यक्ष जतिन ग्रोवर, महामंत्री हरीश बत्रा, कोषाध्यक्ष अतुल अरोरा, महिला पंजाबी सभा अध्यक्ष आरती डाबर, महामंत्री पूजा बत्रा, कोषाध्यक्ष दीप्ति ग्रोवर को जिम्मेदारी सौंपी।

# 26 साल के बाद भी नहीं बना शहीदों के सपनों का उत्तराखंड : उक्रांद नेता ऐरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** खटीमा गोली कांड की 32वीं बरसी पर उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी ने दल के कार्यकर्ताओं के साथ खटीमा शहीद स्थल में शहीद हुए राज्य निर्माण सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यहां आयोजित सभा में ऐरी ने कहा कि राज्य गठन के 26 साल बीतने के बाद भी शहीदों भावना के अनुरूप उत्तराखंड नहीं बन पाया है। बेरोजगार रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। मरीज अस्पतालों में चक्कर काट रहे हैं। अस्पताल मात्र रेफर केंद्र बनकर रह गये हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जल, जंगल



शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते वरिष्ठ उक्रांद नेता काशी सिंह ऐरी।

व जमीन में हमारा अधिकार नहीं है। अलग राज्य बनेगा तो राज्य के लोग खुशहाल होंगे, सभी युवा बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। अच्छी शिक्षा मिलेगी। अच्छे हॉस्पिटल मिलेंगे। पर ऐसा नहीं हो सका। प्रदेश की जनता आज स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। श्रद्धांजलि सभा में उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया, चंद्रशेखर कापड़ी, भुवन जोशी, विनोद कुमार घड़ियाल, कैप्टन धन बहादुर चंद, रोहित भट्ट, होशियार सिंह जेठी, प्रकाश उत्तराखंडी, खड़क सिंह बगड़वाल, दीपक ढोंडियाल, हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी, शिवलाल रस्तोगी, दीवान सिंह मेहता, योगेश बोरा, जोध सिंह मनोला, दिनेश कुंजवाल, कैलाश सिंह पांगती, शहाबुद्दीन अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लखनऊ में सड़क धंसी, दो लोग हुए गंभीर घायल

**लखनऊ।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के लखनऊ स्थित आवास के बाहर बुधवार को सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया। इससे बने कई फुट गहरे गड्ढे में मोटरसाइकिल सवार दो राहगीर गिरकर घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। सूचना पर पुलिस और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर दी। प्रारंभिक जांच में भूमिगत पाइपलाइन या जल निकासी व्यवस्था में रिसाव को सड़क धंसने की संभावित वजह माना जा रहा है। उधर, मंगलवार को कानपुर के हर्ष नगर में भी भारी बारिश के दौरान ढका नाला धंसने से बड़ा गड्ढा बन गया। यहां भी मरम्मत कार्य जारी है।

# हेलीपैड पर सीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को लोहियाहेड हेलीपैड में जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं के समाधान करने संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिए दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

सीएम धामी ने कहा कि छोटी छोटी समस्याओं के लिए किसी को भी बार-बार अधिकारियों एवं उनके कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसका ध्यान रखकर शीघ्र कार्रवाई करें। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता वापस जनप्रतिनिधियों को भी निर्देशित किया कि वह अपने स्तर पर



लोहियाहेड हेलीपैड पर समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

ग्रामीण जनता की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए पुलिस कार्रवाई करें। इसके बाद मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से देहरादून के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान जिपंअ अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा राज्य मंत्री गम्भीर सिंह धामी, रंदीप पोखरिया, सतीश भट्ट, नवीन कन्याल, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश धींगड़ा बॉबी, संतोष गौरव, अनिल कुमार, बंटी राणा, मनोज शाही, कश्यप मोटवानी, जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनता मौके पर उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▸ विकास की घोषणाओं के पूरा होते ही खटीमा विकसित शहर बनेगा : रामू जोशी अध्यक्ष नगर पालिका**

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू ने कहा कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का तहेदिल से आभार व्यक्त करते हैं कि उनके द्वारा नगर के लघु व्यापारियों की वर्षों से लंबित समस्या का समाधान किया है। सीएम धामी द्वारा वेंडर जोन के निर्माण की घोषणा की गई है। इससे उन लघु व्यापारियों को लाभ मिलेगा जिन पर वर्षों से अतिक्रमण हटाये जाने की तलवार लटकी थी।



नगर पालिका कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पालिका अध्यक्ष रामू जोशी ने कहा कि वेंडर जोन तथा खेल प्रेमियों के लिए खटीमा में चकरपुर के अलावा खेल स्टेडियम बनाए जाने से खेल प्रेमियों को अपनी प्रतिभा उकेरने में मदद मिलेगी। पालिका अध्यक्ष जोशी ने कहा है कि सीएम धामी की घोषणा के अनुसार ही नगर के पीलीभीत तथा सितारगंज रोड को फोर लाइन तथा उनके सौंदर्यीकरण के कार्य शीघ्र कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार 50 से 100 एमएम बारिश होने के बाद भी नगर में कहीं भी जल भराव व डूब की स्थिति नहीं बनी। इसके लिए उनके द्वारा अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में सिर्फ वास्तविक धरातल पर नालियों व नालों की सफाई कराई गई थी। उप जिला चिकित्सालय के जर्जर व जलमग्न मार्ग के सवाल पर जोशी ने कहा कि यह नाली की वजह से नहीं है बल्कि अस्पताल परिसर नगर तल से काफी नीचे है। बरसात में मार्ग तो क्या अस्पताल कैंपस भी जल मग्न स्थिति में रहता है। उन्होंने कहा है कि इस मार्ग के जीणोद्धार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही इस जर्जर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई विकास की घोषणाओं के वास्तविक धरातल पर उतरते ही खटीमा एक विकसित नगर की श्रेणी में आएगा।

### मोदी रबर जमीन मामले में सरकार से जवाब तलब

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने मोदी रबर लिमिटेड को पट्टे पर दी गई 117 एकड़ जमीन में से 59.11 एकड़ के कथित अवैध हस्तांतरण की जांच रिपोर्ट पर निर्णय नहीं लेने पर राज्य सरकार के रवैये पर नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव को दो सितंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर देरी का कारण बताने का निर्देश दिया। मामले में लोकेश कुमार खुराना ने जनहित याचिका दाखिल की है। जांच समिति ने बिना सरकारी अनुमति जमीन हस्तांतरण को अवैध बताया था। सरकार ने निर्णय के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा, जिस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई।

# राज्य आंदोलनकारियों की अपेक्षा चिंता जनक : कापड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उप नेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा के विधायक भुवन चंद्र कापड़ी और नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शहीद स्मारक पर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापडी ने कहा कि उत्तराखंड के शहीदों की शहादत के बाद ही हमें उत्तराखंड राज्य मिला है। उत्तराखंड राज्य के आंदोलनकारी एवं शहीदों की भावनाओं के अनुरूप उत्तराखंड राज्य के सफल संचालन का दायित्व प्रदेश की जनता का बनता है। राज्य का सर्वांगीण विकास ही शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उप नेता प्रतिपक्ष कापड़ी ने कहा कि सरकार द्वारा 10% क्षैतिज आरक्षण का मामला अभी तक लटका रखा है। 253 राज्य आंदोलनकारियों को पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी परिचय पत्र जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने यहां मौजूद जनप्रतिनिधियों



श्रद्धांजलि देते उपनेता प्रतिपक्ष व खटीमा के विधायक भुवन चंद्र कापड़ी एवं नानकमता के विधायक गोपाल सिंह राणा।

से अपील की कि यह मामला मुख्यमंत्री धामी के समक्ष रखा जाए कि करोड़ों की लागत से तैयार गौशाला का लोकार्पण नहीं होने से लावारिश पशु किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं वहीं लावारिश पशुओं से राष्ट्रीय राजमार्गों पर आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कई लोग अकाल मौत के मुंह में समां चुके हैं। उन्होंने कहा कि सम्मान निधि बतायी जाने वाली पेंशन उन पेंशन धारकों को भी मिलनी चाहिए जिनके द्वारा राज्य आंदोलन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका अदाकर उत्तराखंड राज्य आंदोलन की अलख जगाई थी। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। यहां आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि शहीदों की भावनाओं के अनुरूप उत्तराखंड राज्य का सपना तभी साकार हो सकता है जबकि प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी तथा महंगाई पर अंकुश लगाया जा सके। प्रदेश की जनता खुशहाल रहे। इस अवसर पर उमेश राठौर बॉबी, देवेंद्र कन्याल, राज किशोर सक्सेना, नासिर खान, अमन अरोरा, पंकज टम्टा, दीपक चंद, सुरेश बोरा, रामू जोशी आदि मौजूद रहे।

**नमन** | **बोले-शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बनाना ही होगी सच्ची श्रद्धांजलि**

# खटीमा गोलीकांड के शहीदों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान खटीमा गोलीकांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों की स्मृति में मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिरकत कर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद आंदोलनकारियों के परिजनों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

सीएम धामी ने कहा कि एक सितंबर के दिन खटीमा गोलीकांड में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदानियों भगवान सिंह सिरौला, प्रताप सिंह, रामपाल, सलीम अहमद, गोपीचंद, धर्मानंद





शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

भट्ट और परमजीत सिंह को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का प्रत्येक नागरिक इन वीर सपूतों का सदैव ऋणी रहेगा और कहा कि खटीमा की धरती उत्तराखंड राज्य आंदोलन की तपोभूमि रही है। यदि खटीमा को राज्य आंदोलन की जननी कहा जाए तो यह तर्कसंगत ही होगा। खटीमा, मसूरी, रामपुर तिराहा और मुजफ्फरनगर गोलीकांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों ने अपने रक्त से उत्तराखंड के इतिहास को लिखा है। यह राज्य आसानी से या उपहार के रूप में नहीं मिला है, इसके पीछे हजारों आंदोलनकारियों का संघर्ष, त्याग और बलिदान की गाथा है। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारियों के आदर्शों और उनके सपनों को साकार करने के लिए लगातार काम कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, शहीदों के परिवारों की पेंशन तीन हजार से बढ़ाकर 5,500 रुपये की गई है। घायल एवं जेल गए आंदोलनकारियों को सात हजार रुपये तथा सक्रिय आंदोलनकारियों को 5,500 रुपये पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य आंदोलन में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई है। उन्होंने नकल विरोधी सख्त कानून, 34 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने की जानकारी दी। प्रदेश की डेमोग्राफी को सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश में धर्मांतरण विरोधी और दंगा विरोधी कानून लागू किए गए हैं। साथ ही 13 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के विकास में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार किया है उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों के सपनों के अनुसार प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। इस अवसर पर जिपंअ अजय मौर्या, विधायक रुद्रपुर शिव अरोड़ा, अध्यक्ष नगर पालिका रमेश चंद्र जोशी रामू, डॉ अनिल कपूर डब्बू, वरिष्ठ भाजपा नेता दान सिंह रावत, गणेश ठकुराठी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा, किशन सिंह किन्ना, गंभीर सिंह धामी, हुकम सिंह कुंवर, रंजीत सिंह नामधारी, मोहनी पोखरिया, मोहन पाठक, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, नंदन सिंह खड़ायत, रमेश चंद्र जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बत्रा, भगवान जोशी, जीवन धामी, अमित पांडे आदि राज्य आंदोलनकारी, जनप्रतिनिधि एवं जनता सहित डीएम नितिन भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जय किशन, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, एसडीएम तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान सहित प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. पंत 'कुमुद' उत्तराखंड भाषा संस्थान के सदस्य बने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं भाषाविद डॉ. जगदीश पंत 'कुमुद' को उत्तराखंड शासन के भाषा विभाग द्वारा उत्तराखंड भाषा संस्थान का सदस्य नामित किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के साहित्यकारों, प्रबुद्धजनों और शुभचिंतकों में खुशी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चकरपुर में सेवारत डॉ. पंत लंबे समय से साहित्य सृजन एवं भाषाई संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। साहित्य की विभिन्न विधाओं में उनकी छह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इस वर्ष प्रकाशित उनका आत्मकथात्मक उपन्यास 'समय से संलाप' भी खासा चर्चित रहा है। डॉ. पंत लंबे समय से बुक्सा जनजाति की भाषा पर भी शोध कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। उनकी



साहित्यिक एवं भाषाई सेवाओं को देखते हुए इसी वर्ष उन्हें प्रदेश के राज्यपाल, भाषा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. पंत 'कुमुद' को उत्तराखंड भाषा संस्थान का सदस्य नामित किए जाने पर प्रोफेसर डा. सिद्धेश्वर सिंह, डॉ. रूप चंद्र शास्त्री, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, राज्य मंत्री रंजीत सिंह नामधारी, पूर्व विधायक डा प्रेम सिंह राणा, वरुण अग्रवाल, हिमांशु बिष्ट, सतीश भट्ट, रविंद्र पांडे 'पपीहा', समेत अनेक लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







# यूपीसीओएस के शुभारम्भ पर गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया सम्मान समारोह

## जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रदान किए गए डेमो चेक

जागरण मोर्चा कार्यालय



जिला अधिकारी ने बांटे प्रमाण पत्र। -जागरण मोर्चा

**उत्कृष्ट आउटसोर्स कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं सफाई कर्मचारियों को प्रदान की गई सुरक्षा किट**

**पीलीभीत।** आज गांधी प्रेक्षागृह में नगर पालिका परिषद की ओर से उत्तर प्रदेश आउट सोर्सिंग निगम के पोर्टल का शुभारंभ किया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेक और सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट प्रदान की गई। मुख्यमंत्री के भाषण का लाइव प्रसारण किया गया। आउट सोर्सिंग निगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत की प्रशासक डॉ दलजीत कौर और विषिश्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, बरखेडा के विधायक जयद्रथ उर्फ प्रवक्तानंद समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आउट सोर्सिंग निगम की सेवाओं जैसे आउटसोसिंग सेवा निगम के लोगो का अनावरण, वेबसाइट का शुभारंभ, पोर्टल का शुभारंभ, बढे हुए पारिश्रमिक की घोषणा के बारे में जानकारी दी गई। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषण का लाइव प्रसारण दिखाया गया। मुख्य अतिथि डॉ दलजीत कौर ने कहा कि राज्य सरकार जो कहती है। उस पर अमल करने का काम करती है। आज आउट सोर्सिंग निगम से कर्मियों की सेवा सुरक्षा होगी; उन्हें सम्मानजनक मानदेय मिल सकेगा। विधायक प्रवक्तानंद ने कहा कि आप लोगों को सरकार ने तोहफा दिया है। हर क्षेत्र में कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के लिए अच्छा काम किया है। अगर किसी कर्मचारी को कोई दिक्कत है तो जनपदीय समिति के समक्ष अपनी बात रख सकते है। कार्यक्रम में श्रम विभाग की हितलाभ योजना के 15 लाभार्थियों को धनराशि के डेमो चेक प्रदान किए गए। सफाई कर्मियों को सुरक्षा टूल किट प्रदान की गई। इस मौके पर नगर पंचायत नौगवां पकडिया की चेयरमैन संदीप कौर, नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, बरखेडा चेयरमैन श्याम बिहारी लाल भोजवाल, सीडीओ सतीश प्रसाद मिश्र, नगर मजिस्टेट प्यारेलाल मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुडी, जिला सेवायोजन कार्यालय के राजेश कुमार, यशवंत सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनुज कुमार, शशिबाला आदि उपस्थित रहे।

# करैया नवादा में आबकारी व पुलिस की संयुक्त दबिश पांच लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** जनपद में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे निरंतर अभियान के तहत एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। आबकारी विभाग और थाना जहानाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करैया नवादा गांव में दबिश देकर एक अवैध कच्ची शराब व्यापारी को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के कब्जे से पाच लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए। कच्ची शराब सील करते हुए अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा साठ के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया इस कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी एवं निरीक्षक मनीष कुमार सहित उनकी टीम थाना क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान, निजामाडांडी स्थित देशी शराब की दुकान के पास एक मुखबिर ने सूचना दी कि करैया नवादा निवासी एक व्यक्ति अपने घर से अवैध कच्ची शराब की बिक्री कर रहा है।

सूचना को पुख्ता मानकर, टीम तत्काल सक्रिय हुई और करीब 250 मीटर की दूरी पर स्थित संबंधित मकान पर दबिश दी। पुलिस के मुताबिक, मौके पर पहुँचते ही एक व्यक्ति प्लास्टिक के डिब्बों और पिपियों में अवैध कच्ची शराब बेचता पाया गया।

संयुक्त टीम ने तत्काल आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। तलाश करने पर टीम ने मौके से पाच लीटर कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम केसरी लाल पुत्र मेवाराम, निवासी करैया नवादा बताया। पुलिस ने बरामद शराब को तुरंत सील कर कब्जे में ले लिया।संयुक्त टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ धारा 60(1) उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की है।

आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया आबकारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# प्रवीण तिवारी बने स्वर्ण आर्मी के बरेली मंडल प्रभारी, समर्थकों में खुशी की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** सामाजिक न्याय, समाज के अधिकारों और स्वाभिमान की निरंतर लड़ाई लड़ने वाले मुखर सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण तिवारी को 'स्वर्ण आर्मी भारत' का बरेली मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी इस पदोन्नति और नई जिम्मेदारी की खबर मिलते ही समर्थकों, शुभ चिंतकों और स्थानीय स्वर्ण समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। एक कार्यक्रम के दौरान शुभचिंतकों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि प्रवीण तिवारी लंबे समय से बिना किसी निस्वार्थ भाव के स्वर्ण समाज के हित, सम्मान और न्याय से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। मंडल प्रभारी बनने से न केवल पीलीभीत बल्कि पूरे बरेली मंडल में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और सामाजिक आवाज को धरातल से लेकर शासन प्रशासन तक और अधिक प्रभावी ढंग से बुलंद किया जाएगा। नई जिम्मेदारी पर आभार व्यक्त करते हुए प्रवीण तिवारी ने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा से खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना, युवाओं को संगठित करना और समाज के अधिकारों व स्वाभिमान की रक्षा करना होगा। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक 1856 का लाला खूबचंद मंदिर का चल रहा भव्य जीर्णोद्धार

## दानदाताओं के निरंतर सहयोग से निखर रहा मंदिर का आंतरिक और बाह्य स्वरूप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** शहर के पुराना गंज स्थित 1856 में निर्मित ऐतिहासिक लाला खूबचंद मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य विगत कई महीनों से युद्ध स्तर पर जारी है। श्रद्धालुओं और दानदाताओं से मिल रहे निरंतर आर्थिक व भौतिक सहयोग से मंदिर की आंतरिक सुंदरता और भव्यता अब देखते ही बनती है। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्व पूर्ण इस मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर श्री हनुमान जी का भव्य मंदिर स्थापित है, जो जन-आस्था का प्रमुख केंद्र है।

वहीं, मंदिर के मुख्य प्रांगण में योगीराज भगवान श्री कृष्ण सपरिवार विराजमान हैं। मंदिर के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार के इस पुनीत कार्य को पूर्ण कराने का संकल्प मुख्य रूप से आमोद कुमार सिंह, सुधीर पाल सिंह और गोपाल जैसवार ने लिया है, जिनकी देखरेख में यह कार्य निरंतर प्रगति पथ पर है।

वही मंदिर के नवनिर्माण हेतु समाज के विभिन्न दानदाता बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहे हैं, जिसमें मुख्य योगदान राजेंद्र कुमार उर्फ राजू (उन वाले) द्वारा अपनी स्वर्गीय पत्नी सुदेश कुमारी एवं स्वर्गीय पुत्र हरीश कुमार की स्मृति में 2,51,000 रुपये का रहा, वहीं स्वर्गीय रनवीर सिंह की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी आशा देवी, पुत्र जितेंद्र सिंह एवं पौत्र शिवम पटेल ने 51,000 रुपये, होली चौराहा निवासी दीपक कुमार उर्फ दीपू ने अपनी स्वर्गीय माता किरन देवी (पत्नी अशोक कुमार) की स्मृति में 31,000 रुपये तथा खूबचंद गेट निवासी अनिल कुमार ने अपने स्वर्गीय पिता राधेश्याम की स्मृति में 21,000 रुपये की धनराशि अर्पित की, साथ ही स्वर्गीय जिला सूचना निदेशक कुलवंत सिंह की धर्मपत्नी व सेवानिवृत्त जिला सूचना अधिकारी अर्चना सिंह ने मंदिर के सभी देव विग्रहों के श्रृंगार रूपी वस्त्रों की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व उठाया है।

मंदिर कमेटी ने सभी दानदाताओं का हार्दिक स्वागत, अभिनंदन एवं साधुवाद व्यक्त किया है। कमेटी के पदाधिकारियों का कहना है कि नगरवासियों के इसी निस्वार्थ सहयोग से यह ऐतिहासिक धरोहर जल्द ही अपने पूर्ण दिव्य और भव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं को समर्पित होगी।

## संक्षेप समाचार

### वन जीव जंतुओं से बचाव के लिए बांटकर पेंपलेट जागरूकता अभियान चलाया गया



बांटे गए पेंपलेट। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** रेंज के मरौरी क्षेत्र अंतर्गत आज वन्य जीव प्रभावित क्षेत्र ग्राम मुख्तियार कॉलोनी,ग्राम बरी अलीगंज,ग्राम राजा कॉलोनी, ग्राम गजरौला कला सहराई, मैं वन्य जीवों से बचाव करने हेतु पंपलेट वितरण कर जागरूक किया गया! एवं ग्राम गजरौला कला सहेराई में पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से बाहर निकले भालू की चहल कदमी की निगरानी हेतु रेंज टीम लगाई गई,एवं ग्राम खाई खेड़ा विकास खंड मरौरी की गौशाला के आसपास ग्रामीणों द्वारा टाइगर देने देखे जाने की सूचना पर रेंज टीम द्वारा निरीक्षण किया गया जल भराव अधिक होने के कारण मौके पर पगमार्क ट्रेस नहीं किए जा सके समस्त निगरानी एवं जागरूकता कार्यक्रम में पीलीभीत रेंज से शेर सिंह उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मोहित कुमार वन दरोगा, अमित तिवारी वनरक्षक, किसन लाल टी. सी.,जगन्नाथ टाइगर ट्रैकर एवं धर्मेंद्र कुमार टाइगर ट्रैकर उपस्थित रहे।

### खेल विभाग की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न, निर्माणाधीन हॉकी स्टोटर्फ खेल मैदान के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



खेल विभाग की बैठक संपन्न। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज कलेक्ट्रेट कार्यालय मे जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में खेल विभाग की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गांधी स्टेडियम में निर्माणाधीन हॉकी के स्टोटर्फ खेल मैदान के निर्माण कार्य जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्टेडियम हॉकी मैदान निर्माण कार्य में प्रगति कम पाए जाने नाराजगी व्यक्त करते हुये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस और ठेकेदार ने स्टेडियम में जलभराव की समस्या से अवगत कराया। जलभराव निकासी के बाद निर्माण प्रगति लाये जाने हेतु कार्यदायी संस्था आश्वसन दिया। इस पर जिलाधिकारी ने खेल विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर मजिस्टेट प्यारे लाल मौर्य, महेश तिवारी सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की सदस्य का जिला महिला अस्पताल में औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करतीं महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय।

**पीलीभीत।** स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला महिला चिकित्सालय में राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने अचानक औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई तरह की खामियां उजागर हुईं, जिस पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल सुधार के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अश्वनी कुमार बिना एप्रन के ही आयोग सदस्य के सामने पहुंच गए। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए पुष्पा पाण्डेय ने कहा, "क्या तुम डॉक्टर हो? जब आप खुद ड्रेस कोड का पालन नहीं करेंगे, तो बाकी स्टाफ से क्या उम्मीद करेंगे?" उन्होंने सीएमएस समेत पूरे स्टाफ को ड्यूटी के दौरान अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद आयोग की सदस्य ने अस्पताल में संचालित प्राइवेट कैंटीन और मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने निजी कैंटीन को बंद कराकर उसकी जगह स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन शुरू कराने के निर्देश दिए, ताकि महिलाओं को रोजगार मिल सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें। निरीक्षण के दौरान पुष्पा पाण्डेय ने अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल में सुरक्षा कर्मी तैनात न मिलने पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग 27 के अंतर्गत "विकसित भारत क्विज" का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जनपद के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं से अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील**

**पीलीभीत।** आज युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग-2027 के अंतर्गत युवाओं में ज्ञान, जागरूकता, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "विकसित भारत क्विज" का आयोजन किया जा रहा है।क्विज का शुभारंभ एक सितम्बर से हो चुका है। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभागियों की आयु की गणना 17 अगस्त के आधार पर की जाएगी।जिला युवा कल्याण अधिकारी ने जनपद के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे माय भारत (माय भारत) पोर्टल पर जाकर विकसित भारत क्विज में अपना पंजीकरण कर प्रतियोगिता में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करें। क्विज में प्रतिभाग करने से पूर्व सभी प्रतिभागी प्रतियोगिता के नियम एवं दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा ईमानदारी, उत्साह और सकारात्मक भावना के साथ प्रतिभाग करें। क्विज में प्रतिभाग करने के प्रमुख लाभ- युवाओं में ज्ञान एवं जागरूकता का विकास, नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा, विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं मान्यता प्राप्त करने का अवसर, युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के संवाद एवं गतिविधियों से जुड़ने का अवसर। युवाओं के लिए विशेष संदेश- युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। "ज्ञान से बनेगा विकसित भारत" की भावना के साथ प्रत्येक युवा इस अभियान से जुड़कर अपने ज्ञान एवं विचारों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, जनपद पीलीभीत द्वारा जनपद के समस्त पात्र युवाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा संगठनों एवं युवा मंडलों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिकाधिक युवाओं को "विकसित भारत क्विज" से जोड़ें और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पंजीकरण हेतु माय भारत पोर्टल करा सकते है।

**वेद प्रचार उत्सव** | आर्य समाज मंदिर में वेद प्रचार सप्ताह : तीसरे दिन बही आध्यात्मिक ज्ञान गंगा

# ईश्वर, जीव और प्रकृति के 'त्रैतवाद' से ही संभव है जीवन का कल्याण : आचार्य वीरेंद्र शास्त्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



यज्ञ में आहुति देते आर्य समाज के अनुयाई। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आर्य समाज मन्दिर में चल रहे वेद प्रचार उत्सव के तीसरे दिन के प्रवचन में आचार्य वीरेन्द्र शास्त्री के ब्रह्मत्व में यज्ञ सम्पन्न हुआ। आज के यजमान डा० आर० पी० गंगवार, डा० आर०एन० शर्मा, सुधीर कुमार सिंह, विपिन कुमार पाण्डेय सपत्नीक रहे। नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने भी यज्ञ में अपनी आहुतियाँ प्रदान कीं। यज्ञ के पश्चात भजनोदेशक भानुप्रकाश आर्य ने अपने सुन्दर वाद्य संगीत के साथ मधुर कण्ठ से सुन्दर गीत सुनाते हुए कहा सांसों का क्या भरोसा रूक जांय चलते चलते । जीवन की यह ज्योति बुझ जाय जलते जलते। इसके उपरान्त आचार्य ने आज एक अत्यन्त गम्भीर और आध्यात्मिक विषय पर चर्चा की। वेद किसी कल्पना में नहीं जीता है। वह जो आँखों के सामने है उसी को सत्य कहता है। आप आँख बंद करके देखिए, तीन वस्तुएं सदा से हैं और सदा रहेंगी। एक वह जो सबको जानता है दूसरा वह जो थोड़ा-थोड़ा जानता है और तीसरा वह जो कुछ भी नहीं जानता। पहले का नाम ईश्वर है। दूसरे का नाम जीव है और तीसरे का नाम प्रकृति है। बस इसी तीन के मानने का नाम त्रैतवाद है। उन्होंने कहा हम सोचते हैं कि सब कुछ एक ब्रह्म है पर यदि सब कुछ एक ही है तो फिर यह सुख-दुख यह पाप-पुण्य यह ज्ञानी-अज्ञानी का भेद क्यों दिखाई देता है। एक ही सोने से बने गहनों में आकार का भेद तो हो सकता है पर सोने का भेद नहीं होता पर यहाँ तो एक मनुष्य सुखी है दूसरा दुखी। एक जानता है दूसरा नहीं जानता। तो यह भेद केवल आकार का नहीं स्वभाव का है। इसलिए वेद कहता है कि एक सत्ता से काम नहीं चलेगा। पहली सत्ता ईश्वर है। वह सबसे बड़ा है वह सब जगह है वह सब कुछ जानता है और वह कभी जन्म नहीं लेता। उसका काम है बनाना संभालना और जब आयु पूरी हो जाए तो समेट लेना जैसे एक कुम्हार मिट्टी से घड़ा बनाता है उसकी रक्षा करता है और टूटने पर उसे फिर मिट्टी में मिला देता है। कुम्हार घड़ा नहीं बन जाता घड़े से अलग रहता है वैसे ही ईश्वर जगत से अलग रहकर जगत को बनाता है। दूसरी सत्ता जीव है। जीव आप हैं. हम हैं। हम सब जीव हैं। जीव भी कभी जन्म नहीं लेता वह अनादि है पर वह छोटा है। ईश्वर सर्वज्ञ है तो जीव अल्पज्ञ है। जीव जानना चाहता है सुख चाहता है दुख से बचना चाहता है। वह कर्ता है. वह भोक्ता है। वह शरीर बदलता है पर स्वयं नहीं बदलता। जैसे मनुष्य कपड़े बदलता है पर मनुष्य वही रहता है वैसे ही जीव शरीर रूपी कपड़ा बदलता है। जीव अनंत हैं एक नहीं। यदि केवल ईश्वर और जीव दो ही होते तो यह पहाड़ नदी सूर्य चन्द्रमा क्या जीव से बने हैं यदि केवल जड़ प्रकृति से ही सब कुछ बन गया तो जड़ से चेतन कैसे पैदा हो गया क्या कभी मिट्टी से अपने आप घड़ा बन जाता है क्या कभी पत्थर से अपने आप आँख बन जाती है। इसलिए तीनों को मानना ही बुद्धिमत्ता है। त्रैतवाद कोई कठिन दर्शन नहीं है यह जीवन का सीधा अनुभव है। हमारे सामने कुम्हार है मिट्टी है और घड़ा बनाने की इच्छा रखने वाला कारीगर का हाथ है बस वैसे ही ईश्वर प्रकृति और जीव हैं। इसी को समझ लेना वेद को समझ लेना है और इसी को जी लेना मुक्ति को पा लेना है। इसी प्रकार की आध्यात्मिक रहस्यों को समझने के लिये आर्य समाज मन्दिर आपका आवाहन करता है।

# 26 लाख के चेक बाउंस में नेतराम को नौ माह की जेल, 30.50 लाख का जुर्माना भी बरकरार, सत्र अदालत ने खारिज की दोषी की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज चेक बाउंस में नेतराम की अपील खारिज, नौ माह की जेल और 30.50 लाख जुर्माने की सजा बरकरार खाता बंद होने के बावजूद 26.05 लाख का चेक देने का मामला, सत्र अदालत ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया चेक बाउंस के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (कक्ष संख्या-01) महेंद्र श्रीवास्तव ने नेतराम की फौजदारी अपील खारिज कर दी। अदालत ने निचली अदालत से सुनाई गई नौ माह के साधारण कारावास और 30.50 लाख रुपये अर्थदंड की सजा को बरकरार रखा। साथ ही दोषी को तत्काल न्यायिक अभिरक्षा में लेकर सजा भुगतने के लिए भेजने के आदेश दिए। मामला वर्ष 2021 का है। ग्राम खैरौसा निवासी नेतराम ने ग्राम पंडरी खमरिया निवासी लाला राम से जेसीबी और कंबाइन मशीन खरीदने के लिए 26 लाख पांच हजार रुपये उधार लिए थे। रकम वापस मांगने पर नेतराम ने पांच दिसंबर 22 को केनरा बैंक का 26 लाख पांच हजार रुपये का चेक दिया। लाला राम ने चेक भुगतान के लिए लगाया तो 16 दिसंबर को वह खाता बंद होने की टिप्पणी के साथ बाउंस हो गया। कानूनी नोटिस के बाद भी रकम का भुगतान नहीं होने पर लाला राम ने न्यायालय में परिवाद दाखिल किया। सिविल जज (जू. डि.)/जेएम कोर्ट नंबर-एक ने 16 जनवरी 26 को नेतराम को दोषी ठहराते हुए नौ माह की सजा और 30.50 लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया था। इसके खिलाफ नेतराम ने सत्र न्यायालय में अपील की। अपील में नेतराम ने चेकबुक खोने और हस्ताक्षर का दुरुपयोग कर फर्जी चेक तैयार किए जाने का तर्क दिया। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और विधिक नजीरों के आधार पर इस दलील को स्वीकार नहीं किया। न्यायालय ने माना कि निचली अदालत के फैसले में कोई विधिक त्रुटि नहीं है। खाता बंद होने की स्थिति में जारी चेक का अनादरण भी धारा 138 एनआई एक्ट के दायरे में आता है। अदालत ने अपील को बलहीन मानते हुए खारिज कर दिया और दोषी को सजा भुगतने के लिए न्यायिक अभिरक्षा में लेने तथा संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के लिए सजायाबी वारंट जारी करने का आदेश दिया।








## एक नजर

### धान खरीद से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग

**पूरनपुर।** धान खरीद का सीजन 1 अक्टूबर से शुरू होने को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन ने किसानों की समस्याओं और मंडियों की अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी पीलीभीत को स्पीड पोस्ट के माध्यम से पत्र भेजा है। पत्र में जनपद की अनाज मंडियों में बरसात से पहले नालियों की सफाई, खराब हैंडपंपों की मरम्मत, मंडी में साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई है। वहीं पूरनपुर मंडी में बंद पड़े पानी के आरओ, जर्जर किसान भवन की मरम्मत तथा धर्मकांटों के रेट सही कराने की मांग भी उठाई गई है। किसान यूनियन ने मंडी में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और संबंधित क्षेत्र की सहकारी समितियों को मंडी परिसर में धान खरीद केंद्र के रूप में संचालित कराने की मांग की है, ताकि किसानों को धान तौलने में परेशानी न हो। संगठन ने जिलाधिकारी से धान खरीद शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की है।

# शारदा में छोड़ा गया 2 लाख क्यूसेक पानी, प्रशासन अलर्ट

## एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते एसडीएम व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** शारदा नदी में करीब 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ की आशंका को देखते हुए तहसील प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। बुधवार को उप जिलाधिकारी ने राजस्व एवं प्रशासनिक टीम के साथ नदी किनारे स्थित संवेदनशील क्षेत्रों, बाढ़ चौकियों और बाढ़ शरणालयों का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने राणा प्रताप नगर, शास्त्री नगर, टिब्बा, हजारा, अयोध्या नगर बाढ़ चौकी, लाल बहादुर शास्त्री नगर स्थित बाढ़ शरणालय, मोरनिया और गांधीनगर बाढ़ चौकियों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर तैनात कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी और मुस्तैदी के साथ निभाने के निर्देश दिए। प्रशासन ने पशुओं की सुरक्षा को लेकर भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। किसी भी पशु के बीमार होने की सूचना तत्काल तहसील एवं जिला प्रशासन को देने को कहा गया है, ताकि समय पर उपचार कराया जा सके। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दवाओं की आवश्यकता होने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित किया गया है। हजारा, टिब्बा और शास्त्री नगर के प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के लिए पके हुए भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि बाढ़ की स्थिति में किसी व्यक्ति को भोजन की परेशानी न हो। इसी बीच लगातार हो रही बारिश और बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है। प्रशासन का यह कदम बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक महेश पाल, लेखपाल आशीष निषाद, श्याम मौर्य, प्रद्युम्न पांडे, रामेश्वर चौहान सहित अन्य प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**पीलीभीत।** बीसलपुर में गजरौला रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार दोपहर पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर उसकी शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान मोहल्ला संतनगर निवासी 35 वर्षीय बाबूराम गंगवार के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक, रक्षाबंधन के बाद पत्नी ने मायके से आने से इन्कार कर दिया था, जिससे बाबूराम तनाव में था। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मोहल्ला संत नगर निवासी निर्मला देवी ने बताया कि उनका सबसे छोटा पुत्र बाबूराम मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। बाबूराम की पत्नी छाया देवी रक्षाबंधन पर अपने दोनों बच्चों के साथ कोतवाली क्षेत्र के गांव हाफिजनगर स्थित मायके चली गई थी।

## संक्षेप समाचार

### तीन दिन बाद भी लापता महिला का नहीं लग सुराग, 31 अगस्त को खेत से अचानक गायब हुई थी महिला

**घुंघचाई/पूरनपुर।** खेत की रखवाली करने के दौरान गायब हुई महिला का तीसरे दिन भी कोई सुराग नही लग सका। बाढ राहत की टीम तलाश करती रही। लेकिन कोई सफलता नही मिली। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी अशोक कुमार अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ 31 अगस्त को एक किसान के खेत की रखवाली कर रहा था। पति दूसरे खेत पर फसल देखने के लिए चला गया था। जब वह करीब एक घंटे के बाद वापस आया तो उसकी पत्नी खेत से गायब मिली थी। उसकी चप्पलें और दुप्ट्टा नहर पटरी पर मिला था। जिस पर परिजनों ने नहर में डूबने की आशंका जताकर सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर बाढ राहत टीम को बुला कर नहर में तलाश कराया। लेकिन पता नही चल सका वुदवार को घटना के तीसरे दिन भी सुबह होते ही परिजन और ग्रामीण एक बार फिर उसकी तलाश में जुट गए। हरदोई ब्रांच नहर के अलावा परिवार ने आस पडोस के गांवों के अलावा दूर दराज क्षेत्रों के अलावा नाते रिस्तेदारी में भी तलाश किया। लेकिन महिला का कोई पता नही चल सका, महिला के अचानक गायब होने और ना मिलने पर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्या ने बताया कि महिला की लगातार तलाश जारी है। अन्य पहलुओं पर भी जांच के निर्देश पुलिस को दिए गए है।

### साइबर टिपलाइन की रिपोर्ट से मचा हड़कंप, दो मामलों में मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) के माध्यम से NCMEC की ओर से प्राप्त दो अलग-अलग साइबर टिपलाइन रिपोर्टों के आधार पर पूरनपुर थाना पुलिस ने गंभीर मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों रिपोर्टों में मैसेंजर के चैटरूम के जरिए चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किए जाने का आरोप लगाया गया है। पहली साइबर टिपलाइन रिपोर्ट संख्या 235946770 में संदिग्ध व्यक्ति का नाम Love Malwa दर्ज है। रिपोर्ट के मुताबिक 10 अप्रैल 2026 को मैसेंजर के एक चैटरूम के माध्यम से आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किए जाने की जानकारी सामने आई। वहीं दूसरी रिपोर्ट संख्या 235228299 में संदिग्ध व्यक्ति का नाम Nhae Khan दर्ज किया गया है। इसमें आरोप है कि 6 अप्रैल 2026 को मैसेंजर के एक चैटरूम के जरिए चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित वीडियो अपलोड किया गया। पुलिस को उपलब्ध कराई गई साइबर रिपोर्टों के आधार पर दोनों मामलों में संबंधित धाराओं, धारा 296 बीएनएस एवं 67B आईटी एक्ट, के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों और संबंधित सोशल मीडिया खातों की जांच में जुटी है। थानाध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के नशे में जेठ ने महिला को पीटा, पुलिस से शिकायत

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव सिकरहना निवासी महिला ने अपने जेठ पर शराब के नशे में गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। मारपीट में महिला घायल होकर बेहोश हो गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने परिजनों की मदद से उसे उपचार के लिए भेजा। हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल ले जाया गया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन सितंबर के अवकाश की मांग



नेता शिक्षक संघ।

**पीलीभीत।** आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने कार्यवाहक जिला विद्यालय निरीक्षक अनुपम शर्मा से विद्यालयों में जलभराव स्थिति, वर्षा की निरंतर चेतावनी तथा सड़कों पर जलने की स्थिति के कारण तीन सितंबर के अवकाश की मांग की है जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए गए ज्ञापन में विषम परिस्थितियों के चलते छात्रों और शिक्षकों को विद्यालय आवागमन में असुविधा के चलते के चलते तीन सितंबर का अवकाश जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को प्रस्तावित करने का आग्रह किया है, जिलाधिकारी से भी तीन सितंबर के अवकाश की मांग की है।

### भाजपा छोड़ सपा में लौटे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, बोले- 'भाजपा के झूठ को जनता के बीच उजागर करूंगा'



हेमराज वर्मा।

**पीलीभीत।** लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा की एक बार फिर सपा में घर वापसी हो गई है। भाजपा छोड़कर सपा में शामिल होने के बाद बुधवार शाम पीलीभीत स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद हेमराज वर्मा ने प्रेस वार्ता कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा को 'षड्यंत्रकारी पार्टी' बताते हुए कहा कि उन्हें भी षड्यंत्र के तहत भाजपा में शामिल कराया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में रहकर उन्होंने पार्टी के झूठ बोलने के तौर-तरीकों को करीब से देखा है और अब सपा में रहकर जनता के बीच भाजपा के कथित झूठ को उजागर करने का काम करेंगे। हेमराज वर्मा ने दावा किया कि आगामी चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा और समाजवादी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी तथा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। प्रेस वार्ता के दौरान उनके गले में पड़ा 'राधे-राधे' का पटका भी चर्चा में रहा। इस पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी धर्मों और वर्गों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और उसके कथित झूठ को जनता तक पहुंचाने के लिए वह उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों का दौरा करेंगे। गौरतलब है कि हेमराज वर्मा ने लोकसभा चुनाव से पहले सपा छोड़कर भाजपा का दामन थामा था और पीलीभीत लोकसभा सीट से टिकट की दावेदारी भी की थी। हालांकि भाजपा ने उन्हें टिकट न देकर जितिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया था। हेमराज वर्मा ने उस चुनाव में जितिन प्रसाद के समर्थन में पूरी ताकत से प्रचार किया था। चुनाव के बाद भाजपा में अपेक्षित राजनीतिक भूमिका न मिलने के चलते उन्होंने अब भगवा खेमे को छोड़कर दोबारा सपा की साइकिल की सवारी चुन ली है।

# पूरनपुर में बाघ और तेंदुए की दहशत से हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



रम्पुरा कोन में बाघ को देखने जुटी भीड़। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** बाघ और तेंदुए की मौजूदगी की दो अलग-अलग घटनाओं ने ग्रामीणों और लोगों में दहशत पैदा कर दी। एक ओर कोतवाली क्षेत्र के गांव रमपुरा कोन के समीप खेत में बाघ दिखाई देने की खबर से हड़कंप मच गया, वहीं दूसरी ओर द किसान सहकारी चीनी मिल में पांच दिनों से डेरा जमाए तेंदुआ लगातार लोगों के लिए परेशानी और खतरे का सबब बना हुआ है।

**खेत में बाघ दिखने की सूचना पर जुटी भीड़ :** बुधवार देर शाम रमपुरा कोन के समीप खेत में बाघ दिखाई देने की सूचना तेजी से आसपास के गांवों में फैल गई। ग्रामीणों के मुताबिक बाघ खेत में छिपा हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। बाघ को देखने के लिए जुटी भीड़ के कारण मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाघ की मौजूदगी की सूचना से आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों में भी भय व्याप्त हो गया। ग्रामीण दूर खड़े होकर खेत की ओर नजर बनाए रहे। लोगों ने वन विभाग से तत्काल मौके पर पहुंचकर बाघ की निगरानी करने और उसे सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने अथवा रेस्क्यू करने की मांग की है।

**चीनी मिल में पांच दिन से तेंदुए की दहशत :** उधर, द किसान सहकारी चीनी मिल में पिछले पांच दिनों से तेंदुए की मौजूदगी लोगों के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। वन विभाग की टीम तेंदुए को पिंजरा लगाकर पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी है। बुधवार को तेंदुआ दिन में करीब तीन बार दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिल के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास दो लोगों को तेंदुआ नजर आया। तेंदुए को देखकर दोनों घबराकर वहां से भाग निकले। इसके बाद तेंदुआ मेन गेट के पास स्थित टाइम ऑफिस से होते हुए कॉलोनी की ओर जाता दिखाई दिया। बताया गया कि बाद में तेंदुआ कॉलोनी की बाउंड्री वॉल पर काफी देर तक बैठा रहा। इसी दौरान तेंदुए की मौजूदगी से अनजान एक व्यक्ति के पास वह पहुंच गया। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने गार्ड को सतर्क किया, जिसके बाद गार्ड ने भागकर अपनी जान बचाई। तेंदुए की लगातार मौजूदगी को देखते हुए चीनी मिल के जीएम ने मौके से वन विभाग के आला अधिकारियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी दी। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के प्रयास में जुटी हुई है, लेकिन पांच दिन बीतने के बाद भी तेंदुआ अभी तक पकड़ में नहीं आ सका है। एक ही दिन में बाघ और तेंदुए की मौजूदगी की घटनाओं से पूरनपुर क्षेत्र में वन्यजीवों को लेकर लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

# ढका में आबादी के बीच गिरी हाईटेंशन बिजली लाइन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला ढका ज0 में नूरी मस्जिद के पास बुधवार को 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन आबादी के बीच गिरने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति लाइन की चपेट में नहीं आया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। लोगों के अनुसार अधिकारियों की ओर से कथित तौर पर यह कहा जा रहा है कि हम क्या करें इस तरह की प्रतिक्रिया ने लोगों में नाराजगी बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि ऐसे अधिकारियों के प्रति जनसुरक्षा से जुड़े गंभीर मामलों में जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारियों का संवेदनशील और जवाबदेह होना बेहद जरूरी है।

यदि किसी अधिकारी की प्रतिक्रिया लापरवाहीपूर्ण या उदासीन प्रतीत होती है। तो यह जनता के भरोसे को कमजोर करती है। हालांकि, किसी अधिकारी की जिम्मेदारी तय करने के लिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच भी आवश्यक है। स्थानीय नबाब हसन, फाजिल खां, शहजाद, असीतुल्ला, निसार अहमद, गौस मोहम्मद, जमील हसन, आरिफ ने प्रशासन और विद्युत विभाग से तत्काल लाइन हटाने, क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुरक्षित करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बीसलपुर में उफान पर देवहा नदी डियूनी डैम से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने से दर्जनों गांवों में बढ़ा बाढ़ का खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



देवहा नदी के किनारे बढ़ते जलस्तर को देखते हुए उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे।

**बीसलपुर।** डियूनी डैम से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद बीसलपुर क्षेत्र से गुजरने वाली देवहा नदी पूरी तरह से उफान पर आ गई है। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण तटीय और निचले इलाकों में बसे ग्रामीणों में बाढ़ की आशंका को लेकर हड़कंप मच गया है। कई गांवों में नदी का पानी आबादी के बिल्कुल करीब तक पहुंच गया है, जिससे ग्रामीण अपने स्तर पर राहत और सुरक्षा तैयारियों में जुट गए हैं। देवहा नदी में आए उफान से मीरपुर वाहनपुर, राजूपुर, भौरुआ, मुसेली, किशनी, मोहम्मदपुर, रसूला, सिसैया जलालपुर, भैसटा, वैरा, वसारा, अमृता खास और दौलतपुर हीरा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों पर बाढ़ का संकट मंडराने लगा है। सबसे गंभीर स्थिति ग्राम मूसेली की बनी हुई है, जहां नदी का पानी आबादी के अत्यंत निकट पहुंच चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने बाढ़ से निपटने के लिए क्षेत्र में स्थापित सभी 9 बाढ़ चौकियों पर तैनात राजस्व कर्मियों को हाई अलर्ट पर रख दिया है। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने बताया कि तहसील प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और बाढ़ की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निचले इलाकों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# पेड़ से लटका मिला 36 वर्षीय युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी व लगी भीड़। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** रामलीला रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार को एक 36 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में यूकेलिप्टस के पेड़ पर लटका मिलने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बीसलपुर कोतवाल संजीव शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने रेलवे क्रॉसिंग के पास पेड़ पर शव लटका देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर फैलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निकट वन विभाग, बीसलपुर निवासी बाबूराम (36) पुत्र गेदनलाल के रूप में हुई है। घटना की खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिससे परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। मौत की असली वजह आत्महत्या या अन्य कोई कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की छानबीन कर रही है। वहीं इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**मांग** 23 अगस्त को बंडा हाईवे पर पूरनपुर की ओर से तेज गति से जा रही कार ने मारी थी टक्कर

# कार चालक पर कार्रवाही के लिए जनप्रतिनिधियों को सौंपा पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



पत्र सौंपते ग्रामीण व मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** कार की टक्कर से युवक की हुई मौत के मामले में कार और चालक का सुराग न लगने पर गांव के लोगों ने विधायक और जिला पंचायत प्रशासक के प्रतिनिधि को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पत्र में खुलासे को एसओजी लगवाने की मांग की गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटमपुर निवासी संजय वर्मा 23 अगस्त को कांवड़ ले जाने की तैयारी में जुटे थे। वह अपने घर से गांव के मंदिर जा रहे थे। बंडा हाईवे पर पूरनपुर की ओर से तेज गति से जा रही कार की टक्कर से घायल हो गए। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग गया। बरेली में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर संजय के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। लेकिन अभी तक चालक का कोई पता नही चल सका है। इससे परेशान परिवार के लोगों व ग्रामीणों ने विधायक वावूराम पासबान व जिला पंचायत प्रशासक के पति व भाजपा नेता गुरभाग सिंह को पत्र सौंप कर कार्रवाही की मांग की है। इस दौरान गांव के लक्ष्मन प्रसाद वर्मा, विनोद कुमार, रमेश कुमार, रामपाल आदि मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने लोगों को चालक पर कार्रवाही करने का आश्वासन दिया है।

### पंचायत सचिवालय के बाहर बाग में पहुंचा भालू, ग्रामीणों में दहशत

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व से सटे ग्राम पंचायत गजरौला कला सहराई में बुधवार सुबह भालू दिखाई देने से ग्रामीणों में खलबली मच गई। भालू पंचायत सचिवालय के बाहर स्थित बाग में पहुंच गया। ग्रामीणों की नजर भालू पर पड़ते ही इसकी सूचना गांव में तेजी से फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। लोगों ने वन विभाग को भी इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों के मुताबिक, भालू कुछ देर तक पंचायत सचिवालय के बाहर बाग में घूमता रहा। आबादी के नजदीक भालू के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों ने बच्चों और महिलाओं को अकेले खेतों व बागों की ओर न भेजने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि टाइगर रिजर्व से सटे होने के कारण अक्सर वन्यजीव आबादी के आसपास दिखाई देते हैं, लेकिन भालू के पहुंचने से खतरा और बढ़ गया है।

# अन्नदाता किसान यूनियन ने गैस आपूर्ति और मंडी व्यवस्थाओं को लेकर उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय




शेरपुरकला गैस एजेंसी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** अन्नदाता किसान यूनियन ने जिला प्रशासन को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर गैस उपभोक्ताओं और किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। यूनियन के प्रदेश सचिव बलजिंदर सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी को दिए ज्ञापन में शेरपुर रोड स्थित नफीस इंडेन गैस सर्विस और रूरिया सलेमपुर स्थित राज इंडेन गैस सर्विस के बंद होने से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। ज्ञापन में दोनों गैस एजेंसियों को बहाल कर समय पर गैस आपूर्ति और होम डिलीवरी शुरू कराने की मांग की गई। साथ ही गैस गोदाम पर ही वाउचर उपलब्ध कराने, कालाबाजारी रोकने, बुकिंग के अगले दिन गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने तथा केवाईसी गैस वितरण के समय कराने की मांग की गई। यूनियन ने एक्सपायरी तिथि वाले सिलेंडरों के वितरण पर रोक और उज्ज्वला योजना में दोबारा सिलेंडर भरवाने की अवधि 45 दिन से घटाकर 25 दिन करने की भी मांग की।वहीं जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में आगामी धान खरीद सीजन को देखते हुए पूरनपुर मंडी में नालियों की सफाई, खराब हैंडपंप और आरओ ठीक कराने, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने तथा जर्जर किसान भवन के पुनर्निर्माण की मांग की गई। धर्मकांटे की खराब व्यवस्था सुधारने और सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग उठाई गई।यूनियन ने विभिन्न समितियों के धान क्रय केंद्र मंडी परिसर में संचालित कराने की मांग करते हुए किसान हित में शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

# बीसीसीआई की समीक्षा बैठक: रोहित-कोहली और जडेजा के भविष्य पर चर्चा संभव, अजीत अगरकर को लेकर क्या होगा फैसला?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के हालिया प्रदर्शन और भविष्य की रणनीति को लेकर बीसीसीआई की बहुप्रतीक्षित समीक्षा बैठक आखिरकार गुरुवार को मुंबई में होगी। बोर्ड मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में बीसीसीआई के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मुख्य कोच गौतम गंभीर, मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के शामिल होंगे।

बीसीसीआई की इस बैठक में न्यूजीलैंड के सभी प्रारूपों वाले महत्वपूर्ण दौरे से पहले प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों के प्रबंधन और अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की व्यापक रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। बीसीसीआई



के एक सूत्र ने कहा, श्रीलंका टेस्ट से पहले चयन समिति के प्रमुख को अनौपचारिक रूप से बताया गया था कि जसप्रीत बुमराह अगर दो नहीं तो कम से कम एक टेस्ट खेलने के लिए फिट होंगे। बल्कि उन्होंने बुमराह की अनुपस्थिति को लेकर सीओई को अधिक स्पष्टता मांगते हुए ईमेल भी लिखा था। दूसरे टेस्ट में बुमराह की अनुपस्थिति महसूस हुई, जहां सपाट पिच पर मोहम्मद सिराज काफी खराब लय में नजर आए। यही स्थिति हार्दिक पांड्या की भी है जिन्होंने आईपीएल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है और अगले वनडे विश्व कप के लिहाज से उनका महत्वपूर्ण होना तय है।

**रोहित चर्चा के केंद्र में**

अगरकर और गंभीर के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि कुछ महत्वपूर्ण खिलाड़ी कब तक उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि बड़े दौरों और आईसीसी के महत्वपूर्ण टूनार्मेंट के लिए रणनीतिक योजना इसी पर निर्भर करती है। वहीं, बैठक में अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए तीन दिग्गज खिलाड़ियों रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के भविष्य पर भी चर्चा होगी। फिलहाल कोहली और जडेजा पर ज्यादा दबाव नहीं है, लेकिन रोहित को लेकर स्थिति अलग है और वह लगातार चर्चा के केंद्र में हैं।

ऐसी अटकलें लगाई जाती रही हैं कि चयन समिति के एक सदस्य ने रोहित को बताया था कि पैनल अब उनसे आगे बढ़ने का फैसला कर चुका है। हाल के इंग्लैंड दौरे में लॉर्ड्स वनडे के बाद रोहित से पूछा गया था कि क्या वह अपने करियर को विराम देने वाले हैं। पूर्व कप्तान और उनके करीबी लोगों ने इस मामले पर चुप्पी साधे रखी। हालांकि ऐसी चर्चा थी कि रोहित नाराज होने के बावजूद इसके लिए तैयार हो गए थे।

# सोने को लगी क्रूड की नजर

## लगातार छठे दिन औंधे मुंह गिरा भाव, चांदी में 5,000 की भारी गिरावट

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मची हलचल और महंगाई के बढ़ते खतरों के बीच भारतीय सरार्फा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को दिल्ली के सरार्फा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) में आई तेजी ने वैश्विक स्तर पर महंगाई और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की चिंता फिर बढ़ा दी है। इसी का नतीजा है कि सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने पर बिकवाली का भारी दबाव देखा जा रहा है, जिससे सोना टूटकर तीन हफ्ते के निचले स्तर पर आ गया है। राजधानी दिल्ली में बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,100 रुपये टूटकर 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। यह मंगलवार के बंद स्तर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में एक बड़ी गिरावट है। पिछले छह सत्रों में सोने में आई यह गिरावट वास्तव में चौंकाने वाली है। 25 अगस्त को सोने का भाव 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर था, जिसके बाद से छह दिनों में सोना 11,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। इससे पहले सोने का यह स्तर 14 अगस्त को देखा गया था, जब इसकी कीमत 1,56,200 रुपये थी।

सोने के साथ-साथ चांदी में भी भारी बिकवाली देखने को मिली है। लगातार दूसरे दिन गिरते हुए चांदी की कीमत 5,000 रुपये की भारी गिरावट के साथ 2,35,500 प्रति किलोग्राम पर आ गई। इससे पिछले सत्र में चांदी ?2,40,500 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

आखिर क्यों बढ़ रहा है कीमती धातुओं पर बिकवाली का दबाव?

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने बाजार के इस रुख के बारे में कहा, "बुधवार को भी कीमती धातुओं पर भारी बिकवाली का दबाव बना रहा, इसके चलते हाजिर (स्पॉट) सोना तीन सप्ताह से अधिक के सबसे निचले स्तर पर फिसल गया"।

इस गिरावट के पीछे एक और बड़ा कारण यह है कि वैश्विक स्तर पर सोने पर आधारित



एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) से निवेशकों ने अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया है। लगातार सात सत्रों तक गोल्ड ईटीएफ में निवेश आने के बाद, ब्याज दरों में बढ़ोतरी की चिंताओं के कारण इस बार भारी निकासी दर्ज की गई है।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति का सोने की कीमतों से सीधा संबंध है। चॉइस ब्रोकिंग के कमोडिटी एंड करेंसी एनालिस्ट आमिर मकड़ा के अनुसार, "पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण तेल की कीमतों में उछाल आया है, जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। इसी वजह से चांदी पर भी दबाव गहरा गया है"। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच नए सिरे से शुरू हुए सैन्य संघर्षों ने कच्चे तेल की कीमतों को ऊपर धकेल दिया है। इसके साथ ही, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के पूर्व गवर्नर केविन वॉर्श के सख्त बयानों ने आग में घी का काम किया है। केविन वॉर्श ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि बढ़ी हुई महंगाई जल्द काबू में नहीं आती है, तो फेडरल रिजर्व को सख्त कदम (ब्याज दरों में बढ़ोतरी) उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। चूंकि ब्याज दरें बढ़ने पर सोने की मांग कम हो जाती है, इसलिए निवेशक सोने से पैसा निकाल रहे हैं। मीरा एसेट शेयरखान के कमोडिटी हेड प्रवीण सिंह ने भी माना कि हाजिर सोना अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की चिंताओं से लगातार संघर्ष कर रहा है।

वैश्विक बाजारों में घरेलू बाजार के विपरीत एक मिश्रित रुझान देखने को मिला है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 25.24 डॉलर या 0.58 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 4,303.12 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की चमक फीकी रही और यह लगभग 1 प्रतिशत गिरकर 63.64 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।
आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर ने भविष्य के संकेतों पर प्रकाश डालते हुए कहा, "बाजार के निवेशक अब अमेरिकी लेबर मार्केट (रोजगार) के आगामी आंकड़ों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इन आंकड़ों से ही स्पष्ट होगा कि फेडरल रिजर्व आने वाले समय में ब्याज दरों को लेकर क्या रुख अपनाता है"।

# विपक्ष पर बरसे पीयूष गोयल: 2.6% जीडीपी बताने वालों को कहा- 'इन्हें सेब से सेब की तुलना करना भी नहीं आता'

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत की पहली तिमाही की 7.8 प्रतिशत जीडीपी विकास दर को लेकर जारी बहस अब तेज हो गई है। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्षी दलों और पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के दावों पर कड़ा पलटवार करते हुए उन्हें देश को गुमराह करने वाला बताया है। गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक उथल-पुथल के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था 'रेगिस्तान में नखलिस्तान' की तरह चमक रही है और यह दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे पुराने और नए आधार वर्ष के आंकड़ों की गलत तुलना कर रहे हैं।

वाणिज्य मंत्री ने उन आलोचकों और विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा जो लगातार 7.8 प्रतिशत की वास्तविक विकास दर पर सवाल उठा रहे थे और नौकरियों की उपलब्धता को लेकर सरकार को घेर रहे थे। गोयल ने तंज कसते हुए कहा कि नकारात्मक मानसिकता वाले ये लोग इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि देश में केवल यही बेरोजगार बचे हैं और उनके पास टीवी पैनलों पर बैठकर मनगढ़ंत तर्क गढ़ने के अलावा कोई काम नहीं रह गया है। रोजगार के मुद्दे पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कामगारों की मांग बहुत मजबूत है, खासकर टेक्सटाइल सेक्टर में। उन्होंने उद्योग की मांग का हवाला देते हुए चुनौती दी, "मुझे तिरुपुर में 1,00,000 लोग भेजें, हम उन्हें तुरंत नौकरी प्रदान करेंगे"। गोयल ने स्पष्ट किया कि राजनेता, मंत्री या सांसद इन आंकड़ों को खुद तैयार नहीं करते, बल्कि यह एक पारदर्शी और स्थापित व्यवस्था के तहत दर्ज होते हैं। उन्होंने विपक्ष को सचेत किया कि ऐसी नकारात्मक सोच के साथ वे स्वयं को ही छोटा साबित कर रहे हैं।



भारत की पहली तिमाही की आर्थिक विकास दर को लेकर इस समय देश के नीति-निमार्ताओं और अर्थशास्त्रियों के बीच एक बड़ी बहस छिड़ गई है। सरकार ने उस दावे को पूरी तरह से सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया था कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी विकास दर 7.8 प्रतिशत नहीं, बल्कि केवल 2.6 प्रतिशत के करीब थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने साफ किया है कि देश की 7.8 प्रतिशत की मजबूत आर्थिक वृद्धि पूरी तरह से वास्तविक उत्पादन आंकड़ों पर आधारित है और इसे कम करके आंकने के प्रयास सेब की तुलना संतरे से करने जैसा हैं।

इस पूरे विवाद की शुरूआत पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के उस बयान से हुई, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि यदि पिछले साल की पहली तिमाही की जीडीपी को करीब 86 लाख करोड़ रुपये से घटाकर 80 लाख करोड़ रुपये नहीं किया गया होता, तो मौजूदा कीमतों पर देश की जीडीपी विकास दर महज 2.6 प्रतिशत के आसपास होती। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले साल के आंकड़ों को जानबूझकर संकुचित किया गया है ताकि चालू वर्ष की विकास दर को कृत्रिम रूप से बढ़ाया जा सके।

सांख्यिकी सचिव सौरभ गर्ग ने इस दलील को पूरी तरह दोषपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने साफ-साफ कहा कि आलोचक दो ऐसी चीजों की तुलना कर रहे हैं जिनका आपस में कोई मेल नहीं है:

अलग-अलग आधार वर्ष: आलोचक जिस 86.05 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े का हवाला दे रहे हैं, वह पुराने '2011-12' के आधार वर्ष पर आधारित था। सरकार की ओर से फरवरी 2026 में नया 2022-23 आधार वर्ष पेश किए जाने के बाद इस पुराने आंकड़े का कोई महत्व नहीं रह गया है।






# भारत करेगा महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

## आईसीसी ने वेन्यू और तारीख का किया एलान, दो शहरों में होंगे मैच

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने पहले महिला चैंपियंस ट्रॉफी के वेन्यू और तारीख का एलान कर दिया है। आईसीसी ने बताया कि छह टीमों के बीच होने वाले इस टूनार्मेंट का आयोजन 14 से 28 फरवरी 2027 तक भारत में किया जाएगा। इस टूनार्मेंट के सभी मुकाबले मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया और वडोदरा के वडोदरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**श्रीलंका से छिनी मेजबानी**

आईसीसी ने बताया कि ये टूनार्मेंट पहले श्रीलंका में आयोजित होना था, लेकिन अब इसे भारत में शिफ्ट किया गया है। श्रीलंका क्रिकेट के प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप के कारण इसे श्रीलंका से बाहर स्थानांतरित किया गया है। आईसीसी ने टूनार्मेंट की मेजबानी के लिए तीन दावेदारों बांग्लादेश, भारत और दक्षिण अफ्रीका का उनके तय मेजबान मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर आकलन किया और फिर भारत को वैकल्पिक मेजबान के तौर पर चुनने की सिफारिश की। इस फैसले को एक सितंबर को आईसीसी बोर्ड ने मंजूरी दी।




**जय शाह ने नए अध्याय की शुरूआत बताया**

आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 महिला क्रिकेट के लिए एक रोमांचक नए अध्याय की शुरूआत है। टूनार्मेंट के पहले संस्करण के तौर पर यह दुनिया की बेहतरीन टीमों को एक कड़े और हाई-क्वालिटी मुकाबले में एक साथ लाएगा। साथ ही यह टीमों को रैंकिंग में ऊपर चढ़ने और वैश्विक स्तर पर जगह बनाने के लिए और भी ज्यादा प्रेरित करेगा। अब जब आईसीसी का कोई बड़ा महिला टूनार्मेंट हर साल हो रहा है, तो हमारे पास महिला क्रिकेट, इसकी खिलाड़ियों और दुनिया भर में इसके फैंस के लिए बेहतर गति बनाने, ज्यादा निरंतरता लाने और एक मजबूत लय तैयार करने का एक बड़ा मौका है।
















# 'टेस्ट क्रिकेट मेरे खून में बसा'

## साउथ जोन को फाइनल में पहुंचाने के बाद बोले तिलक वर्मा

**एजेंसी न्यूज**

**बंगलूरू।** साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा ने टीम को दलीप ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने के बाद कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनके खून में रचा बसा है। प्रत्येक युवा खिलाड़ी की तरह भारत की टी20 टीम के उपकप्तान तिलक वर्मा का सपना भी टेस्ट क्रिकेट में खेलना है। तिलक ने साउथ जोन की तरफ से नॉर्थ जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में 116 और नाबाद 51 रन बनाकर लाल गेंद प्रारूप में फिर से अपनी काबिलियत साबित की। उनके इस शानदार प्रदर्शन से दक्षिण क्षेत्र फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। तिलक ने अपनी टीम की जीत के बाद कहा, मुझे शुरू से ही लाल गेंद से क्रिकेट खेलना पसंद रहा है। मैंने कभी भारत के लिए सीमित ओवरों की क्रिकेट खेलने का सपना नहीं देखा था, लेकिन ईश्वर की यही इच्छा थी। मैंने भारत के लिए टी20 और वनडे में पदार्पण किया है, लेकिन लाल गेंद की क्रिकेट मेरा मजबूत पक्ष रहा है।



तिलक पिछले तीन वर्षों में 53 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच और पांच वनडे मैच खेल चुके हैं, लेकिन बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि इसके बावजूद वह लगातार लाल गेंद से अभ्यास करते रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने कड़ी मेहनत की है। शायद जब मैं 10 साल का था तब से मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और अब मैं 23 साल का हूं। मुझे आईपीएल की वजह से सफेद गेंद वाले प्रारूप में चुना गया। लेकिन उससे पहले मैंने लाल गेंद की क्रिकेट में काफी अनुभव हासिल कर लिया था। लंबी अवधि का प्रारूप मेरा मजबूत पक्ष रहा है और मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है।


जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।